

निशिकोरी इस सत्र के बाद टेनिस को कहेंगे अलविदा

10

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 930135969 पर कॉल करें।

मौसम
अधिकतम तापमान 37.0°C
न्यूनतम तापमान 24.3°C
सूर्योदय - 5.34 | सूर्यास्त - 6.40



गर्मी में बच्चों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ ...

2



बंगाल की माताओं-बहनों ने आतंक को ..

7



कलेक्टर रजनी सिंह ने बैठक में की विभागीय योजनाओं और

8

# मैं नहीं दूंगी इस्तीफा, हम हारे नहीं, हराया गया : ममता

## चुनाव आयोग विलेन, भाजपा से मिलकर 100 सीटें लूटीं, मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी

नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा- चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी।






### ममता ने आरोप लगाया

भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे।

### 10 सदस्यों की फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाएंगे

मुख्यमंत्री ममता ने कहा- हमने 10 सदस्यों की एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाने का फैसला किया है, जिसमें 5 सांसद और अन्य लोग शामिल होंगे। यह टीम चुनाव के दौरान सभी प्रभावित इलाकों का दौरा करेगी।

### चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे

- मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं।
- चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए।आईपीएस-आईएस अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं।
- मैंने राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, वाजपेयी सहित कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। अत्याचार की कोई सीमा नहीं रही। यहां लोगों को प्रताड़ित किया गया।
- पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। भाजपा वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया।
- हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, यह अभी नहीं बताएंगे। दूसरी बात, हमने फैसला किया है कि 5 सांसदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी।

### जो कल बंगाल में हुआ, वह काला अध्याय है

ममता ने कहा इतिहास खुद को दोहराएगा। जब भाजपा केंद्र में सत्ता में नहीं रहेगी, तो उनको भी वही हालात झेलने पड़ेंगे। इतिहास खुद को दोहराएगा। जो कल बंगाल में हुआ, वह काला अध्याय है। मेरा लक्ष्य बिल्कुल साफ है। अब मैं एक आम व्यक्ति की तरह इंडी गठबंधन को मजबूत करूंगी। अभी मेरे पास कोई पद नहीं है, इसलिए मैं एक सामान्य नागरिक हूं। मैंने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में दिया है। इन 15 सालों में मैंने एक पैसा भी पेंशन नहीं लिया और न ही कोई वेतन लिया। अब मैं एक आजाद चिड़िया हूं, इसलिए जो काम करना है, वह मैं अपने तरीके से करूंगी।

### भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर गेम खेला

ममता ने कहा चुनाव से दो दिन के पहले भाजपा ने बंगाल में लोगों की गिरफ्तारियां शुरू करवा दीं। भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर ये पूरा गेम खेल रही थी।पीएम मोदी और अमित शाह ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर 93 लाख लोगों के नाम एसआईआर से काट दिए। मैंने अपने जीवन में ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा। मैं 2004 में अकेली थी, लेकिन ऐसा कभी नहीं देखा। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे और अखिलेश यादव सभी ने मुझसे फोन पर बात की। मैंने उन्हें स्पष्ट किया कि मैं इंडी गठबंधन के साथ हूं।

### सब कुछ संविधान में लिखा है: सुवेंदु



ममता बनर्जी के इस्तीफा नहीं देने के बयान पर भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सब कुछ संविधान में लिखा है। सुवेंदु ने ममता को उनके गढ़ भवानीपुर सीट से हराया है। इससे पहले 2021 में भी उन्होंने सीएम ममता को नंदीग्राम से हराया था।

### ममता ने मारपीट पर एफआईआर क्यों नहीं कराई: निर्वाचन अधिकारी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मारपीट वाले बयान पर बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने कहा, मैंने जिला निर्वाचन अधिकारी से बात की। उन्होंने बताया कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई। अगर ऐसा हुआ होता, तो शिकायत या एफआईआर दर्ज होती, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

## 5 राज्यों में नई विधानसभा गठन की प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली ।** चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में नई विधानसभा के गठन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना इन राज्यों के राज्यपालों को भेजी गई है। कोलकाता स्थित राजारहाट न्यूटाउन विधानसभा सीट पर मतों की दोबारा गिनती जारी है, जिसके चलते रिजल्ट अभी घोषित नहीं किया गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि दोबारा गिनती पूरी होने के बाद ही अंतिम परिणाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद ही गजट तैयार कर राज्यपाल को भेजा जाएगा। फिलहाल इस सीट के नतीजों पर सबकी नजर टिकी हुई है।

## केरल में यूडीएफ की ऐतिहासिक जीत के बाद दिल्ली पहुँचे वेणुगोपाल

**नयी दिल्ली (वार्ता)** केरल विधानसभा चुनाव में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की बड़ी जीत के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मंगलवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे। दिल्ली एयरपोर्ट पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री वेणुगोपाल का ढोल-नगाड़ों के साथ ज़ोरदार स्वागत किया और जीत का जश्न मनाया। दिल्ली पहुंचने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, केरल की जनता ने कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ गठबंधन पर अपना भरोसा जताया है। उन्हें नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व पर विश्वास है। उन्होंने इस जीत को जनता के विश्वास और पार्टी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। गौरतलब है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन यूडीएफ ने 140 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है।

## रणनीतिक संबंधों को मजबूती देने के लिए वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम भारत पहुंचे

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वियतनाम के राष्ट्र1पति टो लैम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव श्री लैम का आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उनका अभिनंदन किया। उनकी तीन दिवसीय यह यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर पर हो रही है, क्योंकि दोनों देश अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उम्मीद है कि इससे द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिलेगी और रक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार होगा।

## भारत ने फुजैरा में ईरानी हमले की कड़ी निंदा की

### कहा, कूटनीति और बातचीत से हो मुद्दों का समाधान

**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा तेल क्षेत्र में ईरान के हमले की कड़ी निन्दा करते हुए कहा है कि पश्चिम एशिया में सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति से होना चाहिए। सोमवार को किए गए इस हमले में तीन भारतीय नागरिक भी घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि भारत सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी तरह के प्रयासों का समर्थन करता है। प्रवक्ता ने मंगलवार को अपने बयान में कहा, फुजैरा पर हुआ हमला, जिसमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए, पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हम इन शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों और नागरिक बुनियादी ढांचे तथा निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने की तुरंत समाप्ति की मांग करते हैं। भारत स्थिति से निपटने के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन करता रहा है, ताकि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बहाल हो सके। हम अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से मुक्त और निर्बाध नौवहन और व्यापार की भी अपील करते हैं। भारत सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा ऑयल इंडस्ट्रीज ज़ोन में सोमवार को ईरान के ड्रोन हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। इस हमले के कारण तेल डिपो में आग लग गई थी।



## भाजपा ने शाह को बंगाल और नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक बनाया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में श्री शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। श्री सिंह ने बताया कि श्री नड्डा ओडिशा में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि सोमवार को घोषित हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के अनुसार भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ बंगाल में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। वहीं असम में जीत की हैट्रिक लगाते हुए पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।



## सीपीआई (एम) की नीतियां और रवैया हार की वजहः एके एंटनी

**नयी दिल्ली ।** केरलम में सीनियर कांग्रेस नेता एके एंटनी ने कहा कि मैं सीपीआई एम (एम ) के पतन पर और चोट नहीं करना चाहता, लेकिन उसे अपनी गलत नीतियां और फैसले सुधारने होंगे। यह सोच कि उन्हें कोई सवाल नहीं करेगा, उनकी हार की बड़ी वजह बनी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नाम पर अभी कुछ नहीं कहूंगा, जो नाम सामने हैं वे सभी सक्षम नेता हैं। हाईकमान सभी की राय लेकर फैसला करेगा। यही लोकतंत्र की खूबसूरती है। मैं एलडीएफ के खत्म होने की कामना नहीं करता। अब सत्ता में आई छस्न को जनता की भावनाओं को समझकर काम करना चाहिए। असली मालिक जनता है। सीपीआई (एम) की गलतियां छस्न नहीं दोहराए। राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और चुनाव में किए गए वादे पूरे करने होंगे।



# 7 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे विजय

## स्टालिन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

चेन्नई, (वार्ता)

एक्टर-पॉलिटिशियन विजय 7 मई को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम अपने पहले ही चुनाव में 234 में 108 सीटें जीत गई है। हालांकि टीवीके बहुमत के आंकड़े 118 से 10 सीट पीछे है। ऐसे में सरकार बनाने के लिए उसे अन्य दलों का समर्थन लेना होगा। टीवीके कांग्रेस, पीएमके, वाम दलों और अन्य सहयोगी दलों के समर्थन से सरकार बना सकती है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव हारने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इस बीच, राजनीति में नवागंतुक और तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय ने आज राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से अगली सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश करने के लिए मुलाकात का समय मांगा है। श्री स्टालिन ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र भेज दिया है और इसे लोक भवन में सौंप दिया गया है। इसी बीच विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। रिपोर्टों के अनुसार, लोक भवन को भेजे गए एक ईमेल में विजय ने कहा कि उनकी पार्टी ने 108 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जनादेश प्राप्त कर लिया है और सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किए जाने की हकदार है। उन्होंने विधानसभा में अपना बहुमत साबित करने के लिए समय सीमा भी मांगी। हम 108 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी हैं और सरकार बनाने का अधिकार रखते हैं। हम अपना बहुमत साबित करने का अवसर चाहते हैं।

## तृणमूल कांग्रेस की हार पर जश्न नहीं, यह लोकतंत्र में वोट चोरी का मामला है : राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहां है कि कुछ लोग पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की हार पर जश्न मना कर गलत कर रहे है क्योंकि यह हार वोट चोरी का परिणाम है और लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक स्थिति है। श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के भीतर और बाहर कुछ लोग टीएमसी की हार पर खुशी जता रहे हैं लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि असम और पश्चिम बंगाल के जनादेश में चोरी हुई है और यह चोरी भारतीय जनता पार्टी के लोकतंत्र को कमजोर करने के मिशन की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह समय हल्की राजनीति करने का नहीं है और टीएमसी की इस हार को एक पार्टी बनाम दूसरी पार्टी के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए।

# इंडिगो फ्लाइट में पावर बैंक में लगी आग

## सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया

चंडीगढ़ (वार्ता)



चंड़ीगढ़ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को हैदराबाद से आयी इंडिगो की एक उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया जब एक यात्री के पावर बैंक में अचानक आग लग गयी। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 108 हैदराबाद से चंडीगढ़ आयी थी और लैंडिंग कर चुकी थी। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्लाइड के रास्ते सभी यात्रियों को तुरंत विमान से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि विमान को जरूरी जांच पूरी होने तक परिचालन से बाहर कर दिया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बताया कि यह एयरबस का ए-321 विमान था। जिस समय यह घटना हुई उस समय विमान लैंडिंग के बाद टैक्सी करते हुए टर्मिनल की तरफ जा रहा था। सीट नंबर 39सी पर बैठे यात्री द्वारा सीट पॉकेट के पाउच में रखे पावर बैंक आग लग गयी। विमान को बे में ही रोक दिया गया और केबिन क्रू ने दो फायर एक्सटिंग्विशर का इस्तेमाल कर आग बुझायी। इसके बाद उन्होंने यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए सभी छह स्लाइड खोल दिये। किसी यात्री के जख्मी होने की सूचना नहीं है। केबिन क्रू के समय पर आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया गया और विमान की जांच की जा रही है। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत पूरे विमान और सामान की गहन तलाशी ली गयी। फिलहाल मामले की जांच जारी है और विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है।

# लोक कल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए 38 हजार 555 करोड़ रूपये की स्वीकृति

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मंत्रि-परिषद की बैठक

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण के लिए विभिन्न विभागों की 38 हजार 555 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के व्यापारियों के कल्याण के लिए राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन का ऐतिहासिक निर्णय भी लिया है। यह निर्णय प्रदेश के बुनियादी ढांचे, कृषि आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से लिए गए हैं। बैठक के प्रमुख निर्णयों में 16वें वित्त आयोग की अवधि (2026-2031) के लिए सड़क निर्माण, ग्रामीण मार्गों के उन्नयन और शासकीय आवासों के रखरखाव के लिए सर्वाधिक 32 हजार 405 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन को मंजूरी दी गई, इसमें आगामी 5 वर्षों में 2,442.04 करोड़ रुपये व्यय कर दलहन उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत नवीन आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण और मिशन वात्सल्य के सुचारू संचालन के लिए 2,412 करोड़ रुपये तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए 1,295 करोड़ 52 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रि-परिषद ने राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन का भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जो व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और सरकार के साथ सीधे संवाद का सशक्त माध्यम बनेगा। यह पहल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने और समावेशी विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

# पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर शहर में जश्न का माहौल

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने न्यू गांधी चौक पर आतिशबाजी कर मिठाई व झालमुडी खिलाकर मनाया जीत का जश्न

शहडोल/स्वतंत्र मत

देशभर में भारतीय जनता पार्टी के प्रति बढ़ते जनसमर्थन और अटूट विश्वास का ही परिणाम है कि पश्चिम बंगाल एवं असम व पुडुचेरी में भाजपा ऐतिहासिक पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सोमवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताएं कि इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी, जिला शहडोल द्वारा नगर के हृदय स्थल न्यू गांधी चौक में ऐतिहासिक प्रचंड जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई एवं झालमुडी खिलाकर एवं आतिशबाजी कर गाजे बाजे के साथ तीन राज्यों में मिली ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया।



इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने कहा कि आज सच माइनों मैं यह सिर्फ भाजपा की विजय नहीं है बल्कि बंगाल के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष की विजय है मैं बंगाल की जनता को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने आज हमारे प्रेरणा स्त्रोत स्वं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है आज वास्तव में पश्चिम बंगाल में भाजपा की विजय से डबल इंजन के मोदी जी के इरादों को पंख लगेंगे साथ ही केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी अब बंगाल की जनता को भरपूर मिलेगा और पश्चिम बंगाल की जनता को अब ममता बनर्जी के चंगुल से निजात मिलेगी आज भारत की जनता बंगाल की जनता की आजादी का पर्व मना रही है बंगाल की जनता को धन्यवाद आज उन्होंने अपने साथ न्याय किया है अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए न्याय किया है बंगाल में अब लाल खून नहीं बहेगा बल्कि भगवा रंग की होली खेली जाएगी।

साथी इस ऐतिहासिक जीत पर उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन एवं गृहमंत्री श्री अमित शाह जी को धन्यवाद व्यापित किया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह, अमरकंटक विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेंद्र भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जगवनी,गिरधर प्रताप सिंह,योगेंद्र चतुर्वेदी राजेश्वर उदानियां, विजय गुप्ता, महेंद्र सराफ, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा डोली, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा,जिला महामंत्री अमित मिश्रा शक्ति लक्ष्यकार जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी,अमित बजाज, रवींद्र वर्मा,अंकुश शर्मा, पिंकू शुक्ला,अभिषेक चौकसे, गोपाल रत्नम, मंडल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा, प्रेम जैसवाल, चंद्रेश द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह मीनू, अनमोल सोनी,आशीष तिवारी, जगन्नाथ शर्मा,त्रिभुवन गोस्वामी,रमेश कोल, बाबू खान, विपिन तिवारी,रिंकू बर्मन, प्रदीप गुप्ता ,प्रवीण नामदेव, ऋतुराज गुप्ता, रक्कू कनौजिया,आलेख

श्रीवास्तव,निभा गुप्ता, रूपा चतुर्वेदी, रेखा त्रिपाठी ,रीता सोनी ,कल्याणी सविता अवस्थी, छाया गुप्ता रचना श्रीवास्तव सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल होकर इस ऐतिहासिक जीत जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम के दौरान आकर्षक आतिशबाज़ी, मिठाई वितरण एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में हर्षोल्लास के साथ विजय का जश्न मनाया जाएगा। कार्यकर्ताओं में इस विजय को लेकर जबरदस्त उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिल रही है, जो पार्टी की नीतियों एवं नेतृत्व के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है।

## गर्मी में बच्चों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ पिलाएं : सीएमएचओ



**शहडोल/स्वतंत्र मत।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए बच्चों की सुरक्षा हेतु आवश्यक सलाह जारी की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन कराना चाहिए तथा तेज धूप में खेलने से बचाना चाहिए। सीएमएचओ ने बताया कि बेहोशी की स्थिति में बच्चे को कुछ भी खाने-पीने के लिए न दें तथा गर्मी के मौसम में बच्चों के शरीर को अच्छी तरह ढककर रखें। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे को अत्यधिक गर्मी लगे तो उसे तुरंत छांव या कमरे के अंदर लाएं और नल के पानी से शरीर को पोंछें अथवा पानी का छिड़काव करें। उन्होंने सलाह दी कि बच्चे के कपड़ों को जितना संभव हो ढीला रखें। यदि बच्चा होश में हो तो उसे तुरंत ठंडा पानी पिलाएं तथा पैरों को थोड़ा ऊंचा करके लिटाएं। उल्टी होने की स्थिति में बच्चे को करवट के बल लिटाएं ताकि गले में कुछ फंसने की आशंका न रहे। साथ ही पंखे या ठंडी हवा का उपयोग करने की भी सलाह दी गई है।

## बहू से दुष्कर्म करने वाला आरोपी ससुर गिरफ्तार

जयसिंहनगर/स्वतंत्र मत

जिले के थाना जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत फरियादिया द्वारा 02 मई 2026 को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके ससुर द्वारा उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना जयसिंहनगर पुलिस द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपी जयपाल प्रजापति पिता नत्थू प्रजापति, उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 01 जयसिंहनगर के विरुद्ध अपराध धारा बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

थाना जयसिंहनगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष 04 मई 2026 को प्रस्तुत किया गया।

# सतगुरु कबीर साहेब पर अभद्र टिप्पणी से भड़का आक्रोश कबीर पंथियों ने सिटी कोतवाली में सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

सोशल मीडिया पर संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर जिले में कबीर पंथियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार को (एसकेडीव्ही) सतगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन सहित समस्त कबीर पंथियों ने सिटी कोतवाली पहुंचकर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

कबीर पंथियों ने एसआई भूपेंद्र पाठक को शिकायत पत्र देते हुए कहा कि उनके इष्ट सदगुरु कबीर साहेब के प्रति इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। मध्यप्रदेश एसकेडीवी मिशन की राज्य उप-प्रतिनिधि सुश्री वंदना मानिकपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 मई को उज्जैन जिले के ग्राम बामौरा निवासी प्रभु नारायण परमार द्वारा सोशल मीडिया पर सतगुरु कबीर साहेब के संबंध में अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। यह कृत्य न केवल संत कबीर साहेब का अपमान है, बल्कि इससे कबीर पंथ को मानने वाले लाखों अनुयायियों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी समाज में वैमनस्य फैलाने और धार्मिक भावनाओं को भड़काने का कार्य करती है, जिसे गंभीरता से लेते हुए आरोपी पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान वंदना मानिकपुरी, प्रशांत चंदेल, जागेश्वर टाडिया, एडवोकेट गम्भीर दास महंत, यशवंश सोनवानी, रेखा मानिकपुरी, संगीता सोनवानी, शांति पड़वार, मुनेश कुमार बेलिया, केश लाल ब्यौहार, मनीराम सहित एसकेडीवी मिशन के जिला प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कबीर पंथी उपस्थित रहे। कबीर पंथियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



# कमिश्नर ने दूर-दराज से पहुंचे लोगों की सुनी समस्याएं

शहडोल/स्वतंत्र मत

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान बाणगंगा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 17 शहडोल निवासी अरुण कुमार केवट ने बीपीएल कार्ड बनवाने, जिले की गोहपारू तहसील अंतर्गत ग्राम दुलादर निवासी राम प्रकाश शुक्ला ने विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित कराने एवं बिजली कनेक्शन दिलाए जाने संबंधी, अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम श्यामदुआरी निवासी मनमोहन सिंह ने फोरलेन हाईवे सड़क निर्माण में अधिकृत भूमि के मुआवजा राशि दिलाए जाने संबंधी आवेदन दिया। कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्र कार्रवाई एवं निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य आवेदकों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।



# तेज रफ्तार का कहर : गाड़ासरई में कार, पिकअप की भीषण टक्कर, 2 की मौके पर मौत, 2 गंभीर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुरङ्कअमरकंटक नेशनल हाईवे एक बार फिर खौफनाक सड़क हादसे का गवाह बना। रफ्तार के कहर ने ऐसा रूप लिया कि एक तेज रफ्तार कार और पिकअप वाहन की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रतना गांव के पास यह भीषण दुर्घटना हुई, जहां कार और पिकअप के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल का मंजर ही हादसे की भयावहता बयां कर रहा था-टूटी-फूटी गाड़ियां और बिखरे मलबे के बीच साफ नजर आ रहा था कि रफ्तार किस कदर बेकाबू थी।



स्थानीय लोगों का कहना है कि अमरकंटकङ्कजबलपुर हाईवे पर लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं अब चिंता का बड़ा कारण बनती जा रही हैं। आए दिन हो रहे हादसे प्रशासन और यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही गाड़ासरई थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही बताया जा रहा है।

# सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की कलेक्टर ने की सुनवाई

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना ने 05 मई को राजस्व विभाग की 500 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं शिकायतकर्ता को समक्ष में बुलाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और शिकायतों का निराकरण कराया। इस दौरान अपर कलेक्टर डीपी बर्मन एवं अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक भी उपस्थित थे।



खैरलांजी तहसील के ग्राम पिंडकेपार के जितेंद्र अटराहे द्वारा गांव की शासकीय भूमि पर कुछ लोगो द्वारा अतिक्रमण कर खेती करने की शिकायत की गई थी। यह शिकायत 500 से अधिक दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। इस पर संबंधित पटवारी आयुष सिंघल एवं राजस्व निरीक्षक से वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। जिसमें पाया गया कि पटवारी द्वारा शिकायत के निराकरण में गंभीरता से प्रयास नही किया गया है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने पटवारी आयुष सिंघल को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करे कि जिन लोगो द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही है, आने वाले दिनों में उस भूमि पर खेती नही होना चाहिए। यदि उस भूमि पर खेती करना पाया जाएगा तो पटवारी के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।


**सार्वजनिक सूचना**
**(PUBLIC NOTICE)**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अरुण शर्मा पिता स्व. श्री आर. डी शर्मा निवासी शहडोल, मध्य प्रदेश के निर्देश अनुसार यह सूचना प्रेषित कि जा रही है।

यह कि ग्राम बलपुरवा, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल (म. प्र. ) स्थित भूमि, खसरा नंबर 220, रकबा लगभग 0.0810 हे. (लगभग 8718.75 वर्गफुट), पूर्व में श्रीमती रूपा देवी पत्नी गंगाधर दास के नाम दर्ज थी। उक्त भूमि का नामांतरण (Mutation) प्रकरण क्रमांक 0294/A-6/2019-20, आदेश दिनांक 19.03.2020 के अनुसार किया गया था, जिसमें कुल 13 वारिसों के नाम विधिवत दर्ज किए गए थे एवं सभी का समान हिस्सा निर्धारित था।

किन्तु आश्चर्यजनक रूप से वर्ष 2026-27 में प्रकरण क्रमांक 0294/31-6/2019-20, आदेश दिनांक 24.02.2026 के अंतर्गत बिना किसी वैधानिक सूचना, सुनवाई एवं बिना सभी संबंधित पक्षकारों की सहमति के, अभिलेखों में संशोधन कर वारिसों की संख्या 13 से घटाकर 11 कर दी गई है, जो कि प्रथम दृष्टया अवैध एवं विधि विरुद्ध प्रतीत होता है। यह भी जानकारी में आया है कि उक्त संपत्ति में श्री अरुण शर्मा का वैधानिक हिस्सा विद्यमान है, इसके बावजूद बिना उनकी जानकारी एवं सहमति के संपत्ति को विक्रय (Sale) करने की तैयारी की जा रही है, जबकि आज दिनांक तक उक्त भूमि का विधिवत बटांकन (Partition ) नहीं किया गया है।

अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित एवं सचेत किया जाता है कि-

1. बिना विधिवत बटांकन के उक्त भूमि का क्रय-विक्रय करना पूर्णतः अवैध एवं शून्य (Void) होगा।
2. किसी भी प्रकार का विक्रय यदि सभी वैध हिस्सेदारों की लिखित सहमति के बिना किया जाता है, तो वह मान्य नहीं होगा।
3. ऐसे किसी भी लेन-देन में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति/संस्था स्वयं उत्तरदायी होंगे।
4. संबंधित पक्षकार अपने वैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु सक्षम न्यायालय / प्राधिकरण के समक्ष आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र हैं।

अतः आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय करने से पूर्व पूर्ण जांच-पड़ताल अवश्य करें।

दिनांक - 05.05.2026
स्थान - शहडोल, मध्य प्रदेश

दिनेश शर्मा (अधिवक्ता)

17, IDEAL GRANDE, NARMADA ROAD, JABALPUR, CELL : 7869767176, 9977231525


# साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं



**शहडोल/स्वतंत्र मत।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सोन सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम बेम्हौरी निवासी राकेश पाल ने राशन कार्ड बनवाने संबंधी, तहसील जैतपुर अंतर्गत ग्राम बहगढ निवासी सोनम प्रजापति ने आंगनबाड़ी केंद्र कोलान टोला बहगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती की जांच कराने, ग्राम पंचायत पाथर निवासी आशा सिंह ने वेतन दिलाए जाने तथा बुढार तहसील के ग्राम खमरौंध निवासी बिपाशा बाई ने विकलांग पेंशन योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है।

# चांड़ा में कलेक्टर की जनसुनवाई : मौके पर ही 22 शिकायतों का निराकरण, स्वास्थ्य कैंप से ग्रामीणों को राहत

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के दूरस्थ एवं छत्तीसगढ सीमा से सटे ग्राम पंचायत चांड़ा, विकासखंड बजाग में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने पहुंचकर पंचायत प्रांगण में जनसुनवाई आयोजित की। आयोजित जनसनुवाई में 22 आवेदन प्राप्त हुए। जिला मुख्यालय से दूरी एवं आवागमन में आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर स्वयं बैगाचक क्षेत्र पहुंचीं, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को राहत मिली। कलेक्टर को अपने बीच देखकर ग्रामीण महिला एवं पुरूषों में खुशी की लहर देखी गई और ग्रामीणों ने अपनी बात बढ़चढ़कर शेयर किए। जनसुनवाई के साथ-साथ स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया गया जहां पर ग्रामीणों ने 144 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। कैंप में एक्सरे मशीन के द्वारा एक्सरे, खून की जांच, सुगर, बी.पी., गठियावात, बुखार आदि बीमारियों का इलाज कर आवश्यकतानुसार दवा वितरित की गई। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत तांतर, सिलपिड़ी, चांड़ा, सोनतीरथ, ठाड़पथरा, पंडरीपानी सहित बैगाचक क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने-अपने आवेदन लेकर पहुंचे। इस दौरान विद्युत, पेंशन, पेयजल, आवास, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, जनमन आवास की अंतिम किस्त, वनग्रामों में पट्टा नामांतरण, बीएसएनएल टॉवर, पशु चिकित्सालय, स्व-सहायता समूह ऋण, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं स्पांसरशिप योजना से संबंधित आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। ग्राम सिलपिड़ी में पेयजल समस्या के समाधान हेतु कलेक्टर ने पीएचई विभाग को दो दिवस के भीतर नया हैंडपंप स्थापित करने के निर्देश दिए। वहीं दादर टोला की श्रीमती सावनी बाई द्वारा पानी की समस्या रखे जाने पर एक दिवस के भीतर हैंडपंप स्थापना एवं नल-जल योजना से शेष परिवारों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि श्रीमती सावनी बाई गोंडी चित्रकला के लिए जानी जाती हैं और भोपाल में भी अपनी कला से पहचान बना चुकी हैं।



जनसुनवाई के दौरान श्रीमती सुनिया बाई ने पति के निधन के बाद दो छोटे बच्चों के भरण-पोषण की समस्या रखी। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग को स्पांसरशिप योजना के तहत दोनों बच्चों को 4000-4000 रुपये प्रतिमाह स्वीकृत कर प्रदाय करने के निर्देश दिए। ग्राम में पशु चिकित्सालय में डॉक्टर की अनुपस्थिति की शिकायत पर कलेक्टर ने संबंधित स्टाफ को तलब कर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि चिकित्सालय नियमित रूप से सुबह 9 बजे संचालित किया जाए, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ग्रामीणों को अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया। जनसुनवाई में बजाग एसडीएम सुश्री भारती मेरावी, तहसीलदार भरत सिंह बट्टे, कार्यपालन यंत्री आरईएस ललित कुमार, उप संचालक कृषि संजय जोशी, सुश्री अभिलाषा चैरसिया, सुश्री नेहा धूरिया, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री अफजल इमाम उल्ला, बीएमओ डॉ. चन्द्रशेखर उईके, बीआरसी डॉ. ब्रजभान गौतम, श्री मनोज उपाध्याय, एनआरएलएम प्रबंधक अर्पणा पाण्डेय, सचिन अग्रवाल, बीईओ बलवीर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय दाई दिवस के अवसर पर जिनसार के विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान



## वन मिलियन मोर मिडवाइव्स थीम पर शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा 5 मई 2026 को अंतरराष्ट्रीय दाई दिवस के अवसर पर संस्थान के ऑडिटोरियम में एक जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम वन मिलियन मोर मिडवाइव्स रही, जिसका उद्देश्य मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य में दाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षित मिडवाइव्स की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम में बी.एससी. नर्सिंग के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. स्वरज नाइक (एमबीबीएस, एमडी प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, निदेशक नाइक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल) ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने तथा सशक्त स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण में मिडवाइव्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने साक्ष्य-आधारित प्रथाओं, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाली चुनौतियों एवं बहु-विषयक सहयोग के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

### विद्यार्थियों ने की सक्रिय सहभागिता

कार्यक्रम के दौरान मिडवाइव्स की वैश्विक कमी एवं मिडवाइफरी शिक्षा एवं प्रशिक्षण में निवेश की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विषय से संबंधित ज्ञान अर्जित किया तथा मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने के लिए प्रेरित हुए। यह कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जबकि डॉ. रीना मैथ्यू (एसोसिएट प्रोफेसर) एवं म्यूरियल क्रिस्टोफर (एम.एससी. नर्सिंग ट्यूटर), प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग विभाग द्वारा समन्वित किया गया। सफलता हेतु मुख्य वक्ता डॉ. स्वरज नाइक के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं अधिक से अधिक प्रशिक्षित मिडवाइव्स तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



# बाढ़ और जलप्लावन की स्थिति से निपटने उठाएं सभी जरूरी कदम

## कलेक्टर की अध्यक्षता में बाढ़ और आपदा प्रबंधन की बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने वर्षा काल के दौरान बाढ़ और जलप्लावन की स्थिति से निपटने तथा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के संचालन के लिए सभी जरूरी प्रबंध करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह बाढ़ की स्थिति से निपटने एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में मध्य प्रदेश औधोगिक विकास निगम के क्षेत्रीय संचालक अनिल कुमार राठौर एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत भी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में बाढ़ और जल प्लावन वाले क्षेत्रों में राहत शिविरों के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित करने की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने कहा कि राहत शिविर के लिए चिन्हित क्षेत्रों में खाद्यान्न और दवाओं का भण्डारण भी सुनिश्चित कर लिया जाए। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की साफ सफाई के कार्य भी समय रहते पूरे कर लिए जाने चाहिए।

### बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना करने निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सभी विभागों एवं एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने अधिकारियों को एक दूसरे से निरंतर संपर्क में रहने तथा सूचना तंत्र को मजबूत बनाने की सलाह भी दी। श्री सिंह ने कहा कि हमारी तैयारियां जितनी अच्छी होंगी आपदा में होने वाले नुकसान उतना ही कम किया जा सकेगा। बाढ़ और जल प्लावन की स्थिति में पशुओं के उपचार एवं दवाओं की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी बैठक में दिए गये।कलेक्टर ने राहत एवं बचाव कार्य के संचालन के लिए मोटर वोटए नाव एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता भी चिन्हित क्षेत्रों में सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने इन उपकरणों की जांच करने और आवश्यक होने पर समय रहते उनकी मरम्मत करा लेने का सुझाव भी अधिकारियों को दिया। कलेक्टर ने जिला एवं खण्ड स्तर पर बाढ नियंत्रण कक्षों की स्थापना के लिए निर्देश भी बैठक में दिए।

# जिला स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखवाया दमखम



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अमेच्योर पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ जबलपुर डिस्ट्रिक्ट द्वारा जिला स्तरीय बेंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन रविवार 03 मई को पी एस एम हॉल परिसर मे किया गया, जिसमे लगभग 100 महिला पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे अभिजीत सब जूनियर , प्रियांश जूनियर, अतुल सीनियर, नरेश मास्टर व डिम्पल ने महिला वर्ग मे स्ट्रांगमेन के ख़िताब जीते। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विवेक राम सोनकर पार्षद , अलोक श्रीवास्तव जनरल मैनेजर एमपीईबी, अजय उसकवार एमपीईबी, एनबी क्षत्रि एमपीईबी, दीपक पटेल अधिवक्ता, संरक्षक सुनील यादव, जिला अध्यक्ष संजय साहू, महासचिव मध्य प्रदेश प्रकाश यादव द्वारा पूजन अर्चन के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। निर्णायक की भूमिका मे जिला सचिव प्रदीप पटेल, गुरुचरण श्रीवास्तव, विजय रजक, रवि यादव, हर्ष गोस्वामी, लकी पटेल, आकृति विश्वकर्मा एवं लोडर की भूमिका मे पार्थ, आशीष, ध्रुव , नीलेश का सहयोग रहा ।

## 9 मई से कचहरी वाले बाबा का सालाना उर्स

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** हाईकोर्ट के सामने स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती , कचहरी वाले बाबा रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स इस वर्ष 9 मई से मनाया जाएगा। पांच दिवसीय उर्स के मद्देनज़र दरगाह परिसर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उर्स शरीफ का आगाज़ 9 मई की रात 9 बजे महफिल-ए-मीलाद शरीफ से होगा। इसके बाद दरगाह में लगातार धार्मिक कार्यक्रम, फातिहा, दुआ और इबादत का सिलसिला जारी रहेगा। 10 मई को शाही सन्दल जुलूस रहेगा। दरगाह पर होने वाली कव्वालियां पूरे मध्यप्रदेश में खास पहचान रखती हैं इस साल दिल्ली के मशहूर कव्वाल रफीक आफताब साबरी 11 मई को और नुसरत कादरी 12 मई को अपनी कव्वाली से महफिल को रौशन करेंगे।

# पत्नी से हुई छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति की बेरहमी से हत्या

## तिलवारा थाना क्षेत्र की वारदात, आरोपियों की तलाश में पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** तिलवारा थाना क्षेत्र के जोधपुर पड़ाव इलाके में छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक व्यक्ति की तीन अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। इस वारदात के बाद इलाके में भारी तनाव की स्थिति पैदा हो गई। वारदात की जानकारी लगते ही मौके पहुंची तिलवारा थाने की पुलिस आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जोधपुर पड़ाव निवासी 47 वर्षीय दस्सीलाल बसोड़ अपने परिवार के साथ झोपड़ी में सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे उनकी पत्नी लघुशंका के लिए बाहर निकली



इस दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन युवक वहां पहुंचे और महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। महिला के शोर मचाने पर दस्सीलाल अपने बेटे के साथ बाहर पहुंचे और आरोपियों का विरोध करने लगे इस दौरान विवाद बढ़ गया और एक युवक ने धारदार चाकू से दस्सीलाल पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन गंभीर हालत में दस्सीलाल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# मुख्य सड़क पर मिट्टी डालकर शुरु कर दी खेती

## ग्राम घुघरी का मामला, जमीन कब्जाने का आरोप

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

ग्राम घुघरी से मुस्कुरी तक बनने वाली पक्की सड़क को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि वर्षो से उपयोग में आ रही कच्ची मुख्य सड़क पर मिलीभगत कर कब्जा करा लिया गया और अब सड़क को दूसरी निजी जमीन से निकालने का दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सैकड़ों वर्षो से बनी कच्ची सड़क से आवागमन होता रहा है, लेकिन हाल ही में पटवारी प्राची असाटी और ठेकेदार की कथित मिलीभगत से खेत मालिक राजकुमार पटेल और सुरेंद्र पटेल द्वारा मुख्य मार्ग पर तार फेंसिंग कर रास्ता बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में पटवारी प्राची असाटी और ठेकेदार की भूमिका संदिग्ध है और निजी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क की दिशा बदलने की कोशिश की जा रही है। इससे गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि ग्राम घुघरी नवीन से मुस्कुरी , नेगई गांव का संपर्क टूट गया है। गांव की रोजमर्रा की जरुरतें गोसलपुर पर ही आश्रित हैं। जिस लिए घुघरी से होकर गोसलपुर पहुंचना पड़ता है लेकिन अब बीच मे पटवारी मेडम ने मार्ग ही गायब करा दिया है। ऐसे में, नगई, मुस्कुरी, मुस्कुरा गांव के जो बच्चे स्कूल या ग्रामीण अपनी जरूररतों के लिए गोसलपुर पर निर्भर हैं उनके लिए फिलहाल सड़क ही खत्म हो गई है।

जबकि किसानों को भी अपने वाहन निकालने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर पुरानी सड़क को बहाल करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जब काफी समय से यह घुघरी से मुस्कुरी गांव तक पहुंच मार्ग है तो मुख्य मार्ग को जोतकर उसमे खेती कैसे शुरू हो गयी। सभी संदिग्ध लोंगो की जांच होनी चाहिए।

**इन्होंने कहा**

जहाँ से रोड है उसके बगल वाले किसान को मुआवजा न देकर रोड को बदला गया । क्योंकि उसके बगल में खाली जगह पड़ी है एवं मुआवजे के बदले पुरानी रोड व वर्तमान रोड को किसान को देगें। जिसकी किसी भी अधिकारी से शिकायत कर सकते हैं कुछ नही होगा।

**प्राची असाटी,**
**पटवारी**

# जल संरक्षण के लिए परियट नदी का गहरीकरण करने की मांग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

महाकौशल क्षेत्र अंतर्गत मप्र सरकार जल संरक्षण, नदियों का जीर्णोद्धार, नदियों का विकास जैसी कई योजनाएं बनाई है पर एक ऐसी नदी जो आदिवासी बहुल क्षेत्र से निकलकर आधे शहर और गांव की प्यास बुझाने का कार्य करती है वह आज अपने मूल स्वरूप से काफी दूर चली गई केवल बरसात में बहने के कारण चार-पांच माह के जीवन काल की वह नदी बैरागी, कुंडम के जंगलों से उद्गम होकर रास्ते के आसपास आदिवासी और पिछड़ा तपके की कृषि भूमि को अपने जल से सीचने का कार्य करती है। शासन,प्रशासन और चुने हुए राजनेताओं की उदासीनता के कारण नर्मदा की सहायक परियट नदी समाप्त होने की कगार पर है नदी में पानी खत्म होने पर लोग उसे अवशिष्ट पदार्थों का डंपिंग यार्ड और भू माफिया नदी को नाले में तब्दील कर रहे हैं, परियट नदी में कुछ जगहों पर स्टॉप डेम बने है पर रख रखाव की कमी और ग्राम पंचायतो की लचर व्यवस्था के कारण नदी का जल व्यर्थ बह जा रहा है। इस कारण आदर्श क्रांति संगठन के सरमन रजक, विवेक अवस्थी, सुधीर शर्मा, नरेश चक्रवर्ती, नन्हे लाल धुर्वे आदि ने शासन से कुण्डम तहसील के ग्रामीण अंचलों से निकलने वाली नदी का गहरी करण करने और आस पास की जल संरक्षण में शासकीय रिकार्ड में दर्ज भूमि को भू माफियाओ से खाली करवाने की मांग करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।



## रीवा स्टेशन में स्थापित हुआ नैरों-गेज डीजल लोकोमोटिव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** भारतीय रेलवे ने समय के साथ नये अविष्कार किये भाप के इंजन से लेकर उच्च क्षमता वाले विधुत इंजिन के कारण भारतीय ट्रेनें लम्बी दूरी के गंतव्य स्थल को भी कम से कम समय में पहुँच रही है द्य नैरो गेज व मीटर गेज के रेलवे ट्रैक में ट्रेनों की गति अपेक्षाकृत कम होती थी। पर इन पुराने भाप के इंजनों व नैरो गेज कोचों व वैगनों का विरासत के रूप में संरक्षण होने से नई पीढ़ी को रेलवे के इतिहास, पुराने समय की इंजीनियरिंग और कार्य प्रणालियों के बारे में जानने के अवसर प्राप्त होने के साथ हमारे अतीत और संस्कृति की झलक प्राप्त होती हैं। इसी उद्देश्य से पमरे के जबलपुर मंडल ने नैरों-गेज डीजल लोकोमोटिव को रीवा स्टेशन के प्लेटफार्म नं.1 के बाहर सर्कुलेटिंग क्षेत्र में स्थापित किया गया हैं। यह नैरों-गेज डीजल लोकोमोटिव को चितरंजन लोकोमोटिव वर्कशॉप द्वारा वर्ष 1991 में बनाया गया था द्य इस लोकोमोटिव इंजिन ने 31 मार्च 2023 तक अपनी सेवाये दी। अधिकारीयों और कर्मचारियों में ख़ुशी की लहर देखी गयी ।

## श्रीमती हीरा देवी मिश्रा का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्रीमती हीरा देवी मिश्रा का 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे बरगी मोहला (सिहोरा) के प्रतिष्ठित नागरिक मथुरा प्रसाद मिश्रा की पत्नी, एवं अनिल मिश्रा तथा वरिष्ठ पत्रकार विनोद मिश्रा की माँ, मनोज मिश्रा, प्रमोद व राहुल मिश्रा की बड़ी मां एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रेमशंकर तिवारी की बड़ी दीदी थीं। अंतिम यात्रा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल त्रिमूति नगर के समीप स्थित उनके निवास स्थान से सुबह 10 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# दिन में तेज गर्मी, शाम होते-होते राहत दे रहे बादल



## हल्की बारिश का अनुमान, फिर तेजी से बढ़ेगा पारा

जबलपुर (स्वतंत्र मत) । दिन भर जहां चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे, वहीं शाम ढलते ही मौसम ने करवट ली और बादलों की आवाजाही ने शहरवासियों को सुखद राहत दी। मंगलवार सुबह से ही आसमान साफ था और सूरज की किरणें अपना असर दिखा रही थीं। दोपहर होते-होते पारे में उछाल आया और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया। तापमान के उच्च स्तर पर रहने के कारण वातावरण में उमस का अहसास भी पूरे दिन बना रहा। हालांकि, शाम के समय मौसम में एक नया और सुहाना बदलाव देखने को मिला। पिछले कुछ दिनों की तरह शाम होते ही आसमान में घने बादल छा गए। इन बादलों की मौजूदगी से तेज धूप का असर खत्म हो गया। इसके साथ ही, जो गर्म हवाएं दिन भर लोगों को परेशान कर रही थीं, वे धीरे-धीरे ठंडी हवा में तब्दील हो गईं। शहर में अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री दर्ज किया गया वहीं न्यूनतम तापमान 24.3 दर्ज किया गया।

### नर्मदा तटों में बढ़ी भीड़

हर दिन शाम के समय बादलों का छाना और ठंडी हवाओं का चलना इस मौसम की एक खास विशेषता बन गया है । दिन के समय तापमान बढ़ने से स्थानीय स्तर पर बादलों का निर्माण होता है, जो शाम के समय तापमान को कम करने में मदद करता है। ठंडी हवा के झोंकों ने शाम के वातावरण को खुशनुमा बना दिया, जिससे लोगों को दिन भर की थकान और गर्मी के बाद राहत मिल रही है । शाम के इस सुहावने मौसम का आनंद लेने के लिए लोग बड़ी संख्या में लोग नर्मदा के तटों और शहर के प्रमुख पार्कों में घूमने पहुंच रहे है साथ ही दिन भर की धुप के बाद शाम के समय मार्केट में भी भीड़ देखि जा रही है । दिन की गर्मी और रात की ठंडक का यह अनूठा संगम लोगों को आकर्षित कर रहा है।

### 25 मई से पड़ेंगे नौ तपा

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले 3 से 7 मई को जबलपुर ज़िले में लगभग हर दिन तेज़ हवाएं के साथ हल्की वर्षा हो सकती है और 8 से 14 मई में पूर्वी मध्य प्रदेश में वर्षा नहीं होने के साथ दिन एवं रात के तापमान में बढ़ोतरी होने की भी संभावना है। वहीं पंचांग के अनुसार आने वाले 25 मई से नौ तपा शुरू होंगे।

फोटोः अनिल तिवारी



## लखन सिंह ठाकुर का निधन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** पनागर ग्राम पंचायत सूखा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह ठाकुर का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप गिरजा सिंह ठाकुर, देवनारायण सिंह, विनय सिंह, माखन सिंह के भाई , सिद्धार्थ सिंह, समर्थ सिंह के पिताजी थे। अंतिम संस्कार गौरीघाट शमशान भूमि में किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मनीष पसारी पिता मनोहर लाल पसारी उम्र 43 वर्ष निवासी निवासी-312, हनुमानताल वार्ड, लाल कुआं, जबलपुर म.प्र. है । अभिवचनकर्ता उपरोक्त वर्णित पते के स्थायी निवासी हैं। मेरा नाम वर्तमान में मनीष पसारी (MANISH PASARI) है और मैं अपना नया नाम मनीष अग्रवाल (MANISH AGRAWAL) किया गया है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अभिवचनकर्ता का परिवर्तित नया नाम मनीष अग्रवाल (MANISH AGRAWAL) भविष्य में सभी शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम- मनीष पसारी (MANISH PASARI)**
**नया नाम- मनीष अग्रवाल (MANISH AGRAWAL)**



# मानपुर में रोड किनारे का अस्थाई अतिक्रमण और बाजर में बड़े वाहनो का प्रवेश आमजन के लिये बन गया है मुसीबत का कारण

मानपुर (स्वतंत्रमत)

मानपुर से ब्योहारी और शहडोल के तरफ जाने वाले मुख्य रोड के दोनों तरफ अस्थाई अतिक्रण का कहर छाया हुआ है, मानपुर – ब्योहारी सड़क के दोनो तरफ पक्की नाली बनी हुई है, यहां संचालित दुकान वाले ब्यापारियों द्वारा नाली के ऊपर और नाली के रोड तरफ टीना टप्पड़ बढ़ा कर दुकान लगाया करते हैं, कई ब्यापारी तो सड़क से सटाकर तो कई लोग मकान से पूरा दुकान निकाल कर नाली से बाहर सड़क से सटाकर दुकान लगाया करते हैं, अधिक विक्री के लालसा से बगल वाले दुकान से अपना दुकान ज्यादा आगे बढ़ा कर लगाने के कारण जान बबझ कर अतिक्रमण किया जाता है, वहीं फुटकर एवं ठेला वाले ब्यापारी सड़क के किनारे और सड़क के ऊपर दुकान लगाने लगते हैं, जहां बाजार करने वालों के बाहन गाड़ियों को घंटों के लिये सड़क में खड़े कर दिये जाते हैं।मानपुर में बाईपास पक्की और चौड़ी सड़क होने के बाद भी भारी और बड़े बाहनों का आना – जाना यही बजार वाले सड़क से हुआ करता है, मानपुर रोड के किनारे ठेला टपरा गोमती और तम्बू वाले ब्यापारियों द्वारा भी अतिक्रमण किया गया है, वहीं मानपुर के बस स्टैंड में भी अतिक्रमण का दबाव बना हुआ है तथा यहां खड़े होने वाले पीछे तरफ के पर्याप्त खाली जगह के छोड़कर रोड में चढ़ा कर बस खड़ा किया करते हैं, जिन कई जटिल समस्या से मानपुर में आये दिन लम्बा जाम लगता रहता है एवं शहर के सुन्दर्ता और सफाई में कमी दिखती रहती है। छोटे ब्यापारियों का कहना है कि अपने घर और दुकान के सामने हमें अपना दुकान लगाने से मना कर हटा दिया करते हैं तब मजबूरी में हमें खाली जगह देख कर सड़क किनारे अथवा सड़क पर दुकान लगाना मजबूरी बन जाया करता है, यदि हमें पुरानी बाजार और बस्ती के पास कहीं जगह चौयनित कर स्थान की ब्यवस्था करवा दिया जाय तो हम अपना दुकान वहीं लगा लिया करेंगे।

**इनका कहना है**

नगर के ब्यापारी, जन प्रतिनिधी, प्रशास्निक पदाधिकारी, समाज सेवी और वरिष्ट नागरिकों के सांथ बैठक लेकर उक्त समस्या का समाधान निकाला जा शक्ता है, जिस कार्य में ब्यापारी और नगर वासियों का सहयोग भी जरूरी है।

**श्रीमती भारती सतीश सोनी नगर परिषद अध्यक्ष मानपुर**

सड़क में चलने वाले, आमजन, ब्यापारी, स्कूली बच्चों की शुरक्षा और क्षेत्रीय विकाश को देखते हुये सबके सहयोग से मानपुर सड़क के किनारे वाले अतिक्रमण को हटाना सबके लिये लाभकारी रहेगा, जिसके लिये ब्यापारी, वरिष्ट नागरिक, जन सेवक, स्कूली अधिकारी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के सांथ सीघ्र बैठक कार्यक्रम किया जायेगा जिस वैठक निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही होगी।

**सुश्री हरनीत कौर, एसडीएम मानपुर**

# तेज रफ्तार का कहर: ऑटो और बल्कर की आमने–सामने भिड़ंत, दो गंभीर घायल

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले के बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां जैन पेट्रोल पंप के पास दोपहर करीब 2 बजे एक ऑटो और बल्कर के बीच जोरदार आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और बल्कर भी अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। इस दुर्घटना में ऑटो चालक सतीश बैगा और उसमें सवार बलदेव बैगा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल पाली अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल सतीश बैगा ग्राम खमरिया, थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी का निवासी है, जो पाली–गिंजरी में अपनी बुआ के यहां रहकर ऑटो चलाकर अपना जीवनयापन करता था। वहीं दूसरा घायल बलदेव बैगा, थाना पाली के रौगड़ गांव का रहने वाला है, जो स्वयं भी ऑटो चालक बताया जा रहा है। हादसे के बाद एक और गंभीर पहलू सामने आया। घायल के परिजन राजा परस्ते ने आरोप लगाया कि पाली अस्पताल में समय पर एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं मिल सकी। उनका कहना है कि करीब दो घंटे तक एंबुलेंस के लिए इधर–उधर भटकते रहे, लेकिन सुविधा नहीं मिली। अंततः उन्हें खुद के साधन से ही घायल को शहडोल ले जाने के लिए कहा गया। इस लापरवाही ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं हादसे के बाद बल्कर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। मामले में पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि ऑटो और बल्कर की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें शहडोल रेफर किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की याद दिलाता है, साथ ही आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों पर भी सवाल खड़े करता है।

# साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 69 आवेदकों की समस्याएं



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने जिले के दूर दराज से आए 69 आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा आवेदनों के निराकरण के लिए आवेदन संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया । जनसुनवाई में गोपी सिंह पठारी कला ने निजी पटटे मे लगाए गए बीएसएनएल मोबाइल टॉवर को हटवाने या किराया दिलाने, मदीना बेगम नौरोजाबाद ने 8 माह का वृध्दावस्था पेंशन दिलाने, रामधनी खटिक रमपुरी ने गरीबी रेखा पात्रता पर्ची में रूका हुआ खाद्यान्न दिलाने, अमित कुमार श्रीवास्तव ग्राम पडवार ने आम रास्ता दिलाने तथा मूलभूत सुविधा दिलाने, रश्मी रैदास ग्राम पंचायत मझगां ने मुख्यमंत्री कल्याणी सहायता दिलाने, अनीता देवी ग्राम दरबार ने विकलांगता पेंशन दिलाने, सत्यम बैगा ग्राम बस्कुटा ने कक्षा 10वीं की अंकसूची में फोटो सुधार कराने, बिसरता बैगा ग्राम लदेरा ने पेटे का लीवर प्लेसमेंट कराने, इलाज हेतु विधायक निधि से सहयोग दिलाने, रामनिरंतर व्दिवेदी ग्राम कुडी ने रास्ता दिलाने, सुध्दुसेन यादव ग्राम बडागांव ने पीएम आवास दिलाने संबंधी आवेदन दिया।

# जबलपुर बरगी डैम में भीषण क्रूज हादसे के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जबलपुर के बरगी डैम में हुए भीषण क्रूज हादसे के विरोध में जिला युवक कांग्रेस द्वारा मंगलवार 5 मई को उमरिया नगर के गांधी चौक में दोपहर 1 बजे जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अनुराग सिंह अम्बुज के नेतृत्व में एवं वरिष्ठ नेता विक्रम प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें इस हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने मंत्री का पुतला दहन करने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सख्त रुख अपनाया। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने पुतला जलाने की कोशिश की, पुलिस ने तत्काल वाटर कैनन का इस्तेमाल करते हुए उन पर पानी छोड़ा, जिससे वहां अफरा–तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प भी हुई। हालांकि भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते कार्यकर्ता पुतला पूरी तरह नहीं जला पाए, जिससे उनमें और अधिक आक्रोश देखने को मिला। इसके बाद भी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक जारी रही, जिससे गांधी चौक क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह ने आरोप लगाया कि बरगी डैम में हुआ हादसा पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती और मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक में नेताओं ने संगठन मजबूती पर दिया जोर



**उमरिया (स्वतंत्रमत)**। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल उमरिया की एक महत्वपूर्ण बैठक 5 मई को को शक्ति केंद्र चंदवार में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के जिला पदाधिकारी सहित मंडल के अंतर्गत मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के दौरान नेताओं भाजपा की बंगाल, असम और पांडिचेरी में ऐतिहासिक जीत होने पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। बैठक के शुभारंभ में नेताओं ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। बैठक में जहां ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार द्विवेदी के द्वारा इस मासिक बैठक की रूपरेखा बताई गई वही वरिष्ठ नेता भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मंडल से लेकर बूथ और शक्ति केंद्रों में हमारा कार्यकर्ता जितना मजबूत होगा, उतना ही संगठन मजबूत होगा। जिला महामंत्री राधेलाल कोल ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी है। बैठक में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, मंडल के सभी उपाध्यक्ष, मंत्रीगण, मंडल के दोनो महामंत्री,शक्ति केंद्र के प्रभारी, विशिष्ट अतिथि तथा मंडल अंतर्गत सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर 9 मई को नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**। नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को किया गया है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमपीपीकेवीवीसीएल) उमरिया वृत्त अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई 2026 (शनिवार) में विशेष छूट योजना लागू की जा रही है। प्राप्त निर्देशों के अनुसार, लोक अदालत में विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग से संबंधित प्रकरणों में उपभोक्ताओं को निर्धारित शर्तों के अंतर्गत आकलित सिविल दायित्व राशि पर छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट केवल प्रथम बार प्रकरण वाले उपभोक्ताओं को ही दी जाएगी। योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने नाम पर लंबित समस्त विद्युत देयकों का भुगतान करें। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं के नाम पर विधिवत कनेक्शन नहीं है, उन्हें पहले वैध कनेक्शन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह छूट अधिकतम 10,00,000 (दस लाख रुपये) तक के प्रकरणों के लिए लागू रहेगी तथा केवल लोक अदालत में समझौते के आधार पर ही इसका लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। उपभोक्ता इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण से भविष्य में किसी प्रकार की विधिक कार्यवाही से बच सकते है।

# बाघ के हमले से मृत हुए युवक को उपलब्ध कराई गई आर्थिक सहायता राशि

उमरिया (स्वतंत्रमत)। उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया के वन परिक्षेत्र पनपथा कोर अंतर्गत बीट चंसुरा के कक्ष क्रमांक–आर एफ 446, स्थान–रेतहा नाला के पास महुआ के सूखे फूल संग्रहण करने के दौरान 3 मई कि दोपहर स्व. रज्जू कोल पिता पिताई कोल, उम्र लगभग 50 वर्ष, साकिन कुदरी, थाना इंदवार, तहसील मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.) को वन्यजीव बाघ के द्वारा हमला कर जनहानि किये जाने पर मृतक की मौके स्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही अधिकारी/कर्मचारी मौके स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण करने के उपरांत आगे की वैधानिक कार्यवाही शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरपुर में परिजनों/अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूर्ण करवाई गई। पोस्टमार्टम की कार्यवाही उपरांत मृतक के शव को उनके परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सौप दिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा कोर द्वारा मृतक के परिवार को 5,000 (पांच हजार रूपये) की तत्कालिक आर्थिक सहायता राशि प्रदाय किया गया।

# बालीवाल खिलाड़ी राज कुमार का हार्ट अटेक से निधन पर शोक

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । प्रतिष्ठित बॉलीबाल खिलाड़ी राजकुमार त्रिपाठी बड़छड का गत दिवस हार्ट अटैक से निधन हो गया। राज कुमार करीब 44 वर्ष के थे इनके दु:खद निधन पर जिला बॉलीबाल संघ ने ग्रहरा दु:ख व्यक्त किया और इश्वर से आत्मा की शांति के लिए कामना किया है। इस दुख की घड़ी मे अजय सिंह, त्रिभुवन प्रताप सिंह, संतोष सिह, राजेश शर्मा, अमृतलाल यादव, ठाकुरदास सचदेव सहित जिला वालीवाल एशोशियसन के खिलाड़ी पदाधिकारियो ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# बेमौसम बारिश–ओलों की मार–आम, उड़द–मूंग फसल प्रभावित

उमरिया (स्वतंत्रमत)



उमरिया जिले के करकेली विकासखंड के घुलघुली क्षेत्र में बेमौसम बारिश के साथ ओले गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। अचानक बदले मौसम ने जहां जनजीवन को प्रभावित किया, वहीं खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बोई गई गर्मी की उड़द और मूंग की फसल पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। ओलावृष्टि के कारण आम के फल झड़ने लगे हैं, जिससे बागवानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके साथ ही सब्जियों की फसल भी प्रभावित हुई है। घुलघुली सहित 20 से अधिक गांवों में बारिश और ओले गिरने की खबर है, जबकि पूरे जिले में बादल छाए हुए हैं और मौसम अस्थिर बना हुआ है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. धनंजय सिंह के अनुसार, लगातार बारिश से फसलें पहले ही प्रभावित थीं, लेकिन ओलावृष्टि ने नुकसान और बढ़ा दिया है। खासकर उड़द और मूंग की फसल को अधिक क्षति होने की संभावना है, वहीं सब्जियों पर भी इसका असर पड़ेगा। फिलहाल इस स्थिति से बचाव के प्रभावी उपाय सीमित हैं, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

# मोबाइल और इंटरनेट नेटवर्किंग की कमी से परेशानियों में घिरे फोन और डाटा यूजर्स, सुधरने के आस के नाम पर उपभोक्ता हो रहे हैं निराश

मानपुर (स्वतंत्रमत)

रिलाइंस टेलीकॉम कम्पनी सरवत्र और बिना रुके अच्छे नेटवर्क के नाम पर इस समय भारत में अच्छी पकड़ बना रखी है, जहां बहुत लोगों का मानना है कि जियो नेटवर्क हर जगह मिलता है, इसका सरवर भी फास्ट रहता है, सस्ते में अच्छा वर्क होता है। जहां शास्कीय टेलीकॉम कम्पनी बीएसएनएल भी कई जगह फोर जी और बेहद सस्ते में बिना रुके स्पीड वेटवर्क डाटा और सरवर की बात कर रही है। जबकि ग्रामीण के कई क्षेत्रों में इसका उलटा परिणाम देखने को मिल रहा है, उमरिया जिला के मानपुर शहर में बीएसएनएल कम्पनी का 4 और 5 जीवी तो दूर आज दिनांक तक 2 और 3 जी स्पीट नेटवर्किंग डाटा एवं अच्छा सरवर उपलब्ध नहीं करवा पाया है, वहीं जिओ कम्पनी के नटवर्किंग डाटा और स्पीड सरवर के विषय में मानपुर शहर से दूर के गांवों की बात करना तो बड़े दूर की बात है स्वयं मानपुर नगर के वार्ड नम्बर 01 से 04, एवं 11 से 15 अर्थात सिगुड़ी, सेमरा खुटार गोवर्दें क्षेत्र में नेटवर्क की कमी से फेन पर बात करने के लिये किसी ऊंचे जगह छत अथवा पेड़ का सहारा लेना पड़ता है, जहां डाटा और सरवर का क्या दशा होगी आप स्वयं समझदार हैं। जिस नेटवर्क डाटा और सरवर के कमी से कई शास्कीय कार्यों में और आनलाइन के माध्यम से हेने वाले पढ़ाई केचिंग, ब्यापार, कृषि जैसे कई कार्यों में विकास का ग्राफ गिरता रहता है, घर – घर जाकर अथवा स्कूल, उचित मूल्य के दुकान, स्वास्थ्य आशा ऊषा कार्य करता उप स्वास्थ्य केन्द्र, आगनबाड़ी कार्यकर्ता व आबा केन्द्र में फिंगर लेना अथवा कैप्चर करने के कार्य हों अथवा जमीन जंगल के परिसीमन व नाप देखना अथवा आनलॉइन सम्बंधी जैसे कोई भी कार्य हो – सर्वर और नेटवर्क के कमी से पूरे दिन अथवा दो – चार दिन तक अधर में लटके रहते हैं, जिन जिल समस्या से क्षेत्र के तकरीबन सभी अधिकारी, कर्मचारी और जन प्रतिनिधि परचित हैं, जिसके बाद भी सायद किसी के मन में उक्त विषय पर सुधार करवाने का विचार तक न आता होगा .? तभी तो लोग इस जटिल परेसानी से जूझ रहे हैं। जिस जटिल समस्या से निजात पाने के लिये सिगुड़ी, सेमरा, खुटार, बरबसपुर के सांथ क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जियो और बीएसएनएल टेलीकॉम कम्पनियों के टावर सीघ्र लगवा कर नेटवर्क की छमता बढ़वाने में एवं मानपुर में बीएसएनएल कम्पनी को 4जी से 5जी नेटवर्किंग सुविधा मुहैया करवाने के लिये क्षेत्रीय जन्ता द्वारा कलेक्टर और क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों से सादर मांग किया गया है।

# संजीवनी 108 में पदस्थ डॉक्टर ने की आत्महत्या

**कटंगी(स्वतंत्र मत)**। मुख्यालय नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी संजीवनी 108 एंबुलेंस सेवा में पदस्थ ईएमटी डॉ. गौरीशंकर पटले ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों की वजह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार की सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है। जनचर्चा है कि गौरीशंकर पटले काफी लंबे समय से पारिवारिक विवादों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। जिसके चलते घर का माहौल तनावपूर्ण बना रहता था। इसी तनाव ने उन्हें गहरे अवसाद में धकेल



दिया और उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। दोपहर 12 बजे पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के शव का मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। इधर, पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। इस घटना से स्वास्थ्य विभाग और संजीवनी 108 सेवा के कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. गौरीशंकर पटले अपने कार्य में निष्ठावान और संवेदनशील थे। वह मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे। अचानक से उनका इस तरह से मौत को गले लगाने से सभी स्तब्ध हैं।

# मॉयल गार्ड ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)**। ग्रामीण थाना नवेगांव अंतर्गत ग्राम मंझारा में एक मॉयल गार्ड कर्मी ने खेत में पेड़ पर फांसी के फंदे पर शव पाया गया। मृतक का नाम हीरा सिंह पिता अनंत सिंह उईके उम्र 56 वर्ष, हाल मुकाम भरवेली निवासी तथा पैतृक ग्राम मंझारा निवासी हैं। जिसका जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा। जानकारी अनुसार, हीरा सिंह मॉयल में गार्ड के पद पर पदस्थ था, जिसके दो लड़के और एक लड़की है जो अपने पैतृक गांव मांझापुर को छोड़ कर भरवेली में निवास करते थे। उसका एक वर्ष पहले ही भरवेली मॉयल खान से तिरोड़ी मॉयल में स्थानांतरण हुआ था और वह पिछले आठ दिन से छुट्टी पर था। उसे 4 मई की सुबह ही तिरोड़ी मॉयल में नौकरी के लिए घर से सुबह निकला, जब उसके लड़के विशाल ने उसे कॉल किया तो नंबर बंद आने लगा। फिर तिरोड़ी मॉयल में कॉल किया गया लेकिन वहां भी नहीं आने बोले, फरि 5 मई की सुबह मंझारा से कॉल आया और बताया कि खेत में फांसी के फंदे पर एक व्यक्ति लटका हुआ हैं तब देखे तो पिता जी थे।

# जल संकट से जूझते गांवों को राहत की पहल

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

भीषण गर्मी के इस दौर में जहां एक ओर जल स्रोत सूखते जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। ग्राम जाम, अर्जुनी और आसपास के इलाकों में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं, जहां हर दिन पानी के लिए संघर्ष करना ग्रामीणों की मजबूरी बन चुका है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मेसर्स श्रीमती नम्रता उपाध्याय जाम मैंगनीज माइन की प्रबंधन ने एक सराहनीय पहल करते हुए जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में प्रशासन के समक्ष ठोस प्रस्ताव रखा है। जानकारी अनुसार, 4 मई को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी को आवेदन में माइन प्रबंधन ने ग्राम जाम एवं अर्जुनी सहित आसपास के क्षेत्रों में व्याप्त जल संकट की गंभीरता को विस्तार से बताया हैं। इससे पहले 29 अप्रैल को कलेक्टर, बालाघाट को भी इस संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है, जिसमें स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। यहीं नहीं ग्रामीणों के लिए शुद्ध प्याऊ जल की सुविधा भी की गई है। वर्तमान में माइन




प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को राहत देने के लिए प्रतिदिन टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है। हालांकि यह प्रयास सराहनीय है, लेकिन बढ़ती गर्मी, गिरते भूजल स्तर और पानी की बढ़ती मांग के चलते यह व्यवस्था अब अपर्याप्त साबित हो रही है। कई दफा ऐसा भी वक्त आता हैं कि टैंकरों की संख्या भी जरूरत के मुकाबले कम पड़ जाती हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के लिए माइन प्रबंधन के द्वारा एक एम्बुलेंस की सुविधा की हैं, जो ग्रामीणों के सेवा के लिए 24 घंटे माइन परिसर में उपलब्ध रहती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहले एम्बुलेंस के लिए इंतजार करना पड़ता था लेकिन माइन के द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई गई है तभी से पुरे वर्ष भर आसानी से एम्बुलेंस की सुविधा मिल जाती हैं। माइन प्रबंधन श्रीमती नम्रता उपाध्याय ने स्पष्ट किया हैं कि खदान क्षेत्र, खसरा नंबर 747 के समीप लगभग 40 से 50 डिसमिल भूमि पर तालाब या जल संग्रहण संरचना का निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक हैं। इस तालाब में खदान से निकलने वाले जल का संचयन कर उसे उपयोग में लाया जा सकेगा। इस पहल से न केवल वर्षभर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी, बल्कि भूजल स्तर में भी सुधार होगा।



## स्वास्थ्य मंत्री से मिला एएनएम संघ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संयुक्त एएनएम एसोसिएशन संविदा नियमित कर्मचारी संघ द्वारा अपनी प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपत्तिया उईके के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से सौजन्य भेंट कर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने एएनएम कर्मचारियों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं और मांगों को विस्तार से मंत्री के समक्ष रखा विशेष रूप सें एएनएम को नर्सिंग संवर्ग में शामिल करने तथा नर्सिंग संवर्ग के ग्रेड पे में सुधार की मांग प्रमुख रही स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रतिनिधिमंडल को ध्यान पूर्वक सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा उन्होंने कहा कि एएनएम को नर्सिंग संवर्ग में शामिल करने और ग्रेड पे सुधार के विषय में सकारात्मक पहल की जाएगी संघ के प्रतिनिधियों ने इस सकारात्मक आश्वासन के लिए कैबिनेट मंत्री संपत्तिया उईके एवं स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष विमलेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री ज्योति चंद्रोल, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष कौशल्या विश्वकर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीता झारिया सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जादूटोने के शक में हुई हत्या का खुलासा

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में गंभीर अपराधों पर अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिछिया पुलिस को हत्या के एक प्रकरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 1 मई को ग्राम फोक हलोन नहर कोसाबारी के पास में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना बिछिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची एवं मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई जांच के दौरान मृतक की पहचान संतु उईके उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कुडैला के रूप में हुई। जांच उपरांत मामला हत्या का पाए जाने पर थाना बिछिया में अपराध क्रमांक 182/2026 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 30 अप्रैल की रात्रि करीब 1 बजे आरोपी द्वारा मृतक को मोटरसाइकिल से हलोन नहर के पास ले जाकर जादूटोना के संदेह में पत्थर से मारपीट की गई तथा बाद में नहर में धक्का देकर डुबोकर हत्या कर दी गई पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को 4 मई को गिरफ्तार कर लिया गया जिसे 5 मई को न्यायालय में प्रस्तुत किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय सहायक उपनिरीक्षक सुरेश विजयवार प्र.आ. अनिल मर्सकोले आरक्षक अमृत मेरावी सुनीराम मरावी गजरूप उद्दे का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा ने मनाया जश्न, बांटी झालमुरी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी, तमिलनाडू, केरल में ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को बधाई दी और पार्टी की जीत का उत्सव मनाया। जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को झालमुरी वितरित की और मिठाई खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत देश की जनता के प्रधानमंत्री के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा विकास, सुशासन और जनसेवा को प्राथमिकता दी है, जिसका फल आज पूरे देश में देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, जयदत्त झा, जोरावर सिंह, थामन बरमैया, रोचीराम गुरवानी, सुरेंद्र दुबे, पारस असरानी, विनय मिश्रा, सुधीर दुबे, नरेश कछवाहा, अनुराग बिट्टू चौरसिया,बसंत चौधरी, संजय गुप्ता, सुधीर मिश्रा,सुनील मिश्रा नितिन राय, सचिन शर्मा, सौरभ गुप्ता, अंकित ज्योतिषी, शानू दुबे, श्याम दुबे, शेखर निखारे, सावन नीखर, रवि सोनवानी,मोंटी मलिक, उत्कर्ष यादव, अमित शर्मा, ऋषभ सिन्हा, देव रजानी, पंकज दुबे,संतोष कछवाहा, नीरज कांड्रा, जहूर मोहम्मद, आशीष चौरसिया, रमेश पंजवानी, अग्रवाल जी, कपिल सचान, ब्रजेश गोमास्ता, आनंद जैन, ओमप्रकाश धामेची, सुनील जंघेला सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# खरीदी केन्द्रो में लगा गेंहू का अंबार, बारिश से बिगड़े हालात, परिवहन में ठेका कम्पनी बरत रही लापरवाही, किसानों को नहीं हुआ भुगतान

मण्डला/नैनपुर (स्वतंत्रमत)।

इस बार गेंहू खरीदी केन्द्रों में किसानों को जमकर परेशान किया जा रहा है। हर दिन उन्हें कोई न कोई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी ही एक नई परेशानी फिर सामने दिखाई देने लगी है। खरीदी केन्द्रों में खरीदा गया गेंहू का समय पर परिवहन नही हो पा रहा है जिसके कारण किसानों के खाते में फसल की राशि नही आ रही है। गेंहू विक्रय के बाद जब तक गेंहू का परिवहन संबंधित गोदाम तक नही हो जाता है तब तक किसानों को भुगतान नही किया जाता है और खरीदी प्रभारी की जबावदारी रहती है कि वह समय पर उपज का परिवहन कराए लेकिन देखने में आ रहा है कि परिवहन ठेका कम्पनी मेसर्स महेश्वरी रोड लाईन्स भोपाल के द्वारा खरीदी केन्द्रों से गेंहू के परिवहन में लापरवाही बरती जा रही है। सूत्रों के अनुसार परिवहन ठेका कम्पनी के द्वारा पेटी में ठेका दिया गया है। संबंधित पेटी ठेकेदार के द्वारा भी परिवहन नही किया जा रहा है खरीदी केन्द्रों में गेंहू का भंडार लगा है और बेमौसम हो रही बरसात से गेंहू खराब हो रहा है खरीदी प्रभारी लगातार इसकी शिकायत दर्ज करा रहे हैं लेकिन कोई भी सुनवाई नही हो रही है। सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों ने भी परिवहन ठेका कम्पनी को कड़ी हिदायत दी है। लेकिन ठेका कम्पनी पर इसका कोई भी असर दिखाई नही दे रहा है। किसानों की मांग है कि परिवहन ठेका कम्पनी को ब्लैकलिस्ट किया जाए और व्यवस्था में सुधार किया जाए। जिले के 49 गेहूं खरीदी केंद्रों में से कई स्थानों पर



गेहूं खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है जिससे अचानक बदले मौसम के कारण भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। मंगलवार को दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई जिससे कई खरीदी केंद्रों में रखा गेहूं भीग गया। इस लापरवाही का खामियाजा न सिर्फ शासन को बल्कि किसानों को भी भुगतना पड़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के अनेक खरीदी केंद्रों में गेहूं का सुरक्षित भंडारण नहीं किया गया है। तिरपाल और शेड की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण हजारों क्विंटल गेहूं खुले में रखा हुआ था। जैसे ही बारिश शुरू हुई केंद्रों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कर्मचारी आनन-फानन में गेहूं को ढंकने का प्रयास करते नजर आए लेकिन तब तक काफी मात्रा में अनाज भीग चुका था।

### किसानों की बढ़ी चिंता

खरीदी केंद्रों में पहुंचे किसानों ने इस व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कड़ी मेहनत से फसल तैयार की और शासन के भरोसे उसे खरीदी केंद्र तक पहुंचाया लेकिन यहां लापरवाही के कारण गेंहू का उठाव नही किया जा रहा है। एक किसान ने कहा हम महीनों मेहनत करके फसल उगाते हैं लेकिन यहां आकर ऐसा लगता है कि हमारी मेहनत की कोई कीमत नहीं है। अगर समय रहते व्यवस्थाएं की जातीं तो यह स्थिति नहीं बनती।

**निर्देशों की हो रही अनदेखी**-गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जिले के कई खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं विशेष रूप से गेहूं को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त तिरपाल और शेड की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी कहा था कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। कई केंद्रों में न तो पर्याप्त तिरपाल मौजूद है और न ही अनाज को सुरक्षित रखने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था की गई है।

### निगरानी पर उठे सवाल

इस पूरे मामले ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर जहां उच्च अधिकारी सख्त निर्देश जारी कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर उनका पालन नहीं हो रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था कमजोर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अधिकारियों ने सक्रियता दिखाई होती और व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया होता तो इस तरह की स्थिति से बचा जा सकता था। अब सवाल यह उठता है कि इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा और जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होगी। किसानों और जनप्रतिनिधियों ने इस मामले में जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। उनका कहना है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से यह स्थिति बनी है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत

विशेषज्ञों का मानना है कि खरीदी केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना बेहद जरूरी है। इसमें पर्याप्त तिरपाल, शेड, गोदाम और जल निकासी की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा, मौसम पूर्वानुमान के आधार पर पहले से तैयारी करना भी जरूरी है ताकि अचानक मौसम खराब होने पर नुकसान से बचा जा सके। मंडला जिले के खरीदी केंद्रों में सामने आई यह लापरवाही न सिर्फ प्रशासनिक कमजोरी को उजागर करती है, बल्कि किसानों की मेहनत पर भी सवाल खड़े करती है। मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद आवश्यक कदम न उठाना एक गंभीर चूक है।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माहिष्मति घाट के गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष बीके राय की अध्यक्षता में तथा डॉक्टर ओपी तपा, सतीश चंद्रोल, छतू लाल सैयाम, राम कुमार सिंह चौहान के आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में हाल ही में सेवानिवृत हुए पेंशनरों का स्वागत किया गया जिसमें लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ अध्यक्ष सतीश चंद्रोल विकासखंड नैनपुर से सेवानिवृत शिक्षक छतूलाल सैयाम तथा जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत दिलीप चोरे का शॉल पुष्पमाला से स्वागत कर पेन भेंट किया गया तथा सदस्यता ग्रहण करा कर पेंशनर परिवार की में शामिल किया गया। संगठन कार्यकर्ता रामकुमार सिंह चौहान का केक काटकर जन्मदिन मनाया। जिला के कोषाध्यक्ष एसके पटेल ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष रामकुमार पाठक ने किया।

## स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत परसा टोला विकासखंड मवई तहसील बिछिया में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना अंतर्गत महिलाओं के लिए डिजिटल साक्षरता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# बाघों की लगातार मौंत से बिफरे पत्रकार धरने पर बैठे

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कान्हा नेशनल पार्क में लगातार बाघों की हो रही मौतों को लेकर जिले के पत्रकार खुलकर सामने आ गए हैं। विगत 35 दिनों में कान्हा नेशनल पार्क में 7 बाघों की मौंत हो चुकी है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट मार्ग पर बड़ी संख्या में पत्रकारों ने धरना देते हुए वन विभाग और कान्हा प्रबंधन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पत्रकार 14 सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि कान्हा में बाघों की मौत के मामलों में सही जानकारी सामने नहीं आ रही है और कई मामलों में तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह देश की अमूल्य वन्य संपदा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। पत्रकारों ने अपनी मांगों में सबसे



प्रमुख रूप से हर माह पत्रकारों के 5 सदस्यीय दल को कान्हा पार्क की मॉनिटरिंग की अनुमति देने की बात रखी ताकि जमीनी हकीकत सामने आ सके। साथ ही गलत जानकारी देने पर कान्हा प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग भी की गई। इसके अलावा पार्क के अंदर बने पक्के निर्माण होटल, रेस्ट हाउस आदि को हटाने, तीनों गेटों के आसपास हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने तथा कान्हा को मांसाहार से मुक्त रखने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। पत्रकारों ने रिसॉर्ट्स में डीजे, आतिशबाजी और शादी-विवाह जैसे आयोजनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने साथ ही पूरे कान्हा प्रबंधन स्टाफ को बदलने की मांग भी की। धरने में शामिल पत्रकारों ने पिछले पांच वर्षों में कान्हा पार्क को मिले बजट और उसके उपयोग का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग रखी। इसमें वन्य प्राणियों की सुरक्षा, तकनीकी उपकरण, भोजन और चिकित्सा व्यवस्था पर हुए खर्च की जानकारी भी शामिल है। इसके साथ ही प्रचार-प्रसार पर खर्च की गई राशि का खुलासा, पत्रकारों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाने तथा पार्क के भीतर किए गए निर्माण कार्य जैसे पुल-पुलिया, सड़क और गर्मी में पानी की व्यवस्था की जानकारी साझा करने की मांग भी उठाई गई। पत्रकारों ने पार्क के भीतर संचालित एनजीओ की गतिविधियों पर भी सवाल उठाते हुए उन्हें प्रतिबंधित करने की मांग की ताकि संक्रमण फैलने का खतरा कम किया जा सके। इसके अलावा प्रतिदिन सफारी में जाने वाली जिप्सियों की संख्या सार्वजनिक करने तथा पूरे कान्हा क्षेत्र में प्लास्टिक डिस्पोजल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। धरने पर बैठे पत्रकारों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ पत्रकारों की नहीं, बल्कि देश की प्राकृतिक धरोहर और वन्यजीवों की सुरक्षा की है। इस दौरान जिले के अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

# जबलपुर के एनजीओ के खिलाफ एफआईआर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के बिंझिया क्षेत्र में कुत्तों के प्राइवेट अंगों की बड़ी बरामदगी के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए जबलपुर की एक एनजीओ सहित 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस पूरे घटनाक्रम ने पशु कल्याण से जुड़े कार्यों और नसबंदी अभियान की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को पशु प्रेमी निशा ठाकुर द्वारा की गई शिकायत के बाद मामले का खुलासा हुआ। शिकायत में आशंका जताई गई थी कि कुत्तों की नसबंदी के नाम पर अनियमितताएं की जा रही हैं और बिना वास्तविक प्रक्रिया के ही भुगतान लेने की तैयारी की जा रही है। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने जांच




करते हुए शारदा कॉलोनी स्थित एक मकान पर दबिश दी जहां से चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके से फॉर्मेलिन में संरक्षित कुल 795 कुत्तों के प्राइवेट अंग बरामद किए जिनमें 518 नर और 277 मादा कुत्तों के अंग शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में अंगों का मिलना पूरे मामले को संदिग्ध बनाता है। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों द्वारा कुत्तों की नसबंदी किए बिना ही फर्जी दस्तावेज तैयार कर भुगतान लेने की योजना बनाई जा रही थी।

इस आधार पर कोतवाली थाना पुलिस ने जबलपुर की मां अम्बे नर्मदा एंटरप्राइजेस समेत कुल 5 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 271 और 5(3) के तहत मामला दर्ज कर ली है। फिलहाल सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं और उनकी तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मॉनिटरिंग समिति की बैठक कल

मण्डला(स्वतंत्रमत)। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 7 मई को प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न होगी बैठक में अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी। एजेंडा के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों में विधि व्यवस्था की स्थिति, पीड़ितों एवं साक्षियों को यात्रा भत्ता, मजदूरी एवं आहार व्यय के भुगतान, प्रकरणों की जांच एवं न्यायालयीन कार्यवाही की प्रगति, तथा आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा शामिल है।

## योग शिविर की शुरुआत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्व जिले में योग अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री अहाके के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संचालित हो रहा है 2 मई से योग शिविरों का शुभारंभ किया जा चुका है।

# पक्षी, जीव-जन्तु के लिए भरे जलपात्र



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** तेजी से बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जीवन बचाओ अभियान के अंतर्गत आमजन से एक सराहनीय पहल करने की अपील की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य गर्मी के मौसम में प्यास से जूझ रहे पक्षियों को बचाने के लिए घर-घर में जलपात्र मिट्टी के बर्तन या अन्य साधन में पानी उपलब्ध कराना है जीवन बचाओ अभियान के तहत पक्षियों एवं जीव जंतुओं को भी भीषण गर्मी के बचाव के लिए प्रकृति के संतुलन एवं जैव विविधता को बचाने के लिए अपील करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके द्वारा प्रदेश के आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा की हर नागरिक का कर्तव्य है कि मिट्टी के जलपात्र में जल देकर बचाने के लिए आगे आए ताकि जीव जंतुओं को भी जीवन दान मिल सके इस अवसर पर विनोद कछवाहा नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि अभियान से जुड़े लोगों ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने घरों की छत, आंगन, बालकनी या आसपास किसी सुरक्षित स्थान पर पक्षियों के लिए पानी से भरा बर्तन रखें साथ ही इस नेक कार्य को अपने बच्चों और परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर करने पर विशेष जोर दिया गया है ताकि नई पीढ़ी में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हो सके कार्यक्रम का संयोजन राजेश क्षत्री पर्यावरण विद पर्यावरण प्रबंधन समिति सदस्य के द्वारा किया गया इस अवसर पर उन्होंने अवगत कराया की सकोरा अभियान 10 वर्ष पूर्ण करने जा रहे हैं इस अभियान में विद्यालय में छात्रों एवं शिक्षकों के माध्यम से समुदाय में भी कार्यक्रम पहुंचा जा रहा है यह कार्य जिला पंचायत के माध्यम से हर पंचायत में आम समुदाय जनप्रतिनिधि सभी से अपील की जा रही है।

## कलेक्टर ने सुनीं शिकायतें

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए मंगलवार को जिला योजना भवन में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 109 आवेदन प्राप्त हुए कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए उन्होंने कई शिकायतों के मामले में 1 दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने उपस्थित जिला अधिकारियों को कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लालपुर जनपद पंचायत मवई**

क्रमांक/ग्रा.पंचा/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लालपुर अंतर्गत 5 वां वित्त एवं 15 वां वित्त सहित मनरेगा कार्य हेतु निम्न सामग्री ईंट, रेत, गिट्टी 20एमएम एवं 40एमएम, मुर्रम, सीमेंट, लोहा 8 एमएम 10 एमएम 12 एमएम, दरवाजा खिड़की, मिक्चर मशीन, टीन शेड, सेंटिंग, पानी टेंकर सहित अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अत: इच्छुक सामग्री सप्लायर अपना निविदा पत्र बंद लिफाफा में समय सीमा के अंदर कार्यालय ग्राम पंचायत में स्वयं उपस्थिति होकर या डाक से जमा कर सकते है। सामग्री निर्माण स्थल पर प्रदान करना होगा। सामग्री की गुणवत्ता निरीक्षण के पश्चात् सामग्री क्रय कि जावेगी। जिस सामग्री में रॉयल्टी की आवश्यकता होगी रायल्टी देना अनिवार्य होगा सामग्री का भुगतान जीएसटी बिलो पर देय होगा। निविदा पांच दिवस में पंचायत समिति के समक्ष खोला जावेगा एवं निविदा स्वीकृत एवं आमान्य करने का अधिकार ग्राम पंचायत समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

**सरपंच** ग्राम पंचायत लालपुर जनपद पंचायत मवई

**सचिव** ग्राम पंचायत लालपुर जनपद पंचायत मवई

**कार्यालय ग्राम पंचायत भिमोरी जनपद पंचायत मवई**

क्रमांक/ग्रा.पंचा/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भिमोरी अंतर्गत 5 वां वित्त एवं 15 वां वित्त सहित मनरेगा कार्य हेतु निम्न सामग्री ईंट, रेत, गिट्टी 20एमएम एवं 40एमएम, मुर्रम, सीमेंट, लोहा 8 एमएम 10 एमएम 12 एमएम, दरवाजा खिड़की, मिक्चर मशीन, टीन शेड, सेंटिंग, पानी टेंकर सहित अन्य सामग्री की आवश्यकता है। अत: इच्छुक सामग्री सप्लायर अपना निविदा पत्र बंद लिफाफा में समय सीमा के अंदर कार्यालय ग्राम पंचायत में स्वयं उपस्थिति होकर या डाक से जमा कर सकते है। सामग्री निर्माण स्थल पर प्रदान करना होगा। सामग्री की गुणवत्ता निरीक्षण के पश्चात् सामग्री क्रय कि जावेगी। जिस सामग्री में रॉयल्टी की आवश्यकता होगी रायल्टी देना अनिवार्य होगा सामग्री का भुगतान जीएसटी बिलो पर देय होगा। निविदा पांच दिवस में पंचायत समिति के समक्ष खोला जावेगा एवं निविदा स्वीकृत एवं आमान्य करने का अधिकार ग्राम पंचायत समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

**सरपंच** ग्राम पंचायत भिमोरी जनपद पंचायत मवई

**सचिव** ग्राम पंचायत भिमोरी जनपद पंचायत मवई

संपादकीय

## कांग्रेस का प्रतिज्ञा पत्र

कांगड़ा की कार्यशाला में कांग्रेस कितनी निपुण तथा जिला अध्यक्ष कितने स्वतंत्र हो पाते हैं, यह आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में प्रदर्शित होगा। पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के 62 जिलाध्यक्षों को गुरुमंत्र देकर राहुल गांधी ने जो आदर्शवाद खड़ा किया है, क्या उसे दिल से कबूल करने के लिए पार्टी के बड़े नेता तैयार हैं। संगठन से चुनाव के बूथ तक कांग्रेस की मुश्किलों का मुकाबला भाजपा जैसी पार्टी से है, जहां हर दिन का रणनीतिक उद्घोष तैयार रहता है तथा पन्ना प्रमुख की ताजपोशियों में चुनाव की रिहर्सल के बही खाते तैयार रहते हैं। दरअसल कार्यकर्ताओं के बजाय नेताओं के वजन से कांग्रेस पार्टी का वजूद जमीनी स्तर का अवलोकन नहीं कर पाता है। आश्चर्य तब होता है जब पार्टी के विजयी विधायक या मंत्रियों के अधिकार वीआईपी हो जाते हैं और राजनीतिक संगत में मंच घूरने लगते हैं। बेशक राहुल गांधी ने सफलता के अध्यायों पर प्रतिज्ञा पत्र तैयार किया, लेकिन पार्टी को चौबीस घंटे की मेहनत के योग्य बनाने के लिए अपने तौर तरीके बदलने होंगे। जाहिर है कांगड़ा के संकल्प पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में देखे जाएंगे। हिमाचल में स्थानीय निकाय चुनाव में अगर कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है, तो पार्टी उत्तीर्ण होगी वरना आने वाले समय में विधानसभा चुनाव की तैयारी में भी इसका असर रहेगा। इसी तरह पंजाब विधानसभा चुनाव के चक्रव्यूह में कांग्रेस को अपना कद दिखाने के लिए गांव से खेत-खलिहान तक जाना होगा। जहां तक हिमाचल का प्रश्न है, सरकार की आर्थिक दिक्कतों को प्रदेश के जनमानस तक पहुंचाने के प्रयास अभी कारगर सिद्ध नहीं हुए हैं, जबकि विपक्षी भाजपा हर मोर्चे पर सरकार को घेरने की भरपूर कोशिश करती हुई दिखाई देती है। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने आर्थिक हकीकत के कई दर्पण खड़े करते हुए कई बड़े फैसले लिए और जिनकी जरूरत आने वाली हर सरकार को रहेगी। हिमाचल के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता के रास्ते पर सुक्खू सरकार ने कुछ अहम, कुछ व्यवस्थागत फैसले लिए, लेकिन पार्टी स्तर पर जनता के सामने इनकी पेशकश सक्रिय रूप से दर्ज नहीं हुई। कई खामियां पूर्व सरकार के रवैये से उभर कर सामने आईं, लेकिन कांग्रेस कोई एक बड़ा मजमून या मुद्दा खड़ा नहीं कर पाई। ऐसे में कांगड़ा से निकली रणनीति क्या अपनी सरकार की प्रचार तंत्र बनेगी। अंततः देखना यह होगा कि राहुल गांधी के मंचीय संदेशों को कांग्रेस जमीनी स्तर पर कैसे अपनाती है। अगर राहुल गांधी निर्देश दे रहे हैं कि लोगों के बीच जाकर सत्तारूढ़ पार्टी समस्याओं का समाधान करे, तो सर्वप्रथम यह समझना पड़ेगा कि सरकार ने जिस शिद्दत और राजस्व विभाग की सक्रियता से हजारों इंतकाल जैसे मामले निपटाए हैं, उसकी भूमिका क्या है। सरकार के फैसलों की दरगाह अगर पार्टी कार्यकर्ता आम जनता के दिलों में बना पाती है, तो यहां से कांगड़ा की भावना का प्रसार होगा, वरना सारे आदर्श मंच पर ही ढह जाएंगे। बहरहाल स्थानीय निकाय चुनावों, खास तौर पर नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को बतौर पार्टी चमत्कार करने की जरूरत है। धर्मशाला, पालमपुर, सोलन व मंडी में ये केवल निगम चुनाव नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार के प्रशासनिक मॉडल भी हैं। इस परिप्रेक्ष्य में पार्षदों के मार्फत पार्टी की नीतियां, दिशानिर्देश, जनता के बीच संपर्क, संवेदना तथा संभावना अगर परिलक्षित करनी है, तो कांगड़ा के मजमून आगे बढ़ाने होंगे। क्या राहुल गांधी के संदेश की अनुगूंज इन चुनावों में सुनी जाएगी, यह देखना होगा।

# बंगाल में कमल का खिलना !



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

देश के चार राज्यों तमिलनाडु केरल, असम व प. बंगाल के साथ एक केन्द्र प्रशासित क्षेत्र पुडुचेरी में गत माह सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं ने जिस प्रकार का जनादेश दिया है उसने केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की झोली वोटों से भर दी है, मगर दूसरी ओर उसने कांग्रेस पार्टी को भी निराश नहीं किया है। एक तरफ असम, बंगाल व पुडुचेरी में जनता ने भाजपा व उसके गठबन्धन एनडीए को गद्दी सौंपी है तो दूसरी तरफ केरल में उसने कांग्रेस के गठबन्धन को सत्ता के आसन पर बैठा दिया है। मगर भाजपा को दोहरी सफलता मिली है। प. बंगाल में इस पार्टी ने धुआंधार धमाकेदार जीत दर्ज करके पिछले 15 वर्षों से शासन कर रही क्षेत्रीय पार्टी तृणमूल कांग्रेस से सत्ता छीन ली है।

इन चुनावों में प. बंगाल के चुनावों पर पूरे देश की नजर थी क्योंकि यहां भाजपा की तृणमूल कांग्रेस से सीधी टक्कर थी और भाजपा के पास कोई कद्दावर क्षेत्रीय नेता भी नहीं था। यह एक कड़ुवा सच है कि स्व. प्रोफेसर हरिपद भारती के बाद जनसंघ या भाजपा का राज्य में कोई ऐसा कद्दावर नेता नहीं हुआ है जिसके नेतृत्व को आगे रख कर पार्टी चुनावी मैदान में उतरती। अतः पार्टी ने प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा, जिसकी रणनीति स्वयं गृहमन्त्री श्री अमित शाह ने बनाई। इससे यह भी सिद्ध हो गया कि श्री मोदी की लोकप्रियता में राष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रकार की कमी नहीं आयी है।



राज्यों के ये चुनाव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे पश्चिम एशिया युद्ध के साये में हुए जिसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा था। विपक्षी नेताओं ने इस युद्ध को लेकर श्री मोदी व उनकी सरकार की कड़ी आलोचना भी की मगर देश की जनता पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। युद्ध के कुप्रभावों से भारत को बचाने में मोदी सरकार ने जो रणनीति बनाई और पैट्रोल-डीजल व ईंधन गैस के दामों को जिस प्रकार थामे रखा, उसका असर यह पड़ा कि लोगों में सरकार की छवि बरकरार रही और इसका लाभ उसे चुनावों में भी मिला। इसके साथ ही इन राज्यों में जहां-जहां भी भाजपा मौजूद थी वहां उसके पक्ष में हवा चली।

असम व पुडुचेरी में पहले से ही भाजपा-एनडीए सरकारें थीं। इन राज्यों में सत्ता विरोधी लहर नहीं चल पाई और भाजपा को विजयश्री मिली। साथ ही बंगाल में जहां भाजपा विपक्ष में थी वहां इसे सत्ता कब्जाने में सफलता प्राप्त की। इसका प्रमुख कारण भी श्री मोदी की लोकप्रियता ही मानी जा रही है। मगर इसके पीछे हिन्दू-राष्ट्रवाद का सिद्धान्त भी काम कर रहा है जो कि भाजपा की मुख्य विचारधारा है। प. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की ममता दी सरकार को हराना लोहे के चने चबाने जैसा था मगर यहां भी मोदी मैजिक काम आया, क्योंकि राज्य में प्रधानमन्त्री ने घोषणा कर दी थी कि राज्य के सभी भाजपा प्रत्याशियों को दिया गया वोट उन्हें ही दिया गया वोट समझा जायेगा। हालांकि इस राज्य में भाजपा को बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ी और अपने चुनाव प्रचार को बहुत धारदार बनाना पड़ा।

राज्य में ममता दी की पार्टी ने भाजपाई नेताओं को बाहरी बता कर जो प्रचार किया उसे जनता ने पसन्द नहीं किया और प्रखर राष्ट्रवाद के पक्ष में अपनी राय व्यक्त की। ऐसा पहली बार हुआ कि यह राज्य जनसंघ या भाजपा की झोली में गया। इससे इस पार्टी के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना भी पूरा हुआ। बंगाल के भाजपा की झोली में आने के बाद अब गंगोत्री (उत्तराखंड) से लेकर गंगासागर (बंगाल) तक के राज्यों में भाजपा का शासन ही हो गया है। जहां तक केरल में कांग्रेस की जीत का सवाल है तो इस राज्य में भाजपा का कोई खास वजूद नहीं है मगर कांग्रेस ने यहां मार्क्सवादी पार्टी के गठबन्धन को पराजित करके सिद्ध कर दिया कि भारत जैसे धर्म प्राण देश में कम्युनिस्ट सिद्धान्तों की कोई आवश्यकता नहीं है।

केरल के अलावा साम्यवादियों का प्रभाव 2011 तक बंगाल में था। मगर इस वर्ष हुए राज्य चुनावों में ममता दी ने वामपंथियों को ठिकाने लगा दिया था। दरअसल बंगाल में शानदार जीत दर्ज करके भाजपा ने सभी राजनैतिक पंडितों को चौंकाया है क्योंकि इन चुनावों में चुनाव आयोग ही स्वयं एक मुद्दा बना हुआ था और ममता दी लगातार उसकी आलोचना इसलिए कर रही थीं कि इसने 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से सघन पुनरीक्षण के नाम पर काट दिये थे। इनमें से 27 लाख ऐसे थे जिन्होंने 2002 में या तो वोट डाला था अथवा उनका वंशावलि सम्बद्ध था। (चुनाव आयोग की मतदाता सूची में बने रहने की यह एक शर्त थी)।

इसके बावजूद राज्य में 93 प्रतिशत रिकार्ड मतदान हुआ था मगर फिर भी ममता दी के हाथ पराजय ही लगी। पुडुचेरी में एनडीए की पहले भी सरकार थी। लोगों ने इसी सरकार को दोहराने का मन बनाया। इसी प्रकार असम में भी श्री हेमन्त बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा नीत सरकार को दोहराया गया। लेकिन दक्षिण के सबसे प्रमुख राज्य तमिलनाडु में इस बार फिल्म अभिनेता विजय की नई पार्टी ने जिस तरह बाजी मारी है और सत्तारूढ़ द्रमुक की स्टालिन सरकार को सत्ता से उतारा है वह भी कम आश्चर्यजनक नहीं है। राज्य में फिल्मी हस्तियों में नेतृत्व ढूंढने की अपनी अलग राजनैतिक परंपरा रही है। यहां द्रमुक सरकार के मन्त्रियों ने जिस प्रकार हिन्दू संस्कृति को अपना निशाना बनाया था उसका दुष्प्रभाव भी मतदाताओं पर पड़ा। कुल मिलाकर ये चुनाव भारत में लोकतन्त्र को जीवन्त ही बनाते हैं।

## भाजपा का बढ़ता जनादेश: विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय

अरविंद रावल

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि नए युग का भारतीय मतदाता अब जात-पात, नफरत और अहंकार की राजनीति से ऊपर उठ चुका है। आज का मतदाता विकास और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है। वह अपने गांव, जनपद, जिला पंचायत, विधानसभा और लोकसभा में ऐसे प्रतिनिधि को चुनना चाहता है जो उसके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की ठोस गारंटी दे सके। इन चुनाव परिणामों को यदि खुले मन से विश्लेषित किया जाए, तो यह भी स्पष्ट होता है कि हारने वाले कई दल अपनी पराजय का ठीकरा चुनाव आयोग, ईवीएम या सरकारी तंत्र पर फोड़ने का प्रयास करते हैं। किंतु यह केवल आत्मसंतोष का एक माध्यम है। वास्तविकता यह है कि यदि ये दल ईमानदारी से आत्ममंथन करें, तो उन्हें अपनी हार के कारण अपने भीतर ही मिल जाएंगे।वर्तमान भारतीय राजनीति की यह विडंबना बन चुकी है कि जनप्रतिनिधि अपने ही क्षेत्र में जनता द्वारा नकारे जाने के बाद भी अपनी कमियों का आत्मविश्लेषण करने के बजाय बाहरी कारणों को दोष देते हैं। यही कारण है कि विपक्षी दल लगातार चुनाव दर चुनाव कमजोर होते जा रहे हैं। बिना गंभीर आत्ममंथन के केवल औपचारिक समीक्षा कर पुनः चुनावी मैदान में उतरना उनकी सबसे बड़ी भूल साबित हो रही है। इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी की सफलता का प्रमुख आधार उसका सतत आत्ममंथन और संगठनात्मक अनुशासन है। भाजपा की कार्यप्रणाली शुरू से ही ऐसी रही है कि वह छोटे से छोटे चुनावी पराजय का भी गहन विश्लेषण कर भविष्य की रणनीति तैयार करती है।

यह भी स्पष्ट है कि जाति, धर्म, धनबल या बाहुबल के सहारे मतदाता को सीमित समय तक ही प्रभावित किया जा सकता है। यदि किसी राजनीतिक दल को दीर्घकाल तक जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता बनाए रखनी है, तो उसे विकास और सुरक्षा की ठोस गारंटी बनना होगा। आज का मतदाता जागरूक है और वह राजनीतिक दलों की नीतियों तथा उनके व्यवहार का गहराई से आकलन करता है। वर्तमान समय में नफरत और अहंकार की राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। राष्ट्र का विकास और सुरक्षा ही अब राजनीति का केंद्र बिंदु बन चुके हैं। जो भी दल इन मूल मुद्दों से भटकता है, उसे जनता अपने मत के माध्यम से नकार देती है। वैश्विक अस्थिरता और राष्ट्रीय चुनौतियों के इस दौर में विपक्ष से यह अपेक्षा की जाती है कि वह राष्ट्रहित के मुद्दों पर सरकार के साथ खड़ा रहे। किंतु जब विपक्ष संकीर्ण राजनीति करता है, तो जागरूक मतदाता उसे भली-भांति पहचान लेता है। लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश वर्तमान परिदृश्य में विपक्ष निरंतर कमजोर होता जा रहा है। इसका प्रमुख कारण सकारात्मक राजनीति के स्थान पर नकारात्मकता और व्यक्तिवाद को प्राथमिकता देना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्षी दल भाजपा के बढ़ते जनादेश से ईर्ष्या करने के बजाय उससे सीख लें। उन्हें जनता के बीच जाकर यह विश्वास दिलाना होगा कि वे भी विकास और जनहित के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, राष्ट्रहित के मुद्दों पर एकजुट होकर सरकार के कार्यों पर रचनात्मक निगरानी रखना भी उनकी जिम्मेदारी है। अंततः, यह कहना उचित होगा कि भाजपा का बढ़ता जनादेश विपक्ष के लिए एक स्पष्ट संदेश है यदि राजनीति में प्रासंगिक बने रहना है, तो आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और जनहित को सर्वोपरि रखना ही होगा। अन्यथा, केवल विरोध की राजनीति करते रहना विपक्ष को और अधिक कमजोर ही करता जाएगा।

# राष्ट्रीय राजनीति को बदलने वाले नतीजे

राहुल वर्मा

चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव परिणाम मिले-जुले रहे। असम, केरलम और पुडुचेरी के परिणाम अनुमानों के अनुरूप रहे तो पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के नतीजे अप्रत्याशित एवं नाटकीय राजनीतिक परिवर्तन को रेखांकित कर रहे हैं। असम के बारे में माना जा रहा था कि भाजपा सत्ता में वापसी करने में सफल रहेगी तो केरलम में कांग्रेस को कामयाबी मिलेगी। पुडुचेरी में भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राह में कोई मुश्किल नहीं दिख रही थी। दो बड़े चुनावी राज्यों में से एक तमिलनाडु में नई-नवेली पार्टी टीवीके की भारी जीत ने राजनीतिक पंडितों को भी हैरान किया तो बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने लंबे समय से कायम ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। इन दोनों बड़े राज्यों में भारी राजनीतिक उलटफेर हुआ है।

पिछले कुछ वर्षों में असम भाजपा के राजनीतिक वर्चस्व वाले राज्य के रूप में उभरा है। लगातार सत्ता में रहने के बावजूद उसकी सीटों में बढ़ोतरी दर्शाती है कि जनता सरकार के कामकाज से काफी संतुष्ट है। 2023 में विधानसभा क्षेत्रों के नए सिरे से परिसीमन ने भी भाजपा की राजनीतिक ताकत बढ़ाई है। बोडोलैंड में सहयोगी दलों और असम गण परिषद के साथ ने भी पार्टी को मजबूती दी। कल्याणकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री हिमंत की लोकप्रियता भी उसके पक्ष में जाती है। दूसरी ओर कांग्रेस सांगठनिक स्तर पर एकदम लुंज-पुंज हो गई है। चुनावों के दौरान ही उसकी राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष के अलावा प्रचार अभियान समिति के प्रमुख जैसे दो दिग्गज नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। यह दर्शाता है कि राज्य की राजनीतिक हवा कांग्रेस के कितने विपरीत रही, जिसकी पुष्टि न केवल घटी हुई सीटों, बल्कि गौरव गोगोई जैसे नेता की हार में भी झलकती है, जिनके चेहरे पर पार्टी चुनाव लड़ रही थी।

केरलम में दस साल से वामपंथी सरकार सत्ता में थी, जिसने पिछले विधानसभा चुनाव में हर पांच साल में सरकार बदलने वाले राज्य के राजनीतिक रुझान को धता बताते हुए सत्ता में वापसी की थी। इसलिए यहां राजनीतिक परिवर्तन अवश्यंभावी माना जा रहा था। भाजपा यहां राजनीतिक पैठ बढ़ाने के प्रयास तो भरपूर कर रही है, पर वे फलीभूत नहीं हो पा रहे। वैसे भाजपा के इन प्रयासों की कीमत वाम दलों को चुकानी पड़ी, क्योंकि वह दक्षिण केरल और हिंदुओं विशेषकर एझावा जैसे उन समुदायों को साधने की जुगत में है, जो पारंपरिक रूप से वाम समर्थक माने जाते हैं। इसीलिए, केरलम की राजनीतिक लड़ाई में कांग्रेस के लिए कोई खास मुश्किल नहीं थी। केरलम से विदाई के बाद अब किसी भी राज्य में वामपंथी दलों की सरकार नहीं रह गई है। बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भले ही कुछ राजनीतिक प्रेक्षक हैरानी जताएं, लेकिन राज्य की सत्ता तक उसकी पहुंच बस समय की ही बात थी। वर्ष 2019 से हो रहे चुनावों के समय से ही भाजपा करीब 40 प्रतिशत मतों के स्तर पर अटकी थी और इसमें पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी उसे राज्य की कमान दिलाने को पर्याप्त थी। यह चुनाव उसके सत्तारोहण का पड़ाव बनकर उभरा। मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की भूमिका को भी भाजपा की चुनावी जीत में एक कारक माना जा सकता है, लेकिन यही इकलौता कारण नहीं रहा। राज्य की ममता बनर्जी सरकार लंबे समय से कायम सत्ता से उपजे असंतोष से भी जूझ रही थी।

विभिन्न योजनाओं को लेकर केंद्र के साथ उनका टकराव भी एक वर्ग को अखर रहा था कि राज्य को इसके चलते अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। ममता बनर्जी की निजी लोकप्रियता के बावजूद उन्हें सबसे अधिक दुष्परिणाम अपने स्थानीय कार्यकर्ताओं के मनमानेपन और बड़बोलेपन का ही भुगतना पड़ा, जो लोगों को आतंकित करने के साथ ही उनके दैनंदिन जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप भी करते थे। इस बार चुनाव आयोग द्वारा मुहैया व्यापक सुरक्षा छत्र राज्य सरकार से कुपित मतदाताओं को आश्वस्त करने वाला साबित हुआ और मतदान के रुझान से लेकर परिणाम भी इस पहलू को पुष्ट करते हुए प्रतीत होते हैं। भाजपा ने भी पिछले विधानसभा चुनाव में की गई गलतियों से सबक लेते हुए सकारात्मक अभियान पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका भी उसे लाभ मिला। चुनाव परिणामों को लेकर सबसे हैरान करने का काम तमिलनाडु ने किया है, जहां 1967 के बाद पहली बार द्रविड़ केंद्रित राजनीति से इतर कोई दल सत्ता के शिखर पर उभरा है। तमिलनाडु की राजनीति पर फिल्म जगत का प्रभाव हमेशा से रहा है और देश में पहले भी बड़े राजनीतिक उलटफेर हुए हैं, लेकिन अभिनेता से नेता बने विजय की जीत कई मायनों में अप्रत्याशित रही है। एक समय एनटीआर ने समूचे आंध्र प्रदेश का दौरा कर अपनी सिनेमाई छवि को राजनीतिक स्वरूप दिया था, लेकिन उसकी तुलना में विजय ने ऐसा कुछ नहीं किया। आम आदमी पार्टी और असम गण परिषद जैसे एकाएक सफल हुए राजनीतिक प्रयोगों की पृष्ठभूमि भी कहीं न कहीं किसी सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों से जुड़ी रही, लेकिन विजय की टीवीके के साथ ऐसा भी कुछ नहीं रहा। इसलिए उनकी जीत वाकई चौंकाने वाली है।

इन चुनावों से भाजपा को बड़ा राजनीतिक संबल मिलेगा। केरलम और तमिलनाडु में असफलता के बावजूद असम में पहले से अधिक मजबूती और बंगाल के प्रचंड जनादेश से उसका मिशन ईस्ट लगभग पूरा हो गया है। इससे उत्साहित पार्टी दक्षिण में और मजबूती के साथ अपनी ताकत लगाएगी। तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक की ऐसी जबरदस्त हार विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए के लिए तगड़ा झटका है, क्योंकि ये इस गठबंधन के प्रमुख स्तंभ रहे हैं। उनकी हार से इस गठबंधन का संतुलन भी बदलेगा। कांग्रेस का दो राज्यों में दांव लगा था, जिसमें केरलम की जीत से उसे दम तो मिलेगा, लेकिन असम उसके लिए जिस तरह विषम होता जा रहा है, उसकी टीस उसे सालती रहेगी। लोकसभा सीटों के लिहाज से बड़े राज्यों में निरंतर हाशिए पर पहुंचना भी उसके लिए चिंतित करने वाला पहलू बनता जा रहा है।

# ईरान बनाम इस्रायल : अमेरिका पोप की नसीहत और कसमसाता तुर्किये



डॉ. सुधीर सक्सेना

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

अमेरिका की हालत आज उस रस्सी की तरह है, जिसका सिरा जल जाये, मगर उसकी ऐंठन न जाये। इस्लामाबाद में हुई वार्ता की विफलता के लिये भी राष्ट्रपति ट्रंप का गरूर और ज़िद जिम्मेदार है, जबकि उनकी सनक और खब्त के फलस्वरूप अमेरिका के भीतर और बाहर उनका विरोध बढ़ता जा रहा है। ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, स्पेन, इटली, कोलंबिया और मेक्सिको के राष्ट्राध्यक्षों को छोड़ भी दें तो कैथोलिक - ईसाइयोंर के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप पॉल चौदहवें ने भी ट्रंप की तीखी आलोचना की है। गौरतलब बात यह है कि पोप पॉल की नसीहत को गंभीरता से लेने या मानने के विपरीत ट्रंप ने पोप पॉल का मखौल उड़ाते हुये बेहद तीखी बातें कहीं हैं। वह यह नहीं समझ पा रहे हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से परिस्थितियां और पेचीदा तथा बेकाबू होंगी और एशियाई तथा योरोपीय देशों में अमेरिका के प्रति विरोध की भावना में ज्वार आयेगा। अगर्चे अमेरिका इसमें विफल रहता हैं, तो भी होर्मुज के ईरानी आधिपत्य में जाने से अमेरिका को फजीहत और घाटे का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका के लिये सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि ईरान घुटने टेकने के बजाय तबाही का सामना करने को तैयार है।

सन 1948 में अपने जन्मकाल के बाद से ही युद्ध झेल रहे इस्रायल का पिछली सभी लड़ाइयों में अपर हैंड रहा है, किंतु इस दफा उसे पहली बार गंभीर क्षति हुई है। ईरान ने राजधानी तेल अवीव ही नहीं, हैफा और येरूशलम तक मार की है और समूचा इस्रायल उसकी जद में है। हूती, हिजबुल्लाह और हमास ईरान के साथ हैं और इस्लामी विश्व का शिया और सुन्नी धड़े में विभाजन नहीं होना इस्रायल - अमेरिका धुरी के लिये चिंता का सबब है। इस असमाप्त जंग का ताजा अहम पहलू यह है कि इस्रायल को सबक सिखाने के लिये तुर्किये कसमसा रहा है। तुर्क-राष्ट्रपति तैयप एर्दोगान इस्रायल को उसकी औकात बताने की बात कर रहे है। इस्रायल के मंत्री इतामार बेन ग्वीर ने जहां एर्दोगान पर अशोभन-टिप्पणी की है, वहीं नेतन्याहू ने कुर्दों के नरसंहार के लिये एर्दोगान को आड़े हाथों लिया है। गौरतलब है कि इस्तांबुल में तुर्किये अभियोजन प्राधिकरण ने नेतन्याहू, गवीर, काट्ज और ताली गोटलीब समेत 35 इस्रायलियों के खिलाफ इस्तगासा दाखिल कर करीब पाँच हजार साल तक की मांग की है। ताजा जंग से ओमान, यूएई, सऊदी अरब, कतर, बहरीन आदि में भय और बेचैनी है, वहीं आस्ट्रिया, स्विटरलैंड, इटली, स्पेन, ब्रिटेन एवं फ्रांस के अमेरिका को सहायता से हाथ खींचने से अमेरिका सांसत में है।

# किराये की संतान नहीं, अपनत्व का पुनर्जागरण चाहिए



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

जीवन की सांझ जब अपने पूरे विस्तार के साथ उतरती है, तब मनुष्य को सबसे अधिक आवश्यकता दवाइयों या धन की नहीं, बल्कि अपनों के सान्निध्य और अपनों की होती है। यह वही समय होता है जब व्यक्ति अपने जीवन की संचित स्मृतियों, अनुभवों और भावनाओं को साझा करना चाहता है। लेकिन आज का कठोर यथार्थ यह है कि अनेक बुजुर्ग अपने ही घरों में अजनबी-से होकर रह गए हैं। विशाल मकानों में गूंजती खामोशी, सूने आंगन, और दरवाजे पर टकटकी लगाए प्रतीक्षा करती आंखें-यह सब मिलकर एक ऐसी त्रासदी रचते हैं, जो केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन का संकेत है। आज वैश्वीकरण, रोजगार की अनिवार्यता और बेहतर भविष्य की तलाश ने नई पीढ़ी को देश-विदेश के कोनों में बिखेर दिया है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जो सबसे बड़ी कीमत चुकाई जा रही है, वह है पारिवारिक संवेदना का क्षरण। अनेक बच्चे विदेश जाकर वहीं बस जाते हैं, अपने जीवन में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि माता-पिता केवल फोन कॉल और औपचारिक संदेशों तक सीमित रह जाते हैं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो एक ही शहर में रहते हुए वर्षों माता-पिता की सुध नहीं लेते। यह केवल दूरी की समस्या नहीं, बल्कि भावनात्मक दूरी का संकट है।

इसी संवेदनहीनता के वातावरण में एक नया और विचलित करने वाला प्रचलन उभरा है-किराये की संतान। कुछ कंपनियां और संस्थान अब ऐसे युवाओं या बच्चों को उपलब्ध करा रहे हैं, जो बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं, उनसे बातें करते हैं, उनके साथ सैर करते हैं, खेलते हैं और उनके अकेलेपन को कुछ हद तक कम करने का प्रयास करते हैं। पहली दृष्टि में यह व्यवस्था राहत देती प्रतीत होती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह हमारे सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रमाण बन जाती है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है-क्या अब ममता और अपनत्व भी अनुबंधों और पैकेजों में बांटे जाएंगे? क्या संबंधों की गरमाहट अब सेवा-शुल्क के साथ उपलब्ध होगी? यह स्थिति केवल विडंबना नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक चेतावनी है कि हम अपने मूल्यों से कितनी दूर चले आए हैं। किराये की संतान सुलभ कराने की परम्परा आधुनिक समाज-संरचना की एक बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है।

हालांकि यह भी सत्य है कि हर परिवार की परिस्थितियां समान नहीं होतीं। कई बार बच्चों के सामने ऐसी मजबूरियां होती हैं, जिनके कारण वे माता-पिता के साथ नहीं रह पाते। वहीं कुछ बुजुर्ग भी अपने स्वभाव या सोच के कारण नई पीढ़ी के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाते। लेकिन इन अपवादों के बावजूद, व्यापक स्तर पर जो प्रवृत्ति उभर रही है, वह आत्मकेंद्रित जीवनशैली और संवेदनाओं के ह्रास की ही परिणति है। और भी चिंताजनक तथ्य यह है कि यह सुविधा केवल उन बुजुर्गों के लिए सुलभ है, जिनके पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन हैं। मध्यमवर्गीय या निम्नवर्गीय बुजुर्ग, जिनकी आय के स्रोत सीमित हो चुके हैं, वे इस प्रकार की सेवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते। निजी क्षेत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जहां पेंशन नगण्य होती है और चिकित्सा खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। ऐसे में उनका जीवन आर्थिक असुरक्षा और मानसिक अवसाद के बीच झूलता रहता है।



निश्चिततौर पर आज का समाज तीव्र गति से बाज़ारवाद और भौतिकवाद की ओर बढ़ रहा है, जहाँ संबंधों की ऊष्मा और भावनाओं की गहराई धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। जीवन की प्राथमिकताएँ अब मानवीय मूल्यों से हटकर उपभोग, प्रतिस्पर्धा और आर्थिक सफलता तक सीमित हो गई हैं। परिणामस्वरूप रिश्ते भी उपयोगिता और स्वार्थ के आधार पर आँके जाने लगे हैं। परिवार, जो कभी संवेदना, सहारा और संस्कार का केंद्र हुआ करता था, अब व्यस्तताओं और महत्वाकांक्षाओं के दबाव में बिखरता नजर आ रहा है। इस बदलते परिवेश में बुजुर्ग पीढ़ी सबसे अधिक उपेक्षित हो रही है, क्योंकि वे न तो बाज़ार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं और न ही नई पीढ़ी की भौतिक अपेक्षाओं को पूरा कर पाते हैं। उनके अनुभव, त्याग और स्नेह को अब बोझ या बाधा के रूप में देखा जाने लगा है। संयुक्त परिवारों के टूटने और एकल परिवारों के बढ़ने से उनकी सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा भी कमजोर हुई है। डिजिटल दुनिया ने संवाद को और अधिक सतही बना दिया है, जिससे आत्मीयता का स्थान औपचारिकता ने ले लिया है। ऐसे में बुजुर्गों का अकेलापन, असुरक्षा और उपेक्षा बढ़ती जा रही है, जो हमारे समाज के नैतिक पतन का संकेत है।

विकसित देशों में बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा की मजबूत व्यवस्थाएं हैं। वहां सरकारें उनकी स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन और देखभाल की जिम्मेदारी निभाती हैं। इसके विपरीत भारत में, जहां परिवार को ही सबसे बड़ी सुरक्षा माना गया था, आज वही ढांचा कमजोर पड़ता जा रहा है। सरकारें कर तो वसूलती हैं, लेकिन बुजुर्गों के लिए समुचित कल्याणकारी योजनाओं का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। ऐसी परिस्थितियों में समाधान केवल भावनात्मक अपील तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए बहुआयामी और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सबसे पहले हमें पारिवारिक मूल्यों के पुनर्जागरण की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। बच्चों में बचपन से ही माता-पिता के प्रति कर्तव्यबोध, सम्मान और संवेदना का संस्कार विकसित करना होगा। शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम न होकर, जीवन मूल्यों का संवाहक बनेकृयह सुनिश्चित करना समय की मांग है।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-वृद्धाश्रमों और अनाथालयों का एकीकरण। यह विचार केवल कल्पना नहीं, बल्कि एक अत्यंत व्यावहारिक और मानवीय समाधान हो सकता है। यदि एक ही परिसर में बुजुर्गों और अनाथ बच्चों को साथ रखा जाए, तो दोनों की समस्याओं का समाधान संभव है।

साररूप में यह समझना होगा कि समाज केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि संवेदनाओं की समृद्धि से विकसित होता है। यदि हम अपने बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं, तो हमारी सारी उपलब्धियां अधूरी हैं। किराये की संतान का प्रचलन हमें यह सोचने पर विवश करता है कि कहीं हम संबंधों को भी वस्तु तो नहीं बना रहे, भौतिकता की तराजू में तो नहीं तौल रहे हैं। यह समय है आत्ममंथन का अपने भीतर झांकने का और यह तय करने का कि हम कैसा समाज बनाना चाहते हैं। यदि हम सच में एक स्वस्थ, संवेदनशील और संतुलित समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें अपनत्व के उस दीप को पुनः प्रज्वलित करना होगा, जिसकी रोशनी में हर बुजुर्ग अपने जीवन की सांझ को गरिमा और सुकून के साथ जी सके।

## बंगाल की माताओं-बहनों ने आतंक को नकार कर चुनी सुशासन की सरकार: रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मंगलवार को यहां सीआर पार्क स्थित मां काली मंदिर में पूजा–अर्चना की और आशीर्वाद लिया। श्रीमती गुप्ता ने इस जीत को भारतीय राजनीति का एक निर्णायक मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भगवा शान से लहरा रहा है। यह जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की जनता का विश्वास विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति में ही है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक उल्लेख करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने संसद में इस विधेयक का विरोध किया था, बंगाल की माताओं–बहनों ने उन्हें अपने वोट की चोट से मुंहतोड़ जवाब दिया है। बंगाल की महिलाओं ने भय, आतंक और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारकर यह सिद्ध कर दिया है कि नारी शक्ति अब अपने सम्मान और अधिकारिों के लिए किसी भी दमनकारी शक्ति से टकराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि बंगाल में यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की नीति की जीत है। भय, आतंक और अत्याचार के वातावरण के बावजूद बंगाल की महिलाओं ने निर्भीक होकर मतदान किया और लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए सुशासन की सरकार स्थापित की। यह जीत उन अनगिनत कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम है, जिन्होंने बंगाल की मिट्टी को अपने पसीने और रक्त से सींचा है। यह जीत लोकतंत्र के प्रति अटूट विश्वास की जीत है।

## आधी आबादी ने विपक्ष को अपमान का दिया करारा जवाब: केशव



**प्रयागराज(वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जिन दलों ने आधी आबादी का अपमान किया और जनता के अधिकारों में बाधा डाली, उन्हें मतदाताओं ने करारा जवाब दिया है। प्रयागराज पहुंचे श्री मौर्य ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और डीएमके जैसे दल जहां–जहां सत्ता में रहे, वहां विकास के बजाय तुष्टिकरण, जातिवाद और परिवारवाद को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों ने घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम किया, जिसका परिणाम अब चुनावी पराजय के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्षी दल अभी भी नहीं चेते, तो जनता उन्हें भविष्य में भी इसी तरह सबक सिखाएगी। असम और पश्चिम बंगाल में मुस्लिम विधायकों की जीत के सवाल पर मौर्य ने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को केवल मुस्लिम वोट की चिंता है और वह बहुसंख्यक हिंदुओं की उपेक्षा करती है। श्री मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में सभी मतदाता समान हैं और किसी भी दल को सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए, अन्यथा उसका राजनीतिक अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। वहीं, राहुल गांधी और अखिलेश यादव द्वारा चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए मौर्य ने कहा कि यह दोनों नेताओं की हताशा और निराशा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा चुनाव आयोग या केंद्रीय बलों के सहारे चुनाव जीतती, तो तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी उसकी सरकार होती।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत तृणमूल के अहंकार के खिलाफ ऐतिहासिक जनादेश: धर्मेंद्र प्रधान



**भुवनेश्वर, (वार्ता)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के कथित अन्याय, उत्पीड़न और अहंकार के खिलाफ जनता का एक ऐतिहासिक जनादेश बताया है। यह फैसला बंगाल के लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिन्होंने सत्ताधारी दल के वर्षों के कुशासन के बजाय भाजपा के शासन मॉडल को चुना है। केंद्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राज्य में पार्टी की पहली जीत है। उन्होंने इस अभियान का मार्गदर्शन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया। महिलाओं के मुद्दों पर जोर देते हुए श्री प्रधान ने दावा किया कि बंगाल की महिला मतदाताओं ने सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा किए गए कथित अत्याचारों और संवेदनहीन बयानों का कड़ा विरोध किया है। श्री प्रधान ने ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाया कि वह महिलाओं की गरिमा और उनके कल्याण की रक्षा करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने आदिवासी समुदायों की उपेक्षा की, किसानों को केंद्रीय कल्याणकारी लाभों से वंचित रखा और युवाओं की बेरोजगारी को दूर करने में असफल रही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनता का यह फैसला इन नीतियों को सिरे से खारिज करने जैसा है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उनके अटूट विश्वास की जीत है।

# होर्मुज में संघर्ष... अमेरिका ने ईरान की 6 नावों को उड़ाने का किया दावा

नई दिल्ली

अमेरिकी सेना ने ईरान की छह छोटी नावों को नष्ट करने का दावा किया है। इसके साथ ही ईरानी क्रूज मिसाइलों और ड्रोन को रोकने की बात भी कही है। जानकारी के अनुसार, तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते शिपिंग शुरू करने के अमेरिकी नौसैनिक प्रयास को रोकने की कोशिश कर रहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रोजेक्ट फ्रीडम नाम से यह ऑपरेशन शुरू किया। इसके जरिए वे इस अहम जलमार्ग का नियंत्रण ईरान से वापस लेना चाहते है। मालूम हो कि, ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग बंद ही कर दिया था।

हालांकि, 8 अप्रैल को शुरू हुआ संघर्ष–विराम अभी भी लागू है या नहीं, इसको लेकर सेंट्रल कमांड



के प्रमुख, अमेरिकी एडमिरल ब्रैड कूपर ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। यह हमला तब हुआ जब ईरान ने इस क्षेत्र में, जिसमें सोमवार को ड्रोन और मिसाइल हमले भी शामिल थे, आक्रामक रुख अपनाया है। कूपर ने आगे कहा, उन जहाजों पर कई क्रूज मिसाइलें, ड्रोन और छोटी नावें दागी हैं जिनकी हम सुरक्षा कर रहे हैं। हमने रक्षात्मक हथियारों के सटीक इस्तेमाल से उन सभी खतरों को नाकाम कर दिया है। कूपर ने कहा कि उन्होंने ईरानी सेनाओं को सख्ती से सलाह दी है कि, वे अमेरिकी सैन्य संपत्तियों से काफी दूर रहें, क्योंकि वाशिंगटन यह ऑपरेशन शुरू कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में 15,000 अमेरिकी सैनिक, अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक जहाज, 100 से ज्यादा जमीन और समुद्र–आधारित विमान और पानी के नीचे की संपत्तियां शामिल हैं। उन्होंने कहा, जो अमेरिकी कमांडर मौके पर मौजूद हैं, उनके पास अपनी टुकड़ियों और वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए जरूरी सभी अधिकार हैं। इस बीच सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक दक्षिण कोरियाई जहाज में धमाका हुआ, लेकिन ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में टिप्पणी की कि, वह दक्षिण कोरियाई जहाज इस ऑपरेशन का हिस्सा नहीं था, और शायद उसे ईरान के पास जहाजों की आवाजाही की सुरक्षा के अमेरिकी प्रयासों में शामिल हो जाना चाहिए। ट्रंप का अनुमान था कि अमेरिका ने ईरान की सात तेज नावों को डुबो दिया है।होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के अमेरिकी ऑपरेशन में कई कदम शामिल थे, जिसमें सबसे पहले ईरानी बारूदी सुरंगों से रास्ता साफ करना शामिल था। इसके बाद, अमेरिका ने सोमवार को ही इस जलडमरूमध्य से अमेरिका का झंडा लगे दो वाणिज्यिक जहाजों को गुजारकर इस रास्ते की सुरक्षा साबित कर दी। वहीं, दूसरी और ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में कोई भी वाणिज्यिक जहाज इस जलडमरूमध्य से नहीं गुजरा है, और इसके विपरीत अमेरिका के दावे झूठे हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने भी उन रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि अमेरिका ने ईरान के जहाजों को डुबो दिया है।

## पाक सेना ने हाफिज सईद-मसूद अजहर के लिए लड़ी लड़ाई ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पड़ोसी देश का सबसे बड़ा कबूलनामा

नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी से कुछ दिन पहले, लश्कर–ए–तैबा से जुड़े एक कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी नेता की कथित टिप्पणियों ने आतंकी समूहों के साथ पाकिस्तान के संबंधों की फिर से जांच शुरू कर दी है। नेता ने दावा किया कि पिछले साल भारत द्वारा हाफ़िज़ सईद और मसूद अज़हर जैसे नामित आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने उनके लिए लड़ाई लड़ी। पाकिस्तानी नेता शाहिर सियालवी ने कथित तौर पर लश्कर–ए–तैबा से जुड़े एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं, जहां उन्होंने कहा कि पहली बार पाकिस्तानी सेना ने हाफ़िज़ सईद और मसूद अज़हर के लिए लड़ाई लड़ी। लश्कर–ए–तैबा के संस्थापक हाफिज सईद और जैश–ए–मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी हैं। खबरों के अनुसार, इस कार्यक्रम में



मुज़म्मिल इकबाल हाशमी भी शामिल थे, जिन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका ने आतंकवादी घोषित किया है। सियालवी ने कथित तौर पर यह भी कहा कि भारत ने मुरीदके और बहावलपुर में उन ठिकानों पर हमले किए थे, जहां कई आतंकवादी मारे गए थे। उन्होंने दावा किया कि हमलों के बाद, पाकिस्तान ने अपने संदेश में बदलाव करते हुए मारे गए लोगों को आतंकवादी के बजाय स्वतंत्रता सेनानी के रूप में पेश किया। रिपोर्ट किए गए बयानों के अनुसार, मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार मौलवियों द्वारा नहीं, बल्कि पाकिस्तानी सेना के धार्मिक अधिकारियों द्वारा किए गए थे। सियालवी ने आगे दावा किया कि वर्दीधारी कर्मियों ने शवों को कंधा दिया, जिसे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संकेत देने का प्रयास बताया कि मृतक आतंकवादी नहीं बल्कि एक उद्देश्य के लिए लड़ने वाले योद्धा थे। यदि ये बयान सत्यापित होते हैं, तो इससे भारत के उस पुराने आरोप को और बल मिलने की संभावना है कि पाकिस्तान का सैन्य प्रतिष्ठान अपनी धरती से संचालित आतंकी संगठनों का समर्थन करता है। भारत ने पिछले साल 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें 22 अप्रैल को 26 नागरिक मारे गए थे। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया था, जिसमें लश्कर–ए–तैबा और जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े ठिकाने भी शामिल थे। इन हमलों के कारण चार दिनों तक भीषण सैन्य झड़पें हुईं, जो 10 मई को आगे की कार्रवाई रोकने के समझौते के साथ समाप्त हुईं। इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर को आतंकी समूहों और उनके संरक्षकों को करारा प्रहार देने के लिए भारत द्वारा उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी के उपयोग का एक अद्वितीय उदाहरण बताया।

## 2027 चुनाव से पहले महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश

लखनऊ, (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की स्पष्ट मांग है कि संसद में पारित महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू करने की तत्काल घोषणा की जाए। यह विधेयक समस्त विपक्ष के सहयोग से पारित हुआ है, ऐसे में अब भाजपा सरकार को अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। यदि सरकार इस पर घोषणा नहीं करती है, तो उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भाजपा और उसके सहयोगी दल महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ हैं।

उन्होने कहा कि जब तक इस मुद्दे पर सरकार की ओर से स्पष्ट घोषणा नहीं की जाती, तब तक उनकी पार्टी इस मांग को लगातार उठाती रहेगी। पार्टी हर सप्ताह अलग–अलग स्थानों पर इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी और महिला आरक्षण लागू कराने के लिए दबाव बनाएगी। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाना समय की मांग है। बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली पार्टी कार्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए सपा पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण का विरोध किया था लेकिन महिलायें उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी।

## भारत की सैन्य शक्ति रक्षा उद्योगों के कारखानों में निर्मित होती है : संजय सेठ

नयी दिल्ली, (वार्ता)

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय रक्षा बलों के अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प को देते हुए कहा है कि अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों और प्रणालियों ने इसे और मजबूत बनाया है। श्री सेठ ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मंगलवार को 'नॉर्थ टेक संगोष्ठी' को संबोधित करते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ तथा स्टार्ट–अप को देश के ब्रांड एंबेसडर बताया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट–अप और एमएसएमई भविष्य की वृद्धि के प्रेरक बल हैं और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे हमारे युग के विश्वकर्मा हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर भारत के शत्रुओं की कुटिल योजनाओं को विफल करने के लिए रक्षा बलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'मेड–इन–इंडिया' उपकरणों का प्रभावी उपयोग इस बात का प्रमाण है कि पूरा देश–सरकार, रक्षा सार्वजनिक उपक्रम और निजी क्षेत्र, विशेषकर नवप्रवर्तक, स्टार्ट–अप और एमएसएमई–रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए संकल्पित है।

श्री सेठ ने कहा कि रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन और रक्षा निर्यात के आंकड़े 'नए भारत' के उदय का प्रमाण हैं, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए क्षमताओं को मजबूत करने में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा, यह नया भारत न तो किसी पर बुरी नजर डालता है और न ही कोई उसकी संप्रभुता को चुनौती दे तो वह चुप बैठता है। रक्षा राज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज की तकनीक कल अप्रासंगिक हो सकती है इसलिए उद्योग जगत को वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच तकनीकी दृष्टि से आगे रहने के लिए नई सोच अपनानी चाहिए। उन्होंने देश के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की पहलों को रेखांकित किया और कहा कि नवाचार एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें सरकार का पूरा समर्थन रहेगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार करते हुए उद्योग जगत से इसे और ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। केंद्रीय कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने उद्योग जगत से रक्षा बलों के साथ मिलकर उभरते क्षेत्रों में वर्तमान परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने और भारतीय सेना को भविष्य के लिए तैयार बल बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता से रणनीतिक स्वायत्तता, तकनीकी संप्रभुता और परिचालन अनुकूलन प्राप्त होगा। तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी 2026 का आयोजन भारतीय सेना की उत्तरी और केंद्रीय कमानों तथा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स द्वारा 'रक्षा त्रिवेणी संगम – जहां तकनीक, उद्योग और सैनिकता का संगम होता है' विषय पर किया गया है।

## चीन की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 21 लोगों की मौत

हुनान, (वार्ता)

चीन के हुनान प्रांत में एक पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गयी है और 61 घायल हो गये हैं। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गयी है और 61 लोग घायल हुये हैं।बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है कि हुनान प्रांत के लियूयांग शहर के हुआशेंग पटाखा संयंत्र में यह विस्फोट सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 16ः40 बजे हुआ। बचाव दल ने मुस्तैदी दिखाते हुये संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।प्रशासन ने खोज और बचाव अभियान चलाने के लिये तत्काल अधिकारियों की तैनाती की तथा घायलों के उपचार के लिए करीब 500 कर्मियों को भी तैनात किया। रोबोट की मदद से पटाखा कारखाने की इमारत के भीतर फंसे लोगों को ढूंढने का काम किया गया। स्थानीय पुलिस ने विस्फोट के कारणों की जांच का काम आरंभ कर दिया है और इस दौरान पटाखा कंपनी के प्रभारी व्यक्ति से भी पूछताछ की गयी है।



बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने जानकारी दी कि कारखाना परिसर के भीतर स्थित बारूद के दो गोदाम बचाव कार्यों के दौरान उच्च जोखिम पैदा कर रहे थे। बचाव दलों को पटाखा संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे से सभी को हटाना पड़ा। बचाव कार्यों के दौरान कोई दुर्घटना न हो जाये, इसे ध्यान में रखकर दुर्घटनाग्रस्त इलाके में नमी बढ़ाने के उपाय भी किये गये। घटनास्थल से प्रसारित एक टीवी कार्यक्रम में सी.सी.टी.वी. के संवाददाता ने बताया कि विस्फोट इतना विनाशकारी था कि कारखाने के पास स्थित एक आवासीय भवन की खिड़कियां भी टूट गयीं। रिपोर्ट के मुताबिक पटाखा कारखाने में हुये विस्फोट में घायल हुये लोगों की आयु 20 से 60 वर्ष के बीच है और कुछ लोगों को उड़ते हुए मलबे की चपेट में आने से हड्डियों में गंभीर चोटें आयी हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने निर्देश दिये हैं कि दुर्घटना के बाद जो लोग अभी भी लापता हैं, उनकी तलाश की जाये और गंभीर रूप से घायल लोगों को बचाने के हर संभव प्रयास किये जायें। श्री जिनपिंग ने दुर्घटना की जांच करने और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिये हैं। लियूयांग शहर पटाखा निर्माण के लिए जाना जाता है और रिपोर्टों में इसे दुनिया का सबसे बड़ा पटाखा उत्पादक शहर बताया गया है।

चीन में पटाखा फैक्ट्रियों और दुकानों में विस्फोट होना कोई असामान्य बात नहीं है और ये अक्सर जानलेवा होते हैं। फरवरी में वहां हुबेई प्रांत में एक पटाखे की दुकान में हुये विस्फोट में 12 लोग मारे गये थे।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**




## द केरल स्टोरी को तीन साल पूरे, सनशाइन पिक्चर्स ने इस खास अंदाज में मनाया जश्न

बॉलीवुड फिल्मकार विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म द केरल स्टोरी के प्रदर्शन के आज तीन साल पूरे हो गये हैं। विपुल अमृतलाल शाह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे निडर और दूरदर्शी फिल्म मेकर्स में से एक हैं, जो अपनी साहसी, नई और दिलचस्प कहानियों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने सालों में कई सफल प्रोजेक्ट्स दिए हैं। उनकी सबसे चर्चित और साहसी फिल्मों में से एक, द केरल स्टोरी, भारतीय सिनेमा में बहुत बड़ी हिट साबित हुई। आज फिल्म की रिलीज को तीन साल पूरे हो गए हैं। यह एक ऐसी कहानी के रूप में खड़ी है जिसने हर तरफ चर्चा छेड़ी, कई सवाल उठाए और पूरे देश के दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा, और देखते ही देखते यह एक ब्लॉकबस्टर हिट बन गई। इस खास मौके का जश्न मनाते हुए, सनशाइन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट के जरिए फिल्म की तीसरी सालगिरह मनाई और इसके प्रभावशाली सफर को याद किया।द केरल स्टोरी एक बहुत ही गंभीर और सोचने पर मजबूर करने वाली फिल्म है, जो सची घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म कट्टरपंथ जैसे बेहद संवेदनशील और पेचीदा विषय को उठाती है। फिल्म में केरल की कुछ युवा लड़कियों की कहानी दिखाई गई है जो कट्टरपंथी रास्तों की तरफ भटक जाती हैं। साथ ही, यह फिल्म दिखाती है कि इसका उनके परिवारों और समाज पर कितना गहरा और बुरा असर पड़ता है।इसे सुदीप्तो सेन ने डायरेक्ट किया है और सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सिद्धि इडनानी और सोनिया बलानी जैसी दमदार स्टारकास्ट है।

## मुगल-ए-आजम का संगीत देने से मना कर दिया था नौशाद ने

1960 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म मुगल–ए–आजम के मधुर संगीत को आज की पीढ़ी भी गुनगुनाती है, लेकिन इसके गीत को संगीतबद्ध करने वाले संगीत सम्राट नौशाद ने पहले मुगल–ए–आजम का संगीत निर्देशन करने से इंकार कर दिया था। कहा जाता है मुगल–ए–आजम के निर्देशक के. आसिफ एक बार नौशाद के घर उनसे मिलने के लिए गए। नौशाद उस समय हारमोनियम पर कुछ धुन तैयार कर रहे थे तभी के. आसिफ ने 50 हजार रुपए के नोटों का बंडल हारमोनियम पर फेंका। नौशाद इस बात से बेहद क्रोधित हुए और नोटों से भरा बंडल के. आसिफ के मुंह पर मारते हुए कहा कि ऐसा उन लोगों के लिए करना, जो बिना एडवांस फिल्मों में संगीत नहीं देते, मैं आपकी फिल्म में संगीत नहीं दूंगा। बाद में के. आसिफ के मान–मनौवल पर नौशाद न सिर्फ फिल्म का संगीत देने के लिए तैयार हुए बल्कि इसके लिए एक भी पैसा नहीं लिया।नौशाद के बचपन का एक वाकया बड़ा ही दिलचस्प है। लखनऊ में भोंदूमल एंड संस की वाद्य यंत्रों की एक दुकान थी जिसे संगीत के दीवाने नौशाद अक्सर हसरतभरी निगाहों से देखा करते थे। एक बार दुकान मालिक ने उनसे पूछ ही लिया कि वे दुकान के पास क्यों खड़े रहते हैं? तो नौशाद ने दिल की बात कह दी कि वे उसकी दुकान में काम करना चाहते हैं। वे जानते थे कि इसी बहाने वे वाद्य यंत्रों पर रियाज कर सकेंगे। एक दिन वाद्य यंत्रों पर रियाज करने के दौरान मालिक की निगाह नौशाद पर पड़ गई और उसने उन्हें डांट लगाई कि उन्होंने उसके वाद्य यंत्रों को गंदा कर दिया है लेकिन बाद में उसे लगा कि नौशाद ने बहुत मधुर धुन तैयार की है तो उसने उन्हें न सिर्फ वाद्य यंत्र उपहार में दे दिए बल्कि उनके लिए संगीत सीखने की व्यवस्था भी करा दी।



नौशाद अपने एक दोस्त से 25 रुपए उधार लेकर 1937 में संगीतकार बनने का सपना लिए मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर नौशाद को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यहां तक कि उन्हें कई दिनों तक फुटपाथ पर ही रात गुजारनी पड़ी। इस दौरान नौशाद की मुलाकात निर्माता कारदार से हुई जिन की सिफारिश पर उन्हें संगीतकार हुसैन खान के यहां 40 रुपए प्रतिमाह पर पियानो बजाने का काम मिला। इसके बाद उन्होंने संगीतकार खेमचन्द्र प्रकाश के सहयोगी के रूप में काम किया। बतौर संगीतकार, नौशाद को वर्ष 1940 में प्रदर्शित फिल्म प्रेमनगर में 100 रुपए मासिक वेतन पर काम करने का मौका मिला। वर्ष 1944 में प्रदर्शित फिल्म रतन में अपने संगीतबद्ध गीत अंखियां मिला के, जिया भरमा के, चले नहीं जाना... की सफलता के बाद नौशाद पारिश्रमिक के तौर पर 25,000 रुपए लेने लगे। इसके बाद नौशाद ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और फिल्मों में एक से बढ़कर एक संगीत देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नौशाद ने करीब छह दशकों के अपने फिल्मी सफर में लगभग 70 फिल्मों में संगीत दिया। उनके फिल्मी सफर पर यदि एक नजर डालें तो पाएंगे कि उन्होंने सबसे यादा फिल्में गीतकार शकील बदायूंनी के साथ ही कीं और उनके बनाए गाने जबर्दस्त हिट हुए। नौशाद के पसंदीदा गायक के तौर पर मोहम्मद रफी का नाम सबसे ऊपर आता है। उन्होंने शकील बदायूंनी और मोहम्मद रफी के अलावा लता मंगेशकर, सुरैया, उमादेवी (टुनटुन) और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को भी फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नौशाद ऐसे पहले संगीतकार थे जिन्होंने पार्श्वगायन के क्षेत्र में सांउड मिक्सिंग और गाने की रिकॉर्डिंग को अलग रखा। फिल्म संगीत में एकॉर्डियन का सबसे पहले इस्तेमाल नौशाद ने ही किया था। हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री में संगीत सम्राट नौशाद पहले संगीतकार हुए जिन्हें सर्वप्रथम फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 1953 में प्रदर्शित फिल्म बैजू बावरा के लिए नौशाद सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किए गए। यह भी चौंकाने वाला तथ्य है कि इसके बाद उन्हें कोई फिल्मफेयर पुरस्कार नहीं मिला। भारतीय सिनेमा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। लगभग छह दशकों तक अपने संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले महान संगीतकार नौशाद पांच मई 2006 को इस दुनिया से रुखसत हो गये।

## राघव जुयाल और कोमल पावस्कर की नई जोड़ी है इकाई की सबसे बड़ी खासियत



बॉलीवुड फिल्मकार विकास बहल की आगामी रोमांटिक थ्रिलर इकाई को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है। इस फिल्म की सबसे दिलचस्प बातों में से एक है राघव जुयाल और डेब्यू कर रही कोमल पावस्कर की ताज़ा ऑन–स्क्रीन जोड़ी।जहां फिल्म रोमांस और सस्पेंस का दिलचस्प मिश्रण पेश करने का वादा करती है, वहीं सूत्रों के अनुसार राघव और कोमल के बीच की केमिस्ट्री इस प्रोजेक्ट का एक अहम आकर्षण बनकर सामने आई है। कहा जा रहा है कि उनकी जोड़ी कहानी में एक अलग ही भावनात्मक गहराई और ताज़गी जोड़ती है। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, इकाई की सबसे बड़ी ताकतों में से एक राघव और कोमल के बीच का डायनामिक है। जहां राघव अपने अनप्रेडिक्टेबल और मैग्नेटिक अंदाज़ के साथ आते हैं, वहीं कोमल की सहज और नैचुरल मौजूदगी उन्हें स्क्रीन पर तुरंत आकर्षक बनाती है। ऐसे में दोनों मिलकर एक ऐसी केमिस्ट्री बनाते हैं, जो रॉ होने के साथ–साथ विश्वसनीय और ताज़गी से भरपूर है। सूत्र ने कहा कि इस जोड़ी की एक खासियत यह भी है कि यह पारंपरिक नहीं लगती। जिस तरह से दोनों एक–दूसरे को पूरा करते हैं, उसमें एक भावनात्मक ईमानदारी है, और यह कहानी को एक अलग टेक्सचर देती है। यही वजह है कि उनकी परफॉर्मेंस के साथ उनका आपसी कनेक्शन फिल्म के सबसे बड़ी चर्चा का विषय बन गया है। अपनी अलग और दिलचस्प भूमिकाओं के जरिए अपने दर्शकों को अपने किरदारों से लगातार चौंकाते आ रहे राघव जुयाल के साथ अपनी पहली फिल्म इकाई से डेब्यू कर रहीं कोमल पावस्कर भी सुर्खियों में आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ऐसे में इकाई एक ऐसी नई जोड़ी पेश करने जा रही है, जो ताज़गी और यादगार प्रभाव दोनों लेकर आ सकती है। इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि इकाई एक नई और दिलचस्प ऑन–स्क्रीन जोड़ी की शुरुआत साबित हो सकती है, जो इंटेंसिटी, ताज़गी और केमिस्ट्री का अनोखा संगम पेश करेगी।

# कलेक्टर रजनी सिंह ने बैठक में की विभागीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में करें। निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के लिए, निर्माण कार्यों की लगातार मॉनीटरिंग करें। आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित बैठक में जल संचय जनभागीदारी 2.0 के अंतर्गत वन विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, जन अभियान परिषद, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, शहरी क्षेत्र एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खेत-तालाब निर्माण, कंटूर ट्रेंच, वॉटर हार्वेस्टिंग के निर्माण कार्य तथा जल स्त्रोतों में नदी-नालों, तालाबों और बाबड़ियों इत्यादि की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में राष्ट्रीय जनगणना के कार्यों को गंभीरतापूर्वक निर्धारित समय में पूर्ण करने को कहा। राष्ट्रीय जनगणना के कार्यों की लगातार मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की गई। आवेदकों को निर्धारित समय सीमा में सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में संबल योजना के प्रकरण तथा उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं और उपार्जन क्रय करने के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने किसानों को मापदंड अनुसार खाद का वितरण करने को कहा।



कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, आयोग द्वारा प्राप्त पत्र, संबल योजना, पीएम जनमन आवास योजना, खाद्य वितरण, उपार्जन केन्द्र, लंबित पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण, पीएम आवास योजना-शहरी, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं, एक बगिया मां के नाम, गौशाला, भू-अर्जन एवं भू-अधिग्रहण, राजस्व विभाग, विभागों को भूमि आवंटन की जानकारी, अटल पेंशन योजना के प्रकरण इत्यादि की विस्तार से समीक्षा की।



# ग्राम बेलखेड़ी शेड़ में 1200 कंटूर ट्रेंच वर्षा जल को संरक्षित करने में होगा सहायक

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक ग्राम में कंटूर ट्रेंच निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को रोककर सहेजा जा सके। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत बेलखेड़ी शेढ़ में गौशाला के समीप ढलान युक्त स्थल का निरीक्षण कर कंटूर ट्रेंच निर्माण करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तकनीकी दल, पंचायत पदाधिकारियों एवं जनसहयोग से 1200 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया। इन ट्रेंच के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित करने में सहायता मिलेगी। वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोककर उसे जमीन के अंदर समाहित किया जा सकेगा। कंटूर ट्रेंच के माध्यम से वर्षा जल धीरे-धीरे जमीन में समाहित होकर भू-जल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगा। जल प्रवाह की गति कम होने से मिट्टी का कटाव रुकेगा। मिट्टी में नमी बनी रहेगी, जिससे पौधारोपण एवं वन संवर्धन को प्रोत्साहन मिलेगा।

# विश्व जल दिवस एवं जल संवर्धन प्रबंधन पर एक दिवसीय सेमीनार

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर को म.प्र.साइंस एवं तकनीकी परिषद भोपाल द्वारा जल संरक्षण विषय पर छात्र छात्राओं के बीच जागरूकता बढाने विभिन्न कार्यक्रमों हेतु आयोजन सहायता प्राप्त हुई । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन में विश्व जल दिवस एवं जल संवर्धन, प्रबंधन पर एक दिवसीय सेमीनार सहित पेंटिंग प्रतियोगिताए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानस गुप्ता, द्वितीय पूजा चौधरी एवं तृतीय स्थान सोनम जाटव द्वारा प्राप्त किया गयाए इन्हें नगद पुरूस्कार दिये गये । भाषण प्रतियोगिता में क्रमशरू पलक कहार एवं कृष्णा साहू ने स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री देवानंद धानकए सहायक प्राध्यापक संतमोनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय तेंदूखेडा एवं श्री



कौशल तिवारी श्रीनिवास राव तेलंग महाविद्यालय बरमान की उपस्थिति रही । वक्ता द्वय द्वारा वर्तमान में नरसिंहपुर जिले में जल आधारित समस्याओंए चिंताओं पर प्रकाश डालते हुए भूजल संग्रहण की विभिन्न वैज्ञानिक पद्धतियों को समझाया गया ।

जिले के मुख्य व्यवसाय कृषि के लिए भूजल का अत्याधिक दोहन एवं धानए गन्ना,गेंहू जैसी कृषि फसलों में जल प्रबंधन के महत्व पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी । मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा अभियान को जोडते हुए शासन के जिले एवं प्रवेश स्तर पर चल रही योजनाओं उनके सकारात्मक प्रभावों पर भी वक्ताओं ने सारगर्भित जानकारियां साझा की ।

इस आयोजन को सफल बनाने वनस्पति विभागाध्यक्ष श्रीमती शोभा मिश्राए डॉ.आलोक तिवारी, श्रीमती रेखा वर्मा, श्रीमती रिचा नेमा, श्री हेमन्त अहिरवार, श्री तरूण कौल, श्रीमती भारती लोधी, श्रीमती रामरति, श्रीमती सुमन बारी ने विभाग एवं कार्यक्रम का प्रबंधन किया । कार्यक्रम के अंत में छात्रा कृष्णा साहू द्वारा एमपीसीएसटी भोपाल एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी जागरूकता काय्रक्रमों की श्रृंखला चलाने का आहवान किया ।

## ब्रह्मा कुमारी द्वारा बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गाडरवारा द्वारा सभी बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों को मनोरंजक, ज्ञानवर्धक और संस्कारवान बनाने हेतु विशेष समर कैम्प का आयोजन किया गया है जो 14 मई 2026 दिन गुरुवार तक लक्ष्मी टाउनशिप, गाडरवारा में चलेगा । प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से 11बजे तक आयोजित होगा , शिविर में विशेष रूप से राजयोग मेडिटेशन द्वारा एकाग्रता बढ़ाना,.नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा, वैल्यू बेस्ड गेम्स एवं मनोरंजक गतिविधियाँ, ड्राइंग, स्पीच, डांस, क्विज प्रतियोगिताएँ, सकारात्मक सोच एवं तनाव मुक्त रहने के उपाय,रोचक कहानियाँ, गीत एवं प्रेरणादायक गतिविधियाँ दैनिक टेस्ट, पेपर गतिविधियाँ, प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह शिविर बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, अच्छे संस्कार एवं रचनात्मकता विकसित करने का सुनहरा अवसर है।

# जिले में 30 हजार 137 स्लॉट बुकिंग और 5 लाख 82 हजार 128 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026- 27 में जिले में अब तक गेहूं विक्रय के लिए 30 हजार 137 किसानों के द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। जिले में 11 हजार 997 किसानों से 5 लाख 82 हजार 128 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। 2 हजार 538 किसानों को 26.85 करोड़ रुपये का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जा चुका है। जिले में संचालित सभी 69 गेहूं खरीदी केन्द्रों में पृथक- पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो प्रतिदिन खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर उपार्जन कार्य में नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण कर रहे हैं। उपार्जन में आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों को बैठने के लिए छायादार व्यवस्था एवं पेयजल की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। जिले की सभी खरीदी केन्द्रों में 6-6 तौल-कांटे एवं 30 से 50 हम्मालों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में 13 खरीदी केन्द्रों में 4 से कम तौल-कांटे पाए जाने पर इन केन्द्रों को सख्त निर्देश दिए गए है कि 6-6 तौल-कांटे सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं जिले में उपार्जन के लिए अधिकृत जिला नोडल अधिकारी मुख्य



कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा नियमित रूप से उपार्जन की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। उपार्जन में आने वाली कठिनाईयों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर सतत पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण रखा जावे। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में तहसील गोटेगांव अंतर्गत एक, तेंदूखेड़ा के अंतर्गत एक, गाडरवारा के अंतर्गत एक और सांईखेड़ा के अंतर्गत एक इस तरह कुल 4 खरीदी केन्द्रों द्वारा समय पर उपार्जन कार्य प्रारंभ नहीं करने के कारण नियमानुसार कार्यवाही करते हुए इन खरीदी केन्द्रों को निरस्त कर उनके स्थान पर नवीन खरीदी केन्द्र स्वसहायता समूहों के बनाए गए हैं। इन खरीदी केन्द्रों में आज से उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है। इसके अंतर्गत तेंदूखेड़ा तहसील में सरस्वती ग्राम संगठन खरीदी स्थल श्री मां वेयर हाउस लोलरी, तहसील गोटेगांव में अमृत स्वसहायता समूह बगासपुर खरीदी स्थल शैल वेयर हाउस श्रीनगर, सांईखेड़ा तहसील अंतर्गत श्री सांई महिला ग्राम संगठन रायपुर खरीदी स्थल राठी वेयर हाउस गुर्जर झिरिया एवं तहसील गाडरवारा अंतर्गत विंध्यवासिनी स्वसहायता समूह पिपरिया खरीदी स्थल बड़कुर वेयर हाउस सिंहपुर छोटा को खरीदी केन्द्र बनाया गया है।



# कांग्रेस ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर बरगी में क्रूज़ हादसे की दुखद घटना ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है इस हृदय विदारक हादसे में दिवंगत हुए सभी लोगों की स्मृति में नरसिंहपुर शहर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन एस यु आई द्वारा कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित गई जिसमें पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, संतोष शुक्ला ,भगवंत सिंह जाट पार्षद मुकेश कटारे, बॉबी खान, अस्सु नेमा, देवेन्द्र शुक्ला, अजय दुबे, अजय मालवीय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रोहित पटैल, संतोष शुक्ला, जनपद अध्यक्ष शैलेन्द्र राजपूत, यासीन मनचला, राजेन्द्र नेमा, अतुल चौरसिया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल ,एन एस यु आई जिला अध्यक्ष ईशान राय, अभिषेक जाट, एड रंजीत पटैल, बबलू कहार, रज्जु पाठक, बुद्धराज झारिया, अमित श्रीवास्तव , प्रदेश सचिव जितेंद्र लोधी, अंकुर बटरी प्रियंक कहार, पलाश लोधी, आज़ाद खान, गोल्डी खान, शिवम पाठक आदि उपस्थित रहे।

# मुदित कौरव ने जिले को किया गौरवान्वित

## राज्य स्तरीय बेडमिंटन में जीते स्वर्ण एवं कांस्य पदक

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस 12वीं राज्य स्तरीय स्कूल शिक्षा विभाग अधिकारी कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता 1 मई से 3 मई तक डबल्स छतरपुर में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में शासकीय राघव कृषि उ मा विद्यालय बोहानी के प्रयोगशाला शिक्षक मुदित कौरव ने प्रथम स्थान के साथ स्वर्ण पदक एवं सिंगल्स में कांस्य पदक हासिल किया। विदित हो कि इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के समस्त संभाग,आदिम जनजाति विभाग,डीपीआई भोपाल की टीमों से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की थी। इस प्रतियोगिता में श्री कौरव ने 50 वर्ष से कम आयु वर्ग में जबलपुर संभाग टीम की कप्तानी करते हुए



कई मैच जीतकर फाइनल में सागर संभाग टीम को हराकर जीत हासिल की। इसके अलावा सिंगल्स मैच में उन्होंने रीवा संभाग को हराकर कॉँस्य पदक जीता। श्री कौरव की इस उपलब्धि पर संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंगले, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा,पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पी इंदुरख्या, जिला खेल अधिकारी अनुज जैन, विकासखंड अधिकारी अरविंद वर्मा, संस्था प्राचार्य अजय शर्मा एवं अन्नपूर्णा बैडमिंटन एसोसिएशन के समस्त सदस्यों एवं खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर की है।

## आबकारी अधिकारी की लापरवाही के कारण शराब ठेकेदार नाराज

# शराब दुकानों में नहीं पहुंच पा रहा है माल

**सिंगरौली।** आबकारी अधिकारी सिंगरौली की लापरवाही के कारण कई ठेकेदार नाराज है क्योंकि शराब दुकानो मे बियर है ही नहीं ग्राहक दुकानो से वापस जा रहे है जिसके चलते शराब कारोबारियों का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है, क्योंकि गर्मी चल रही है बियर की माँग ज्यादा होती है फिर भी माल मिल ही नही पा रहा है। कई शराब ठेकेदारों ने बताया कि आबकारी अधिकारी एसी से बाहर ही नही निकलते है हर महीने मोटी रकम की माँग करते है और घूमने जाने के लिए महीने कई बार इनके द्वारा इनोवा गाड़ी बुक करके माँग की जाती है। कई शराब कारोबारियों ने बताया कि अगर इनका ऐसा ही ब्यवहार रहा तो जल्द ही इनके खिलाफ कलेक्टर से मिलकर शिकायत करेंगें। आबकारी अधिकारी की मिलीभगत से जिले मे कई जगह महुआ की शराब और गाँजा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। महुआ की शराब बिक्री के कारण भी शराब ठेकेदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो शराब ठेकेदार इनकी बात नही मानता उसको नाजायज साहब के द्वारा परेशान किया जाता है। आबकारी अधिकारी की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के अनुसार जिले के ठेकेदारों मे तरह -तरह की चर्चा का बाजार गर्म हो चूका है अब देखना होगा की इनकी कार्यप्रणाली मे सुधार होता है या शराब कारोबारी इनके खिलाफ लामबंद होते है।

# पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में जीत पर भाजपा ने निकाला विजय जुलूस

दमोह।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2026 में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में विजय जुलूस जिला भाजपा कार्यालय से हृदय स्थल घंटाघर तक निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जयघोष एवं आतिशबाजी के साथ जीत का उत्सव मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, जनता के विश्वास का परिणाम है। देश की जनता ने विकास, सुशासन



और राष्ट्रहित की नीतियों पर विश्वास जताया है। भाजपा सरकारों ने हमेशा जनकल्याण को सर्वोपरि रखा है और यही कारण है कि जनता ने पुन: अपना आशीर्वाद दिया है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह तृणमूल कांग्रेस के गुंडो द्वारा जनता को परेशान किया जा रहा था आज उससे मुक्ति मिल गई विपक्षी दलों ने जिस तरह नारी शक्ति को धोखा दिया। आज उसी का परिणाम है किसी नारी शक्ति ने उन्हें करारा जवाब दिया है। यह जीत हर एक भाजपा कार्यकर्ता की मेहनत और समर्पण का परिणाम है और आने वाले समय में भी पार्टी इसी तरह जनता की सेवा करती रहेगी।

विधायक मलैया ने कहा कि यह प्रचंड विजय प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच जनकल्याणकारी नीतियों और मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। देश की जनता ने एक बार फिर विकासए सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। किसान मोर्चा के प्रदेश के महामंत्री गोपाल पटेल जी ने कहाए यह बंगाल में नए इतिहास की शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की ताकत ने यह ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित की है। यह विजय आम जनता के विश्वास और समर्थन का प्रतीक हैए जो भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर निरंतर भरोसा जता रही है। कार्यक्रम में पार्टी के जिले के पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ सहायक संचालक अनिल जैन को मिला अतिरिक्त प्रभार

**दमोह।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दमोह में पदस्थ जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत सिंह वर्मा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हो गए। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक व्यवस्था की गई हैए जिला कार्यक्रम अधिकारी के रिक्त पद के मद्देनजर महिला एवं बाल विकास विभागए जिला दमोह का संपूर्ण प्रभार वरिष्ठ सहायक संचालक अनिल जैन को आगामी आदेश तक सौंपा गया है।


## न्यायालय तहसीलदार तहसील करेली जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

राजस्व प्रकरण क्रमांक-0/04/अ-6/2026-27

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महंत प्रहलाददास महाराज गुरू श्री महंत पदमदास जी महाराज साकेत धाम दिल्हैरी तहसील करेली जिला नरसिंहपुर के द्वारा ग्राम दिल्हैरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 126/2, 252/1, 253/2, 253/4 रकवा क्रमश: 2.270, 0.549, 1.487, 0.708 हे. भूमि पर महंत पदमदास जी महाराज साकेत के द्वारा महंत प्रहलाददास महाराज गुरू श्री पदमदास जी महाराज साकेत धाम दिल्हैरी तहसील करेली के द्वारा वसीयत के आधार नामांतरण किये जाने हेतु हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 15/05/2026 को उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | रकवा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | दिल्हेरी | 126/2<br>252/1<br>253/2<br>253/4 | 2.270<br>0.549<br>1.487<br>0.708 | महंत पदमदास गुरूकौशल किशोर महाराज | महंत प्रहलाददास महाराज गुरु श्री महंत पदमदास जी महाराज साकेत धाम दिल्हैरी तहसील करेली |

तारीख पेशी - 15/05/2026
जारी दिनांक - 27/04/2026

तहसीलदार, करेली

# बंगाल विजय की गूंज विजयराघवगढ़ विस तक, जश्न में डूबे भाजपा कार्यकर्ता



### बंगाल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक सफलता की खुशी की गूंज

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र तक पहुची खुशी। जीत की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल बन गया। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों आतिशबाजी और मिठाई वितरण के साथ जोरदार जश्न मनाया। नगर परिषद परिसर से लेकर नगर के प्रमुख चौराहों तक भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर ओर भारत माता के जयकारे और भाजपा की जीत के नारों से वातावरण गूंज उठा। मंडल अध्यक्षों जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इस पल को और भी खास बना दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व दूरदर्शी सोच और भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करता है। और यही समर्पण आज विजय का कारण बना है।

विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने जिले भर के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं बल्कि राष्ट्रवाद विकास और जनविश्वास की जीत है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा परिवार की यही एकजुटता पार्टी को निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है। पूर्व मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान ने भी सभी को बधाई देते हुए जीत का राज बताया उन्होंने कहा की भाजपा एक संगठित पार्टी है हर कार्यकर्ता महनती है इमानदारी से कार्य करते हैं जिसका परिणाम आज सामने आया है। विजयराघवगढ़ मंडल अध्यक्ष राम सोनी ने भी सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मनाया गया यह जश्न भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह समर्पण और संगठन के प्रति अटूट विश्वास का जीवंत उदाहरण बन गया। **फोटो : विकास गुप्ता**



# राष्ट्रीय आईएमए बैठक में डॉ. वाय सुब्बाराव हुए सम्मिलित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय आई.एम.ए. की 235 वी सेन्ट्रल वर्किंग कमेटी की बैठक रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद में 2 एवं 3 मई शनिवार, रविवार को आयोजित हुई। बैठक में म.प्र. से डॉ. वाय सुब्बाराव पूर्व राज्य अध्यक्ष, डॉ. अनुप निगम (उज्जैन) डॉ. वी. शरणागत (बालाघाट) डॉ. अशोक मिश्रा, डॉ. सस्मिता मूंगी, डॉ. वीरेन्द्र मूंगी (ग्वालियर) डॉ. आर.के. पाठक, डॉ. दीपक साहू जबलपुर, डॉ. अरविन्द जैन, पूर्व उपाध्यक्ष राष्ट्रीय, डॉ. जय परियाणी इन्दौर ने भाग लिया। बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जे. नायक की अध्यक्षता में हुई आई.एम.ए. के प्रथम महिला राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सरवरी दत्ता ने संचालन किया। प्रारम्भ में आई.एम.ए. प्रेयर, एवं फ्लेग सैल्युटेशन दी गई। गत वर्ष में दिवगंत लाइफ मेम्बर को दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धाजंली अर्पित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उद्बोधन में विगत 4 माहों में हुई गतिविधियों एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों के मुद्दो पर स्थिति के बारे में अवगत कराया। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सर्वरी दत्ता ने सचिव रिर्पोट प्रस्तुत किया। फायनेंस सेकेट्री डॉ. पीयूष जैन ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। मीटिंग के दौरान आई.ए.ए. न्यू बिल्डिंग राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के बारे में प्रोजेक्टर पर प्रजेन्टेशन दिया तथा प्रत्येक चिकित्सक से अधिक से अधिक एवं कम से कम 1000/- फंड में सहयोग हेतु आवहान किया। मुख्य संरक्षक एवं पास्ट नेशनल प्रेसीडेन्ट डॉ. केतन देसाई द्वारा प्रत्येक राज्य को सदस्य संख्या के अनुसार अधिक से अधिक फन्डिग एकत्र करने हेतु प्रेरित किया। म.प्र. के सी.डब्ल्यू.सी. मेम्बरो ने भी चैक एवं नगद राशि देकर सहयोग प्रदान किया। तथा भविष्य में भी फन्डिग में सहयोग हेतु कहा गया। मीटिंग में एच.पी.व्ही. वैक्सीनेशन एवं मेंसटूअल हायजीन अवेयरनेस प्रोग्राम, सी.पी.ए. चिकित्सा सेवा को मुक्त रखने हेतु जारी कार्यवाही, कोर्ट केश के बारे में चर्चा हुई। क्रिमिनल निगलीजेंस की घारा चिकित्सीय सेवा कार्य पर लागू नहीं हो इस पर सरकार के साथ जारी प्रयास की प्रगति की जानकारी सी.डब्ल्यू.सी. मेम्बर को दी गई। आओ गाँव चले प्रोजेक्ट पर भी चर्चा हुई। सरकार द्वारा इंटीग्रेटेट मेडीसिन कोर्स के नाम पर देश में लागू की जा रही मिक्सोपेथी जो नागरिको के स्वास्थ्य के लिये नुकसान दायक है के बारे में एक जुट होकर विरोध करने हेतु आव्हान किया गया। रेजीडेन्ट डाक्टर्स मेडिकल स्टूडेन्टस को अवगत कराते हुये उनको इस हेतु सघर्ष करना होगा। इस अवसर पर आई.एम.ए. के सदस्यता अभियान जिसके तहत 25 प्रतिशत की छूट सदस्यता शुल्क में दी जा रही है कि अवधि 15 मई तक बढ़ाये जाने की जानकारी देते हुये सभी डाक्टर्स को सदस्य बनाने का आव्हान किया गया। कान्फ्रेस में तीन पुस्तको का विमोचन भी किया गया।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# जनसुनवाई में एसपी कटनी ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



कटनी (स्वतंत्रमत)।

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के क्रम में 05 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा उपस्थित आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। इस दौरान शिकायत सुनवाई एवं समाधान हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा, डीएसपी, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे जनसुनवाई में उपस्थित रहे एवं उन्होंने प्रत्येक आवेदक की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारी एवं को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुछ प्रकरणों में साइबर संबंधी शिकायतों के प्राप्त होने पर, फरियादियों को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने एवं साइबर अपराधों से जागरूक रहने की हिदायत भी पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों को दी गई। एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सायबर सेल को दिये गये। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में मुख्यत: पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेन-देन से संबंधित मामले, पुलिस द्वारा सुनवाई न होने की शिकायतें, भूमि/प्लॉट संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध एवं अन्य पुलिस से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। कुछ समस्याएं अन्य विभागों से संबंधित होने पर, आवेदको को संबंधित विभाग में जाने की समझाइश भी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों को आश्वस्त किया कि कटनी पुलिस उनकी समस्याओं के निराकरण एवं सुरक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर सभी अधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आवेदकों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

# मुस्कान के हाथों हुआ विकास का शुभारंभ

### रामजानकी हनुमान वार्ड को मिली 33 लाख की सौगात

कटनी (स्वतंत्रमत)।

रामजानकी हनुमान वार्ड में विकास और जनसहभागिता का सुंदर संगम देखने को मिला, जब वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। विशेष बात यह रही कि विकास कार्यों की शुरुआत वार्ड की कन्या मुस्कान रजक के करकमलों से कराई गई, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक एवं सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया। महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता तथा मेयर इन काउंसिल सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से वार्डवासियों को लगभग 33.05 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली। भूमिपूजन के अंतर्गत सड़क मस्जिद से रमाकांत तिवारी एवं प्रीतम सिंह से सहारा टेंट हाउस तक सड़क



एवं विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी तथा बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही स्वच्छता एवं आवागमन की सुविधाएं भी बेहतर होंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रीति सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि शहर स्वच्छए सुंदर और व्यवस्थित बन सके। उन्होंने वार्डवासियों से भी स्वच्छता एवं विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। क्षेत्रीय पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता ने कहा कि रामजानकी हनुमान वार्ड में लंबे समय से नागरिकों द्वारा सड़क एवं जल निकासी संबंधी समस्याओं को लेकर मांग की जा रही थी, जिसे प्राथमिकता के साथ नगर निगम द्वारा स्वीकृति दिलाई गई। उन्होंने कहा कि वार्ड के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आगे भी निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, जय नारायण निषाद, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, कमलेश चौधरी, चोखे भाई सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लेकर विकास कार्यों के प्रति उत्साह व्यक्त किया। उपस्थित नागरिकों में रामचंद्र शिवहरे, लालजी तिवारी, राहुल तिवारी, पवन माली, पीतम पाली, राकेश, उषा पटेल, आशा पाल, सुशीला ठाकुर, राजेश्वरी पटेल, सरिता पाली एवं अनीता रजक सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कटनी (स्वतंत्रमत)।



कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को पहरूआ स्थित कृषि उपज मंडी समिति का औचक निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवक-जावक गेट पर ई-मंडी एप के माध्यम से किसानों को जारी की जा रही प्रवेश पंजी की प्रक्रिया का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने मंडी प्रांगण में गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों की नीलामी शेड में रखी कृषि उपज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों एवं मंडी कर्मचारियों से नीलामी प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा की। नीलामी स्थल पर उपस्थित किसानों से मंडी में उपलब्ध सुविधाओं एवं भुगतान व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्हें नीलामी के दिन ही शाम तक अपनी उपज का भुगतान व्यापारियों द्वारा प्राप्त हो जाता है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शेड क्रमांक 2 में गेहूँ की नीलामी प्रक्रिया में भी शामिल हुए और पूरी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मंडी परिसर की बाउंड्री वॉल को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर हो सके।

इसके पश्चात कलेक्टर ने फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी में किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# दो वार्डों में 35 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर निगम द्वारा शहर में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। इसी क्रम में महाराणा प्रताप वार्ड एवं कावसजी वार्ड में सीसी नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन महापौर प्रीति संजीव सूरी, मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं क्षेत्रीय पार्षदों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। लगभग 35 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है तथा निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और स्वच्छता में जनभागीदारी पर जोर दिया। स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र में स्वच्छता और सुविधाओं में सुधार होगा। कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य, पूर्व पार्षद, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# एमजीएम हॉस्पिटल कटनी में रीढ़ की हड्डी का हुआ सफल ऑपरेशन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** एम महिला उर्मिला रजक, पति विजय रजक उम्र 51 वर्ष निवासी झिंझरी कटनी कई वर्षों से अपनी रीढ़ की हड्डी में परेशानी होने से चलने फिरने में असमर्थ हो चुकी थी जो अपना स्वयं का कार्य नहीं कर पा रही थी। कई डॉक्टर्स से इलाज कराने पर आराम नहीं मिल पा रहा था तब किसी ने सलाह दी एमजीएम हॉस्पिटल में दिखाने की। मरीज के परिजन मरीज को हॉस्पिटल लेकर आये और एमजीएम हॉस्पिटल में पदस्थ न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. सुशान्त शिवाजी पाटिल को दिखाया। डॉ. पाटिल ने परीक्षण कर एमआरआई की जांच करवाई गई। एमआरआई जांच में महिला की रीढ़ में डिस्क एल4 एल5 एस1 में स्पेस बढ़ जाना पाया गया। मरीज के परिजन को समझाया गया कि मरीज का ऑपरेशन रीढ़ की हड्डी का करना पड़ेगा। मरीज के परिजन की अनुमति के बाद मरीज का ऑपरेशन न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. सुशान्त शिवाजी पाटिल व हॉस्पिटल की टीम द्वारा लगातार 6 घण्टे का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन की बाद मरीज अब पूर्णत: स्वस्थ्य है। मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के अंतर्गत पूर्णत: नि:शुल्क किया गया मरीज के परिजन एमजीएम हॉस्पिटल व आयुष्मान योजना से पूर्णत: सन्तुष्ट हैं।

# जनसुनवाई में संवेदनशीलता की मिसाल वृद्ध महिला तक स्वयं पहुंची महापौर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम में आयोजित महापौर जनसुनवाई एक बार फिर आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर सामने आई। शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां पेयजल, सड़क, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान एक प्रेरणादायक दृश्य तब देखने को मिला, जब एक वृद्ध महिला सीढ़ियां चढ़कर ऊपर नहीं जा सकीं। स्थिति को देखते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी स्वयं नीचे पहुंचीं और महिला से उनकी



समस्या जानी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे महापौर के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे शिकायतों को बिना देरी के समझा गया। महापौर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इससे नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस दौरान विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे, जिससे कई मामलों में मौके पर ही कार्यवाही शुरू की गई। महापौर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं सीधे रखें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए यह मंच उपलब्ध कराया गया है, इसका सभी अधिक से अधिक लाभ उठायें।

# अवैध शराब विक्रय करने वाले आरोपी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)।

थाना रंगनाथनगर कटनी के अपराध क्रमांक 192/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट गिरफ्तार आरोपी- सौरभ चौधरी पिता बाबू लाल चौधरी उम्र 22 साल निण्ज्ञान विद्या मंदिर के पास फारेस्टर वार्ड झर्राटिकुरिया थाना रंगनाथनगर जिला कटनी जप्ती- 54 लीटर शराब कीमती करीबन 30,000/- रूपये, बिना नम्बर की सफेद वर्गमैन गाडी कीमती करीबन 1,00,000/- रूपये। 21 मार्च को दौरान पेट्रोलिंग के सूचना मिली कि ओ.एफ.के. ग्राउण्ड के पास एक व्यक्ति बडी मात्रा मे अवैध शराब लिये अपनी बिना नम्बर की सफेद वर्गमैन गाडी मे बैठा है जो रंगनाथनगर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुची जहा देखा कि एक व्यक्ति एक सफेद रंग की बिना नम्बर की वर्गमैन गाडी में प्लास्टिक की बोरी रखे हुये दिखाई दिया जो संदेहस्पद स्थिति को देखते हुये पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर पकडकर बोरियो तथा गाडी की डिग्गी को खोलकर देखा जिसके अंदर काफी मात्रा में शराब रखे हुये मिला कुल 54 लीटर शराब मिलने से संदेही से नाम पता पूछने पर सौरभ चौधरी बताया जो शराब के संबध में कागजाद नही होना बताया जो आरोपी के विरूध्द 34(2) आबकारी एक्ट का मामला पंजीबध्द किया गया। आरोपी के पूर्व में भी कई अपराध है आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# भारत टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर बरकरार

## वर्ल्ड कप जीतने का फायदा मिला, इंग्लैंड दूसरे स्थान पर, आईसीसी ने जारी किया सालाना अपडेट



दुबई।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में इस साल टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम ने आईसीसी की टी-20 टीम रैंकिंग में भी अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। मंगलवार को आईसीसी ने सालाना अपडेट जारी किया है। अपडेशन के बाद टी-20 में टीम इंडिया 275 अंकों के साथ पहले पायदान पर काबिज है, जबकि इंग्लैंड (262 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया (258 अंक) तीसरे स्थान पर है। आईसीसी रैंकिंग में तीन साल के डेटा होते हैं। पिछले 12 महीनों में हुए मुकाबलों का वेटेज 100 प्रतिशत होता है। उससे पहले के 2 साल के डेटा का वेटेज 50त्न होता है। मौजूदा रैंकिंग में मई 2023 से अप्रैल 2024 और मई 2024 से अप्रैल 2025 तक हुए मैचों को 50-50त्न दिया गया है। वहीं, मई 2025 के बाद के मैचों का वेटेज 100 प्रतिशत है। यहां से अप्रैल 2026 तक होने वाले मैचों को भी 100 प्रतिशत वेटेज मिलेगा। यानी जब अगले साल मई में नया अपडेट होगा तो उसमें से 2023 से 2024 तक हुए मैचों को रैंकिंग गणना से बाहर कर दिया जाएगा। फिर 2024 से 2025 और 2025 से 2026 तक के मैचों का वेटेज 50त्न हो जाएगा और 1 मई 2026 के बाद हुए मैचों को ही 100 प्रतिशत वेटेज मिलेगा। अपडेशन के बाद टी-20 रैंकिंग के टॉप-7 पायदानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### श्रीलंका को नुकसान, बांग्लादेश और अमेरिका की लंबी छलांग

श्रीलंका को 6 रेटिंग अंकों का नुकसान हुआ है, जिससे वे फिसलकर 9वें स्थान पर आ गए हैं। इसका फायदा बांग्लादेश को मिला है, जो अब 8वें नंबर पर पहुंच गया है। वहीं, उत्तर अमेरिका में क्रिकेट की उभरती ताकत यूएसए ने 6 अंकों के फायदे के साथ 13वां स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिका ने नीदरलैंड और स्कॉटलैंड जैसी अनुभवी टीमों को पीछे छोड़ दिया है।

### इटली ने चौंकाया, 4 टीमें रैंकिंग से बाहर हुईं

टी20 वर्ल्ड कप में पहली बार शामिल हुई इटली की टीम ने शानदार प्रदर्शन के दम पर रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई है। नेपाल को 10 विकेट से हराने वाली इतालवी टीम अब 23वें स्थान पर पहुंच गई है।

दूसरी ओर, आईसीसी रैंकिंग में शामिल टीमों की संख्या 102 से घटकर 98 रह गई है। फिजी, गाम्बिया, ग्रीस और इज़राइल को रैंकिंग से बाहर कर दिया गया है क्योंकि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में न्यूनतम 8 टी20 मैच नहीं खेले थे।

### विमेंस कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत बरकरार

विमेंस टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपना नंबर-1 स्थान बरकरार रखा है। ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 287 पॉइंट्स हैं। इंग्लैंड 275 पॉइंट्स लेकर दूसरे और भारतीय टीम 264 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है। रैंकिंग के टॉप-16 पोजीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### एशियाई पैरा गेम्स क्वालिफिकेशन की तैयारी में नंबर 1 खिलाड़ी नूरजहां नूरअली

**अहमदाबाद।** भारत की नंबर 1 पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी नूरजहां नूरअली एक निर्णायक इंटरनेशनल कैंपेन में हिस्सा ले रही हैं।इस कैंपेन में यूरोप और एशिया के चार टूर्नामेंट शामिल हैं, जो अक्टूबर में जापान के आइची प्रीफेक्चर और नागोया में होने वाले 2026 एशियाई पैरा गेम्स के लिए उनके क्वालिफिकेशन की कोशिश का एक अहम हिस्सा हैं।इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन (आईटीटीएफ) की वर्ल्ड पैरा टेबल टेनिस रैंकिंग में क्लास 7 में दुनिया की 27वीं रैंक पर मौजूद नूरजहां इस दौर में एक साफ़ लक्ष्य के साथ उतरी हैं।उनके कैंपेन की शुरुआत 29 अप्रैल से 2 मई तक मोंटेनेग्रो में हुए आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा चैलेंजर पॉडगोरिका से हुई।

इसके बाद वे 5 से 9 मई तक स्लोवेनिया में आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा चैलेंजर लास्को में हिस्सा ले रही हैं।इसके बाद 11 से 15 मई तक आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा एलीट लास्को होगा, और आखिर में 17 से 21 मई तक ताइवान के ताइपे शहर में आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा एलीट ताइपे सिटी के साथ उनका कैंपेन खत्म होगा। अभी एशिया में 8वीं रैंक पर मौजूद नूरजहां का लक्ष्य टॉप 6 में जगह बनाकर क्वालिफाई करना है। यह उनके करियर का सबसे अहम दौर है।



### जोकोविच और सिनर सहित शीर्ष खिलाड़ियों ने इनामी राशि पर जताया विरोध

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच, यानिक सिनर, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई स्टार खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले इनामी राशि के अलावा कई अहम मुद्दों को लेकर चिन्ता जतायी है। फ्रेंच ओपन इसी माह 24 मई से पेरिस में खेला जाएगा। ऐसे में टूर्नामेंट से पहले शीर्ष खिलाड़ियों की नाराजगी से आयोजकों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। विरोध कर रहे खिलाड़ियों का कहना है कि पुरस्कार राशि ही नहीं बेहतर प्रतिनिधित्व के आलावा खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और पेंशन जैसे मामलों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिये। इन खिलाड़ियों के अनुसार ग्रैंड स्लैम जैसे बड़े आयोजनों में खिलाड़ियों की मेहनत और योगदान को जितनी मान्यता मिलने चाहिये वह नहीं मिल रही है।

फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने हालांकि कुछ समय पहले इनामी राशि 10 फीसदी बढ़ा दी थी पर खिलाड़ी इससे संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि यह वृद्धि आयोजकों को टूर्नामेंट से हो रही रही बढ़ती कमाई के मुकाबले काफी कम है। इन स्टार खिलाड़ियों ने एक संयुक्त बयान जारी कर आरोप लगाया है कि टूर्नामेंट के कुल राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी लगातार घट रही है। उनके आंकड़ों के अनुसार, जहां 2024 में यह हिस्सा 15.5फीसदी थी वही अब घटकर 14.9 फीसदी रह गयी है। साथ ही कहा कि 2025 में फ्रेंच ओपन का कुल राजस्व 395 मिलियन यूरो तक पहुंच गया था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि थी। इसके विपरीत, इनामी राशि में केवल 5.4 फीसदी की मामूली वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप खिलाड़ियों की हिस्सेदारी और कम होकर मात्र 14.3 फीसदी रह गई।

# निशिकोरी इस सत्र के बाद टेनिस को कहेंगे अलविदा



टोक्यो।

जापान के दिग्गज पुरुष टेनिस खिलाड़ी केई निशिकोरी इस सत्र के अंत में खेल को अलविदा कह देंगे। रियो ओलंपिक में रजत पदक विजेता रहे निशिकोरी किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले एशियाई पुरुष खिलाड़ी हैं। 36 साल के हो रहे निशिकोरी ने अपने संन्यास की योजना सोशल मीडिया में साझा की है। निशिकोरी ने कहा, मैंने इस सत्र के अंत में पेशेवर टेनिस से संन्यास लेना तय किया है। साथ ही कहा कि टेनिस उनका बचपन का जुनून रहा है। उन्होंने एटीपी टूर तक पहुंचने, शीर्ष स्तर के मुकाबले खेलने और शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उपलब्धि पर खुशी जतायी है। साथ ही कहा कि इस दौरान उन्हें प्रशंसकों का भी भरपूर प्यार मिला।

अपने करियर के बारे में बात करते हुए, निशिकोरी ने स्वीकार किया कि बार-बार लगने वाली चोटों ने उन्हें बहुत परेशान किया। ऐसे भी समय थे जब बार-बार चोट लगने की वजह से वह तनाव के कारण अवसाद ग्रस्त भी हुए हैं। जिससे मैं जैसा चाहता था वैसा नहीं खेल पाता था, उन्होंने कहा। इसके बावजूद, टेनिस के प्रति उनके प्रेम और एक मजबूत खिलाड़ी बनने के विश्वास ने उन्हें हमेशा कोर्ट पर वापस लौटने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इन सभी अनुभवों ने मेरी जिंदगी को बेहतर बनाया है और उसे आकार दिया है। मैं अपने परिवार और उन सभी का बहुत आभारी हूं जिन्होंने हर समय मेरा साथ दिया। निशिकोरी ने स्वीकार किया कि वह अब भी अपना खेल करियर जारी रखना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने गर्व के साथ कहा कि उन्होंने अपना सब कुछ दिया। उन्होंने अपनी यात्रा पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, मैं सच में इस रास्ते पर चलकर खुश हूं।

निशिकोरी ने पांच साल की उम्र से खेलना शुरु किया था। वह 13 साल की उम्र में वे अमेरिका चले गए, जहाँ उनका खेल बेहतर हुआ। उन्होंने फरवरी 2008 में उन्होंने डेलरे बीच ओपन में अपना पहला खिताब जीता। वहीं शीर्ष 10 में पहुंचने वाले पहले जापानी टेनिस खिलाड़ी रहे। उन्होंने साल 2014 अमेरिकी ओपन में सर्बिया के शीर्ष खिलाड़ी रहे नोवाक जोकोविच को हराया था।

## बुमराह पर भड़के गावस्कर, बोले नो बाल स्वीकार नहीं कर सकते



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रहे सुनील गावस्कर ने मुंबई इंडियंस के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आड़े हाथों लिया है। गावस्कर का कहना है कि जिस प्रकार से बुमराह ने इस सत्र में 8 नो बाल की है उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बुमराह ने 3 नो बाल तो लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ ही की थीं। गावस्कर के अनुसार वाइड बाल को एक बार गलती माना जा सकता है पर नो बाल नहीं। बुमराह आईपीएल 2026 में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं. उनको विकेट लेने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। इसी कारण मुम्बई टीम का प्रदर्शन भी खराब रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में बुमराह ने हिम्मत सिंह को कैच आउट कराया पर गेंद नो बाल हो गयी। इसके बाद हिम्मत ने 40 रन बनाए और लखनऊ का स्कोर 220 के ऊपर पहुंचा दिया। गावस्कर ने बुमराह की आलोचना करते हुए कहा कि टी20 क्रिकेट में पेशेवर खिलाड़ियों का नो बाल फेंकना बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। गावस्कर ने कहा, मुझे फिर मत सिखाये। मुझे मत बताइए कि बुमराह ने नो-बॉल फेंकी है। यह स्वीकार्य नहीं है। आप एक पेशेवर क्रिकेटर हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। वाइड गेंद समझ में आती है पर नो-बॉल नहीं। गौरतलब है कि लखनऊ के खिलाफ भी बुमराह एक भी विकेट नहीं ले पाये और अपने ओवरों में उन्होंने 45 रन दे दिये। आईपीएल 2026 में बुमराह ने 10 मैचों में केवल तीन विकेट लिए हैं। यही कारण है कि मुंबई इंडियंस को कई मुकाबलों में हार कसा सामना करना पड़ा है। बुमराह डेथ ओवर्स में दबाव बनाते थे और मुम्बई को आगे रखते थे, पर इस बार ऐसा नहीं हो पाया जिससे विरोधी टीमों के बल्लेबाज हावी हो गये।

# हार्दिक के बाहर होते ही रोहित की मुम्बई इंडियंस में वापसी से उठे सवाल

## टीम में सबकुछ ठीक नहीं होने की अटकलें तेज हुईं



**मुम्बई।** मुंबई इंडियंस में लगता है कि सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ड्रेसिंग रूम में जारी टकराव का प्रभाव मैदान पर भी नजर आने लगा है। इससे टीम के प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ा है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ हुए मैच में एक बार फिर ये देखने में आया है। इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या के अचानक बाहर होने के बाद पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की मैच में वापसी पर भी सवाल उठे हैं।

सोमवारर रात हुए इस मैच में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया हालांकि इस मैच में सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर रही कि पिछले कुछ समय से लगातार चोटिल रहे रोहित अचानक ही अंतिम ग्यारह में शामिल हो गए, जबकि नियमित कप्तान पंड्या मैच से बाहर थे। रोहित ने इस मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में ही छह चौके और सात छक्कों की सहायता से 84 रन बनाकर मुम्बई की जीत में अहम भूमिका निभाई।

इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर और क्रिकेट जानकारों के बीच यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि रोहित फिटनेस को लेकर जानबूझकर अंतिम ग्यारह से बाहर थे और जैसे ही पंड्या की जगह सूर्यकुमार यादव को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया, रोहित खेलने के तैयार हो गए। ये भी कहा जा रहा है रोहित, हार्दिक की कप्तानी में खेलने को लेकर सहज नहीं हैं। इसी लिए उन्होंने सूर्यकुमार की कप्तानी में वापसी की। इससे मुंबई इंडियंस में जारी मतभेद सामने आ गये हैं। कहा जा रहा है कि हार्दिक को कप्तानी से कई खिलाड़ी खुश नहीं हैं। इसी कारण टीम हार्दिक की कप्तानी में लगातार असफल ररही है और प्लेऑफ तक भी नहीं पहुंच पायी है। पिछले सत्र में भी यही हुआ था।

हालांकि पंड्या के अचानक मैच से बाहर होने के पीछे पीठ में अकड़न बताई गई है। सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन के बयान से ये अंदाजा होता है। रेयान ने कहा,कि उन्हें मैच के दिन ही दोपहर में हार्दिक की चोट का पता चला था। साथ ही कहा कि ये कितनी गंभीर है ये उन्हें जानकारी नहीं थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि हार्दिक अगले मैच में टीम के साथ होंगे। इससे पहले, कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय हार्दिक के चोटिल होने की पुष्टि की थी।

## रिकॉर्ड डेट के बाद निफ्टी नेक्स्ट 50 में घटा वेदांत का वेटेज

### 5 हिस्सों में बंटी वेदांत, म्युचुअल फंड्स ने शुरू की बड़ी रीबैलेंसिंग



**नई दिल्ली।** अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांत लिमिटेड का पांच अलग-अलग कंपनियों में बंटवारा होने के बाद बाजार में हलचल मची है। 1 मई, 2024 की रिकॉर्ड डेट के बाद से ही फंड मैनेजर अपने पोर्टफोलियो को रीबैलेंस करने में जुटे हैं, जिसका सबसे सीधा असर इंडेक्स फंड्स पर दिख रहा है। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स में वेदांत का वजन 5.2 फीसदी से घटकर लगभग 2.3 फीसदी रह गया है। राइट रिसर्च की सोनम श्रीवास्तव के अनुसार, इस बदलाव के कारण इंडेक्स को फॉलो करने वाले पैसिव फंड्स को अपने पोर्टफोलियो में हिस्सेदारी घटानी पड़ी, जिससे बाजार में 'मैकेनिकल सेलिंग' देखने को मिली। हालांकि, इस बिकवाली का एक बड़ा हिस्सा 30 अप्रैल को हुए प्री-ओपन प्राइस डिस्कवरी सेशन में ही एडजस्ट हो गया, जहाँ वेदांत का शेयर 770 रुपए से गिरकर 289.50 रुपए तक आ गया था। विशेषज्ञ शशांक उदुपा का मानना है कि मौजूदा स्तर, जो करीब 270 रुपए है, वहाँ से अब बहुत ज्यादा एकतरफा बिकवाली नहीं होगी।

# वाणिज्यिक बैंकों के ऋण करोबार में हुई 15.9 की मजबूत वृद्धि



**नयी दिल्ली।** देश में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की ओर से विभिन्न क्षेत्रों को दिये जाने वाले ऋण कारोबार में वित्त वर्ष 2025-26 में 15.9 प्रतिशत की मजबूत ऋण वृद्धि दर्ज की गयी जो मजबूत आर्थिक गतिविधि और ऋण मांग को दर्शाती है।वित्त मंत्रालय की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 15.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वर्ष के 10.4 प्रतिशत से अधिक है।यह मजबूत ग्रामीण मांग और बेहतर ऋण प्रवाह को दर्शाता है।औद्योगिक क्षेत्र में ऋण वृद्धि बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष 8.2 प्रतिशत थी।विज्ञप्ति के अनुसार इसमें सूक्ष्म , लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र को दिये जाने वाले कर्ज में मजबूत वृद्धि का बड़ा योगदान है।वर्ष के दौरान सेवा क्षेत्र में ऋण वृद्धि 19 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वर्ष 12 प्रतिशत थी।इसमें गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी), व्यापार और वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।सेवा क्षेत्र का कुल ऋण कारोबार में योगदान 28 प्रतिशत है।कुल ऋण में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले व्यक्तिगत ऋण खंड में वार्षिक वृद्धि 16.2 प्रतिशत रही, जिसमें एक वर्ष पहले 11.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी।इसमें वाहन ऋण और सोने के बदले ऋण की मजबूत मांग तथा आवास ऋण में स्थिर वृद्धि शामिल है। औद्योगिक क्षेत्र में सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए वर्ष के दौरान कर्ज में वृद्धि की दर 33.1 प्रतिशत रही जो एक साल पहले की वृद्धि के 3.7 गुना से अधिक है।मझोले उद्योगों के लिए ऋण में वार्षिक आधार पर वृद्धि 21.7 प्रतिशत देखी गई।अवसंरचना, मूल धातुओं, रसायनों, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन क्षेत्र के लिए कर्ज में अच्छी वृद्धि दिखी है।

## चावल, चीनी के भाव बढ़े, गेहूं नरम

### दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी में भी तेजी देखी गयी जबकि में गिरावट रही।दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही।औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 30 रुपये बढ़कर 3,860 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी।गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,775 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।आटे की कीमत भी छह रुपये घट गयी।दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा।मसूर दाल औसतन 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मूंग दाल की 17 रुपये बढ़ गयी।तुअर दाल में 23 रुपये और चना दाल में सात रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गयी।मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 88 रिंगिट चढ़कर 4,710 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.88 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 77 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।पाम ऑयल की कीमत 69 रुपये और सोया तेल की 44 रुपये बढ़ गयी।

# सोना 1.49 लाख के पार

## चांदी भी 2,43,426 रुपए प्रति किलोग्राम

नई दिल्ली।

सोने और चांदी के भाव में मंगलवार को विपरीत रुख देखने को मिला। जहां एक ओर सोने की चमक बरकरार रही और उसके वायदा भाव में तेजी दर्ज की गई, वहीं चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर खबर लिखे जाने तक सोने का जून कॉन्ट्रैक्ट 1,49,550 रुपये के करीब कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी का जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 2,43,600 रुपये के आसपास बना हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने में तेजी और चांदी में नरमी का माहौल है। सोने के वायदा भाव में तेजी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर



सोने के बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट ने तेजी के साथ कारोबार शुरू किया। यह 410 रुपये की बढ़त के साथ 1,49,749 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,49,339 रुपये था। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 216 रुपये की तेजी के साथ 1,49,555 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। दिन के कारोबार में इसने 1,49,950 रुपये का उच्चतम और 1,49,472 रुपये का निचला स्तर छुआ। चांदी के वायदा भाव में गिरावट वहीं चांदी के वायदा भाव में मंगलवार को सुस्त शुरुआत देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 469 रुपये की गिरावट के साथ 2,43,426 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 2,43,895 रुपये था। वर्तमान में यह कॉन्ट्रैक्ट 295 रुपये की गिरावट के साथ 2,43,600 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान इसने 2,43,760 रुपये का उच्च और 2,43,263 रुपये का निचला स्तर देखा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोने के भाव में तेजी जारी रही और यह 17.40 डॉलर की बढ़त के साथ 4,550.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। सोने ने आज 4,534 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार की शुरुआत की थी। वहीं चांदी के वायदा भाव 0.31 डॉलर की मामूली गिरावट के साथ 73.21 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर देखे गए। कॉमेक्स पर चांदी ने 73.17 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार शुरू किया था।

### वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** घरेलू बाजार में वाहनों की मांग में पिछले कुछ समय से जारी तेजी वित्त वर्ष 2026-27 में भी बरकरार रही और अप्रैल में वाहनों की खुदरा बिक्री करीब 13 प्रतिशत सालाना बढ़कर 26.11 लाख के पार पहुंच गयी।वाहन डीलरों के शीर्ष संगठन फाडा द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में देश में कुल 26,11,317 वाहन बिके।यह आंकड़ा इस साल मार्च की तुलना में 3.01 प्रतिशत कम है जबकि पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 12.94 प्रतिशत अधिक है। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बताया कि छह में से पांच वाहन श्रेणियों में अप्रैल महीने का नया रिकॉर्ड बना है।

# रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे की बढ़त के साथ ही 95.20 पर बंद हुआ। मध्य पूर्व में सैन्य संघर्ष के कारण बाजार की अस्थिरता से दबाव में आज सुबह रुपये ने शुरुआती कारोबार में 20 पैसे टूटकर 95.43 का आंकड़ा छू लिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार खाड़ी में अस्थिरता से निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर मुड़ रहे हैं, जिससे अमेरिकी डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.30 प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन शुरुआती कारोबार में ही 95.43 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर फिसल गया। यह सोमवार को 39 पैसे टूटकर 95.23 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दिखाने वाला डॉलर सूचकांक भी 0.15 फीसदी बढ़कर 98.51 पर पहुँच गया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-130 DATE 5/5/2026 2026_UAD_503477_1 | संभाग क्रमांक 12 पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड अंतर्गत मछली मार्केट में चेंबर, ग्रिल पेंट, शटर पेंट, शटर मरम्मत, दीवाल मरम्मत एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 3 माह 6.49 लाख | 2000/- 6499/- | 22/5/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर

# 9 से 13 जून तक होगा ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों का सम्मेलन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## राज्य सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर 8 से 10 मई में होगी विभागीय समीक्षा

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गर्व का विषय है कि ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों का सम्मेलन 9 से 13 जून तक इंदौर में होने जा रहा है। विश्व की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के इस समूह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार और भू-राजनीतिक संवाद को बढ़ाना ब्रिक्स आंदोलन का उद्देश्य है। ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, युगांडा, मिस्त्र, सऊदी अरब, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड ,संयुक्त अरब अमीरात, कोलंबिया, इंडोनेशिया आदि 21 देश के मंत्री सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, नीति निर्धारक आदि भी सहभागिता करेंगे। यह 5 दिवसीय सम्मेलन पूर्ण गरिमा और गौरव के साथ हो, यह राज्य सरकार का दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी, मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में दी।



### सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि खरगोन के जलूद में मेगा सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण किया गया है। पीपीपी मोड पर 271 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित 60 मेगावाट क्षमता का यह पावर प्लांट नगर निगम इंदौर द्वारा ग्रीन बॉन्ड स्कीम के अंतर्गत लगाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जन भागीदारी से संचालित इस योजना में एक-एक लाख रुपए तक के 10 बॉन्ड तक लेने की अनुमति थी। इस पर वार्षिक 8.27 प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जाएगा। परियोजना की लागत 8 साल में प्राप्त हो जाएगी, यह परियोजना 20 साल तक कार्यरत रहेगी। इससे लगभग 35 से 60 करोड़ रुपए तक की बचत नगर निगम इंदौर को होगी। इस परियोजना से जन भागीदारी के माध्यम से आय प्राप्त करने के अवसर भी जन सामान्य को प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को अपने-अपने प्रभार के जिलों में नगरीय निकायों तथा अन्य संस्थाओं के माध्यम से सौर ऊर्जा आधारित इस प्रकार की परियोजनाओं की स्थापना और संचालन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

### 12 मई से पहले जिला विकास समितियों की बैठक का आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का ढाई वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है। दिनांक 8 से 10 मई के बीच विभागवार मंत्रीगण और विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा का कार्यक्रम निर्धारित किया जा रहा है। इसमें मंत्री गण अपने विभाग और अपने प्रभार के जिले की उपलब्धियां, नवाचार, आगे की कार्य योजना और चुनौतियों के बारे में जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि जिला विकास समितियों की बैठक 12 मई के पहले प्रभार के जिले में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के विभिन्न निगम/मंडलों में अशासकीय नियुक्तियां एवं नामांकन किए गए हैं। अपने-अपने विभाग में मंत्रीगण इन सभी का मार्गदर्शन एवं उन्मुखीकरण करें। राज्य स्तर पर भी इन सभी का एक दिवसीय उन्मुखीकरण आयोजित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भोपाल में 30 अप्रैल को किसानों के सशक्तिकरण और उनकी आय वृद्धि के उद्देश्य से कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के सभी 55 जिले, विकासखंड, क्लस्टर लेवल और ग्राम पंचायतों से कृषि से जुड़े 16 विभागों के 1627 चुनिंदा अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

### श्रमिकों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी श्रम स्टार रेटिंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में श्रम स्टार रेटिंग की अनूठी पहल शुरू की गई है। इसमें औद्योगिक संस्थाओं द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रतिष्ठानों को श्रम स्टार रेटिंग के माध्यम से आंकलन कर प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे कानूनों का बेहतर पालन करने वाले औद्योगिक संस्थानों क विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। प्रदेश में 554 कारखानों ने स्वेच्छा से श्रम स्टार रेटिंग की व्यवस्थ को अपनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे संस्थानों से उत्पाद क्रय करने और सेवाएं लेने में प्राथमिकता भी दी जाए जो श्रमिक भाइयों के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं।

# विकास कार्यों में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे हों कार्य: राज्यमंत्री श्रीमती गौर

भोपाल।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने आशिमा मॉल से बावड़ियाकलां चौराहे तक बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यह ओवरब्रिज क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नागरिकों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को एक माह में जमीन अधिग्रहण और भू-अर्जन की कार्यवाही पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने तथा कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## आशिमा मॉल से बावड़ियाकलां रेलवे ओवरब्रिज के लिए भू-अर्जन का कार्य एक माह में पूर्ण कर निर्माण करें शुरू

**अधिकारियों को दिए निर्देश** - राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने पिपलानी से खजूरी कलां तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए ट्रांसफॉर्मर और स्ट्रीट लाइट्स की पर्याप्त व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि उक्त स्थान पर नाली निर्माण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने ग्लोबल स्किल पार्क के पास पुलिया एवं मार्ग निर्माण के संबंध में अधिकारियों को 15 मई तक अतिक्रमण हटाकर अलाइनमेंट और अन्य आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने सोनागिरी सतनामी नगर से अयोध्या बायपास मार्ग और पुलिस थाना बागसेवनिया से एचडीएफसी बैंक तक मार्ग निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**गुणवत्ता का रखा जाए ध्यान** - राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर जनता को उनका वास्तविक लाभ पहुंचाना है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने और समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# पेरिस में बिखरी मध्यप्रदेश के बाग प्रिंट की आभा

## विकास आयुक्त श्रीमती अमृत राज के प्रयासों से मिली वैश्विक पहचान

भोपाल।



मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और हस्तशिल्प विरासत बाग प्रिंट ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रदेश की पारंपरिक कलाओं को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक प्रभावी कदम है। इस अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) श्रीमती अमृत राज के दूरदर्शी नेतृत्व और विशेष प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके मार्गदर्शन में हस्तशिल्पियों को वैश्विक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक सुदृढ़ कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे मध्य प्रदेश की कला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। श्रीमती अमृत राज के प्रयासों से ही स्थानीय शिल्पकारों को आधुनिक वैश्विक मांग के अनुरूप तकनीकी सहयोग और विपणन के अवसर प्राप्त हो रहे हैं, जिससे बाग प्रिंट जैसी दुर्लभ कला का पुनरुद्धार हुआ है। नेशनल अवार्डी शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री पेरिस में आयोजित यूरोप के सबसे प्रतिष्ठित मेले फ़ोयर डे पेरिस में बिलाल खत्री बाग प्रिंट का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दे रहे हैं। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा इन्हें चयनित किया गया है। उनके द्वारा प्राकृतिक रंगों और लकड़ी के ठप्पों के माध्यम से कपड़े पर उकेरी जा रही कलाकृतियां अंतरराष्ट्रीय दर्शकों और विशेषज्ञों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मेले के दौरान भारतीय दूतावास की थर्ड सेक्रेटरी सुश्री वर्धा खान और प्रथम सचिव श्री माधव आर. सल्फुले ने भारतीय पवेलियन का अवलोकन किया। उन्होंने बिलाल खत्री के कौशल की सराहना करते हुए स्वयं ब्लॉक प्रिंटिंग का अनुभव लिया। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति का अनमोल हिस्सा बताते हुए मध्यप्रदेश के शिल्पकारों के समर्पण की प्रशंसा की।

## ग्रामीण पेयजल संकट पर विधायक जयंत मलैया सख्त

**दमोह।** ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार पेयजल संबंधी शिकायतें प्राप्त होने के बाद दमोह विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल निगम, जिंदल कंपनी एवं विद्युत विभाग एमपीईबी के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में ग्रामवासियों द्वारा नियमित पेयजल सप्लाई नहीं मिलने की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने विधायक को अवगत कराया कि विद्युत सप्लाई बाधित होने के कारण पानी टंकियों तक नहीं पहुंच पाता जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल सप्लाई प्रभावित हो रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जलनिगम को जिस 33 केव्ही फीडर से बिजली मिलती हैए उस पर अधिक लोड होने से सप्लाई में बाधा आ रही है। इस पर विधायक जयंत मलैया ने अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश देते हुए संबंधित फीडर पर एबी स्विच लगाने को कहा। अधिकारियों ने 8 दिनों के भीतर स्विच लगाने का आश्वासन दिया है।

# श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में आधुनिक रेलवे प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

## फ्लाई ऐश के कुशल प्रबंधन एवं प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

भोपाल।

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया में फ्लाई ऐश के कुशल प्रबंधन एवं परिवहन के लिए एक आधुनिक रेलवे प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया है। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम गतिशक्ति परियोजना के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य देश में लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को सुदृढ़ करना और परिवहन को अधिक प्रभावी बनाना है। इस नवीन रेलवे प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब ताप विद्युत गृह से उत्पन्न फ्लाई ऐश का परिवहन अत्याधुनिक मशीनों एवं विशेष कंटेनरों के जरिए होगा। इसके लिए विशेष मशीनों का उपयोग किया जाएगा, जिससे लोडिंग व अनलोडिंग की प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, तेज व पर्यावरण के अनुकूल होगी। यह प्रणाली फ्लाई ऐश परिवहन के क्षेत्र में आधुनिकता और दक्षता का नया मानक स्थापित करेगी।



### प्रदूषण से मिलेगी मुक्ति

पूर्व में फ्लाई ऐश का परिवहन मुख्यत: सड़क मार्ग से बल्करों के माध्यम से तथा रेलवे के जरिए टारपोलिन से ढंके रैक के जरिए किया जाता था। इस पारंपरिक व्यवस्था में प्रदूषण की संभावना अधिक रहती थी तथा संचालन में भी कई व्यावहारिक चुनौतियाँ सामने आती थीं। नवीन रेलवे प्लेटफॉर्म के निर्माण से इन समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हुआ है। अब फ्लाई ऐश का परिवहन अत्यल्प प्रदूषण के साथ सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से किया जा सकेगा।

### सुगम समाधान है आधुनिक प्लेटफॉर्म

यह आधुनिक रेलवे प्लेटफॉर्म 630 मीटर लंबा है और इसका निर्माण लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया गया है। प्लेटफॉर्म की विशेषता यह है कि इस पर संपूर्ण रेल रैक को एक साथ खड़ा किया जा सकता है, जिससे खास कंटेनरों एवं वैगनों में फ्लाई ऐश तथा अन्य सामग्री की लोडिंग-अनलोडिंग अत्यंत सुगमता से की जा सकती है। यह व्यवस्था न केवल संचालन को सरल बनाएगी, बल्कि लंबी दूरी तक फ्लाई ऐश के परिवहन को अधिक किफायती और प्रभावी भी बनाएगी।

# बरगी डैम की दुखद घटना को लेकर युवा कांग्रेस का कैंडल मार्च

**दमोह।** ग्राम नोहटा में युवा कांग्रेस द्वारा बरगी डैम में हुई हृदयविदारक घटना को लेकर श्रद्धांजलि स्वरूप कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दुखद हादसे में दिवंगत हुए मासूम लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया। कार्यक्रम में यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ष्यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है, जिसके जिम्मेदार पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी है, जिन्होंने रिश्वत लेकर बैन क्रूज भी चलने दिए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यटन विभाग के डक् दिलीप कुमार यादव को हादसे का प्रमुख जिम्मेदार ठहराया और दोनों के इस्तीफे की मांग की। दमोह युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दृगपाल सिंह लोधी ने कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाये




उन्होंने कहा कि शांति पूर्ण कैडल मार्च में भी जरूरत से ज्यादा पुलिस बल तैनात किया गया जिसमें 4 अलग अलग थाना प्रभारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, इसके पीछे उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की तानाशाही बताई।

कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना अवंति बाई लोधी की मूर्ति के पास बने प्रांगण से होनी थी लेकिन पूर्व मे ही वहां पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर दी गई थी। मूर्ति पर माल्यार्पण करने से भी रोका गया था लेकिन दृगपाल सिंह लोधी ने बताया कि यहां पुलिस प्रशासन ने मंत्री का आदेश न मानकर स्वविवेक से निर्णय लिया और युवा कांग्रेसियों को माल्यार्पण करने दिया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दृगपाल लोधी, राव लाखन सिंह, राजा भैया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर, गोविन्द तिवारी, अरुण दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष रजक, ब्लॉक अध्यक्ष ओपी शर्मा, वीर लोधी, राजा खान, धन सींग गोंड, सचिन तिवारी, अखिलेश सोनी, धर्मेंद्र गोलू तिवारी, श्रीकांत पोर्ते, पूरन लोधी, प्रवीण राय, मोतीलाल यादव मनीष राज, नीलेश लोधी, खुमान सिंह, रवि सोनी, दुर्गेश नामदेव, राघवेंद्र लोधी, शिवम विश्वकर्मा, नरेंद्र प्रताप, वीर पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।



# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बांदकपुर धाम में किया जलाभिषेक

**दमोह।** श्री जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर की पावन नगरी में सोमवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी पहुंचे। यहां उन्होंने श्री जागेश्वर नाथ धाम में विधि.विधान से जल अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सोलंकी ने मंदिर के द्वारा स्थापित धेनुवन गोवर्धन पर्वतद्ध पर आंवले के वृक्ष का रोपण भी किय। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने पौधरोपण के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान टीआई सिटी मनीष कुमार, एएसआई कमलेश सैनीए शिवम पाठक समेत पुलिस व न्यायालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर की मूलभूत व्यवस्थाएं सुढ़ृण सुनिश्चित की जाएं : कलेक्टर

## कलेक्टर ने दिए नाली-पाइपलाइन क्षति और अधूरे कार्यों को समय सीमा पर पूर्ण के निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव हटा पहुंचे। उन्होने यहां नगरपालिका सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक में पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुढ़ृण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा लोगों द्वारा दिए गए सुझावों और बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए वे स्वयं अधिकारियों के साथ यहॉ पहुंचे। उन्होने यहां पानी की समस्या, साफ सफाई की अव्यवस्था, सड़कें और बिजली से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। इन समस्याओं के समाधान के लिये कलेक्टर श्री यादव नें संभागीय और प्रदेश स्तर के अधिकारियों को तत्काल स्थल निरीक्षण कर सुढ़ृण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जल परियोजना की स्थिति का निरीक्षण कर कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए ताकि नगर में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर वार्ड की जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार कर्मचारियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुबह और शाम दोनों समय सफाई की निगरानी होनी चाहिए जिसमें सुपरवाइजर और सीएमओ की सक्रिय भूमिका जरूरी है। उन्होने पार्षदों से भी अपेक्षा जताई कि वे अपने-अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था पर नजर रखें और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें ताकि स्थायी सुधार हो सके।

### शिकायतों पर लिया संज्ञान

उन्होने निष्क्रिय पड़े ई रिक्शा को लेकर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने सीएमओ को तत्काल वाहनों को चालू करवाने के निर्देश दिए। ताकि संकरी गलियों में भी सफाई कार्य बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। शहर में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्टर ने गंभीर रुख अपनाया। उन्होंने कहा एमपीआरडीसी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान नालियों और पाइपलाइन को क्षति पहुंचाया गया है जिससे स्थानीय पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रहा है, इसके अलावा कई सड़कों के लंबे समय से अधूरे और खुदे होने की शिकायतें भी सामने आईं।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 5/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विमला बाई पति स्व. दयाराम (2) श्री सुधीर कुमार बर्मन (3) संजय कुमार बर्मन पिता स्व. दयाराम ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भवन क्रमांक 999-1000 पावर हाउस के पास संपत्ति के पिन क्रमांक 1000448881 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 543 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 437 व.फु. प्रथम तल 437 व.फु. पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र, त्याग पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री दयाराम बर्मन पिता स्व. श्री घासीराम बर्मन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सत्यमेव जयते तहसील परिसर जबलपुर में स्थित दुकान क्रमांक 01 श्री महेश लाल यादव पिता श्री विद्या धर यादव को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.09.2012 को निष्पादित हुआ है। आवंटी श्री महेश लाल यादव पिता श्री विद्या घर यादव का निधन दिनांक 23.10.2025 को हो गया है एवं उनकी पत्नि श्रीमती प्रश्नावती यादव का भी निधन दिनांक 09.09.2018 को हो गया है। उनके पुत्र श्री अखिल यादव पिता स्व. श्री महेश लाल यादव के द्वारा उनके पक्ष में नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एलआईजी-871 श्रीमती तारा बाई बाल्मिक पति श्री प्रेम लाल बाल्मिक के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30.01.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती तारा बाई बाल्मिक पति श्री प्रेमलाल बाल्मिक ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13/10/2025 के माध्यम से श्रीमती रोहणी रजक पति श्री बिहारी लाल रजक को विक्रय किया है। अत श्री रोहणी रजक द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित दमोहनाका कालोनी जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक 788 का आवंटन श्रीमती ममता दुबे पति श्री स्व. अरविंद कुमार दुबे को आवंटित है। श्रीमती ममता दुबे का निधन दिनांक 13/8/2020 को होने के पश्चात उनके नामिनी श्री अशुतोष दुबे, श्री अभिनंदन दुबे, श्री अभिषेक दुबे आत्मत स्व. श्री अरविंद कुमार दुबे द्वारा यह भूखण्ड उनके पक्ष में नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को नामांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



> पोस्टर के माध्यम से चलाया जनजागरूकता अभियान

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पुलिस की पहल

**जबलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की उद्देश्य से पुलिस द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में पोस्टर के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा दो पहिया वाहनों को हैलमेट पहनने की समझाइश भी दी गई। इसके साथ ही ऐसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाते पाये गये है ,उनके विरूद्व जबलपुर पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही की गई  इसी के साथ 175 से अधिक वाहन चालको के ड्रायविंग लायसेंस निलंबन की कार्यवाही हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जबलपुर को प्रकरण भेजे गये है।

> कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

## जनसुनवाई में पहुंचे 102 शिकायतों के आवेदन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। साप्ताहिक जनसुनवाई में आज नागरिकों से कुल 102 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें दोबारा आये 37 आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर आवेदन अतिक्रमण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकार्ड सुधार, अवैध कब्जाव, संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता आदि से संबंधित आवेदन थे।





# भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे एमईएस के सस्पेंड ईई को मप्र हाईकोर्ट से झटका

### निलंबन को दी गई थी चुनौती

### डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट ने मिल्ट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमईएस) के सस्पेंडेड एग्जीक्यूटिव इंजीनियर धीरज कुमार को राहत देने से साफ इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार से जुड़े गंभीर आरोपों वाले मामले में फिलहाल न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है, खासकर तब जब जांच एजेंसी द्वारा कई एफआइआर दर्ज की जा चुकी हों। यह आदेश जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस



प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने सुनाया, जिसमें याचिकाकर्ता द्वारा अपने निलंबन को चुनौती दी गई थी। दरअसल धीरज कुमार, जो एमईएस जबलपुर में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे, उनके खिलाफ गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए। एके रहमान ने उसके खिलाफ पीएमओ और सेन्ट्रल विजिलेंस कमिश्नर के समक्ष शिकायतें भेजी थीं। इन शिकायतों के आधार पर विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने अपने निलंबन को चुनौती देते हुए दलील दी कि मामला पहले से ही कैट में लंबित है, लेकिन वहां से राहत न मिलने के कारण उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### सीबीआई में दर्ज एफआइआर

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गंभीर कदाचार के आरोप हैं। सीबीआई द्वारा 5 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। केंद्र सरकार ने तर्क दिया कि इतने गंभीर मामलों में कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए माना कि आरोपों की प्रकृति गंभीर और जांच योग्य है। इस स्तर पर निलंबन आदेश में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। न्यायिक समीक्षा का दायरा सीमित है, खासकर जब जांच जारी हो। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि निलंबन एक अंतरिम प्रशासनिक कार्यवाही है, जिसे जांच के दौरान बनाए रखा जा सकता है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की याचिका खारिज कर दी और निलंबन आदेश में कोई राहत देने से इंकार किया। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कैट मामले का गुण-दोष के आधार पर स्वतंत्र रूप से निर्णय करेगा। यानी, याचिकाकर्ता के पास अभी भी कैट के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर बना रहेगा।

# मेरिट सूची में आकर हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ाया संस्थान का गौरव

### मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की बीडीएस वार्षिक परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी दन्त चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की बीडीएस तृतीय वर्ष सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम दस की मेरिट सूची में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे मध्य प्रदेश में क्रमशः तीसरा, पांचवा, सातवां, एवं दसवां स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हितकारिणी सभा के सचिव बाबू विश्वमोहन, महाविद्यालय शासी निकाय की अध्यक्षा सुनैना पटेरिया, निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

***इन विद्यार्थियों ने अर्जित किया स्थान***- मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की बीडीएस तृतीय वर्ष सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में मिहिका चतुर्वेदी ने मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही जैस्मिन खान ने पांचवा , जसकिरत सिंह मोंगिया ने सातवां और शुभिका तुली ने दसवां स्थान अर्जित किया है।

# ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार अनियंत्रित होकर पलटी सवारियों से भरी बस





### गोसलपुर क्षेत्र में भीषण हादसा, कई यात्री घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर इलाके में मंगलवार को सुबह के वक्त एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पर कटनी से जबलपुर आ रही तेज रफ्तार यात्री बस गोसलपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 50 से अधिक यात्री घायल हुए हैं, जिनमें 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे एनएच 30 पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस ने आगे चल रहे गेहूं से भरे ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और बस भी अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को भी दे दी गई है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोसलपुर और सिहोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 108 व निजी वाहनों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

***घायलों को मेडिकल कॉलेज किया रेफर***- इस हादसे के बाद घायलों का इलाज सिविल अस्पताल सिहोरा और मेडिकल कॉलेज में जारी है। पुलिस के मुताबिक 18 घायलों का इलाज गोसलपुर में, 21 का सिहोरा अस्पताल में, जबकि 6 गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे को लेकर गोसलपुर थाना प्रभारी गाजीवती पुषाम ने बताया कि यह हादसा बस चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है। ओवरटेक करने के प्रयास में बस ट्रैक्टर से जा टकराई। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जयपुर तक संचालित होगी जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के कनकपुरा यार्ड में लाइन विस्तार और तकनीकी सुधार कार्य के चलते पमरे से होकर गुजरने वाली और यहां से संचालित होने वाली कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 14814 (भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस) यह ट्रेन 5, 8, 12, 13 एवं 14 मई को भोपाल से जोधपुर के मध्य पूरी तरह निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 14813 (जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस) यह  7, 11, 12 एवं 13 मई को जोधपुर से भोपाल के बीच रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 79601 (अजमेर जंक्शन-गंगापुर सिटी जंक्शन एक्सप्रेस) यह गाड़ी 12 मई  को अजमेर जंक्शन से गंगापुर सिटी के मध्य नहीं चलेगी। गाड़ी संख्या 79602 (गंगापुर सिटी जंक्शन-अजमेर जंक्शन एक्सप्रेस) 12 मई को यह गाड़ी गंगापुर सिटी और अजमेर के बीच निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12181 (जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस) यह गाड़ी 5, 8, और 11 से 14 मई तक जबलपुर से अजमेर के बजाय केवल जयपुर तक ही संचालित होगी। यानी यह ट्रेन जयपुर और अजमेर स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12182 (अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस) 5, 6, 9 और 12 से 15 मई तक यह ट्रेन अजमेर के बजाय जयपुर से संचालित होगी।

# सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें: डीईओ

### निजी विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ आयोजित हुई बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के निर्देशन में आज संस्कृति थियेटर, कल्चरल स्ट्रीट, भंवरताल में सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध निजी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विद्यालयों में स्वच्छता, गुणवत्ता शिक्षा, छात्रहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संसाधनों के सुव्यवस्थित प्रबंधन को सुनिश्चित करना रहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं एवं कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से विद्यालयों को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत परिसर की स्वच्छता बनाए रखने, नामांकन वृद्धि हेतु सक्रिय प्रयास करने, पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सभी प्राचार्यों एवं प्रबंधकों द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की गई तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान नगर निगम के अधिकारियों द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी सीईओ अरविन्द शाह तथा अपर आयुक्त देवेंद्र चौहान ने बताया कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने विद्यालय के साथ-साथ पूरे शहर को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दे।

## फ्लाईओवर के वायरल हुए वीडियो पर पीडब्लूडी ने दी सफाई

**जबलपुर।** दमोह नाका-महल फ्लाइओवर से मदनमहल स्टेशन के समीप कंक्रीट के टुकड़े गिरने के वायरल हुये वीडियो पर लोक निर्माण विभाग ने वास्तविक स्थिति स्पष्ट की है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहा मटेरियल फ्लाईओवर के मूल स्ट्रक्चर का हिस्सा नहीं है। यह बॉक्स सेगमेंट एवं डेक स्लैब के ज्वाइंट का स्लरी वाला भाग है। यह मटेरियल डी-शटरिंग के दौरान सतह पर चिपका रह जाता है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि न तो यह तकनीकी खामी है और न ही इससे फ्लाईओवर के मूल स्ट्रक्चर को किसी प्रकार नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि टेम्प्रेचर वेरिएशन के कारण कई बार यह चिपिंग मटेरियल सतह से निकल जाता है, जैसा कि वीडियो में प्रदर्शित हो रहा है।

## बरगी क्रूज़ हादसा: दोषियों पर दर्ज होगी एफआइआर



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरगी डैम में विगत 30 अप्रैल को हुए क्रूज़ हादसे के मामले में जबलपुर जिला अदालत ने सख्त कदम उठाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डीपी सूत्रकार की अदालत ने मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए क्रूज़ चालक और अन्य स्टाफ सदस्यों के विरुद्ध तत्काल एफआइआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यात्रियों को मरता हुआ छोड़कर भागना न केवल कायरता है, बल्कि एक गंभीर आपराधिक कृत्य है। यात्रियों को डूबता छोड़ना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा अदालत ने अपने आदेश में बेहद तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि क्रूज चालक को नाव की गतिविधियों और खतरे का पूरा आभास था। इसके बावजूद, उसने संकट के समय यात्रियों को बचाने का प्रयास करने के बजाय उन्हें मौत के मुंह में छोड़ दिया और स्वयं की जान बचाकर भाग निकला। कोर्ट ने इसे समाज के लिए एक खतरनाक संकेत बताया और कहा कि यदि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में भी नाव या क्रूज संचालक ऐसी ही संवेदनहीनता दोहराएंगे। न्यायालय ने बरगी थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की निम्नलिखित धाराओं में मामला दर्ज किया जाए।





# हितकारिणी समर कैंप में छात्र सीख रहे हर रोज नई विधाएं

### खेलकूद से लेकर थिएटर मंचन तक का आयोजन, बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे छात्र

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा विद्या परिषद द्वारा आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन नई विधाएं सीख रहे हैं । विद्या परिषद द्वारा आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ष समर कैंप में लगभग 170 छात्र छात्राएं प्रतिभागी है। उल्लेखनीय है कि हितकारिणी सभा द्वारा प्रतिवर्ष समर कैंप का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष भी 1 में से 15 मई तक समर कैंप आयोजित है । इसमें खेलकूद गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य विधाएं भी सम्मिलित की गई है। थिएटर मंचन, जुंबा एवं पिकल बॉल तथा मेडिटेशन इनके अतिरिक्त समर कैंप में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा वॉलीबॉल कबड्डी खो-खो एवं योग में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। समर कैंप में छात्र-छात्राएं अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न खेलो एवं अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । इसी क्रम में आज दिनांक 6 मई को शहीद स्मारक गोल बाजार में जुंबा एवं पिकल बॉल खेल का प्रशिक्षण दिया जाना है । जिसमें जुंबा के लिए जबलपुर की जानी-मानी प्रशिक्षक मुक्ता तिवारी छात्रों को जुंबा का प्रशिक्षण प्रदान करेंगी एवं शहीद स्मारक में पिकल बल के विशेषज्ञ छात्र-छात्राओं को इस नए खेल के बारे में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे । समर कैंप में स्कूली छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त इस वर्ष कॉलेज के छात्रों को भी अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्य रूप से विवेचना रंग मंडल एवं हितकारिणी सभा के संयुक्त आयोजन के अंतर्गत आयोजित थिएटर मंचन एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षित होने के उपरांत , शहीद स्मारक में नाटक का मंचन किया जाएगा।

### फैक्ट्रियों का कराया जाएगा भ्रमण

इसी क्रम में 8 मई को छात्र-छात्राओं को कोका-कोला फैक्ट्री, आरके बिस्कुट फैक्ट्री एवं आकाश नमकीन फैक्ट्री रिछाई का भी भ्रमण कराया जाएगा। जिससे छात्र-छात्राओं को इसके बारे में विभिन्न जानकारियां प्राप्त होंगी । समर कैंप का उद्देश्य छात्र-छात्राओं की रुचि के अनुसार उन्हें विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित करना एवं उन्हें अन्य विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान करना है,समर कैंप मैं मुख्य रूप से, विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर तथा प्रशिक्षकों में गजेंद्र वैद्य, दिनेश ठाकुर, शेखर खंपरिया, राजेंद्र तिवारी एवं शानू यादव, मुक्ता तिवारी एवं विवेचना रंग मंडल से विवेक पांडे तथा संतोष राजपूत एवं संगीता मैडम तथा संयोजक राजीव श्रीवास्तव का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है ।

South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

| | |
| --- | --- |
| RAJA SHIVAJI (HINDI) | 9:45 PM<br>RUBY 10:15 AM |
| EK DIN (HINDI) | RUBY 1:40 PM, 4:00 PM |
| THE DEVIL WEARS PRADA 2 (ENG) | RUBY 8:00 PM |
| MICHAEL (ENG) | RUBY 10:00 AM, 3:00 PM, 5:25 PM & 10:20 PM |
| BHOOTH BANGLA (HINDI) | 9:20 AM, 12:30 PM, 3:45 PM, 7:00 PM & 10:15 PM<br>RUBY 6:20 PM, 9:15 PM |
| LEE CRONIN'S THE MUMMY (HINDI) | 10:45 AM<br>RUBY 12:30 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HINDI) | 1:30 PM, 5:45 PM |

@moviemagic_jbp
MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507
Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**